# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा का आरोपित गिरफ्तार

**पॉली (एसएनबी)**। मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में आरोपित एवं फरार चल रहे अभियुक्त ओम प्रकाश यादव निवासी सुरगहना को सहजनवां पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस आरोपित को बीएनएस की धारा 191, 126, 131, 115 ,121, 352,351 में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# फलमंडी के पास युवक की गला रेतकर हत्या

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शुक्रवार की दोहर रामगढ़ताल इलाके के फलमड़ी के पास बागीचे में दावत के दौरान दोस्तों के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान 26 वर्षीय रमेश निषाद की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद मौके से हत्यारोपित फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया। हत्या के पीछे दोस्तों से विवाद की बात सामने आयी है। लेकिन चर्चा है कि बुआ के घर के पास दस दिन पूर्व कमरे में युवक को बंद कर पिटाई की गयी थी। इस दौरान इंस्पेक्टर रामगढ़ताल को सूचना दी गयी लेकिन उन्होंने कोई एक्शन नहीं लिया था।

- गुलरिहा, सरैया का रमेश निषाद बुआ के घर रहकर करता था मजदूरी
- बागीचे में दावत के दौरान सब्जी काटने वाले चाकू से दोस्तों ने रेता था गला
- दस दिन पूर्व बुआ के घर कमरा बंद कर हुई थी मारपीट

जानकारी के अनुसार गुलरिहा थाने के सरैया निवासी रमेश निषाद पुत्र स्व: रामवेलास 26वर्ष चाचा इंदल के साथ मंडी के पास किराये पर रहता था। मृतक की बुआ सेमरा देवी प्रसाद कठउर थाना रामगढ़ताल के घर के पास बगीचे में दोस्तों के साथ आज दोपहर में मुर्गो के मीट का पार्टी करने पहुंचा था। पार्टी के दौरान शराब का सेवन करने के बाद आपस में विवाद कर लिये। विवाद के दौरान दोस्त ने ही प्याज काटने वाले चाकू से रमेश का गला रेत दिया जिससे वह अचेत हो गया। वारदात के बाद मौके से दोस्त फरार हो गए। घटना की जानकारी उसके बुआ को हुई तो वहां के लोग रमेश को उपचार कराने के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने रमेश को मृत्यु घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

टीपी नगर प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रमेश परिवार केसाथ किराये के मकान में रहता था। पत्नी और बच्चों के साथ रमेश किराये के मकान में रहता था। रमेश के माता-पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। दो बहनों की शादी हो गयी है। रमेश की हत्या के बाद मौके पर पहुंचे एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि दोस्तों के साथ दावत के दौरान विवाद हुआ जहां सब्जी काटने वाले चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या में शामिल आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगी हैं।

# 13 चौकी प्रभारियों का तबादला, कई को चौकी

**गोरखपुर (एसएनबी)।** एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने तेरह चौकी प्रभारियों का तबादला कर दिया। इनमें बहुतेरे को चौकी से बेदखल होना पड़ा और कुछ को नई जिम्मेदारी दी गयी है।

- घघसरा चौकी प्रभारी वीरेन्द्र बहादुर सिंह बने

पुलिस कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी शुभम श्रीवास्तव नौसढ़ चौकी प्रभारी, रवि प्रकाश कुंवर डांगीपार से मोहद्दीपुर, शशि किरण सिंह पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी भटहट, राजीव तिवारी पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी उनवल, अखिलेश कुंवर थाना एम्स सो चौकी प्रभारी अजाद नगर, संतोष कुमार सिंह पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी बलुआ, राकेश पांडेय पुलिस लाइन से हरनही, वीरेन्द्र बहादुर सिंह बड़हलगंज से चौकी प्रभारी घघसरा, जितेन्द्र निर्मन रामगढ़ताल से चौकी प्रभारी सिक्टौर आदित्य उपाध्याय चौकी प्रभारी महादेवा बाजार से चौकी प्रभारी कस्बा बड़हलगंज ,विशाल राय पुलिस लाइन से चौकी प्रभारी भड़सार सूर्यकांत पुलिस लाइन से डांगीपार और सौरभ झा थाना पिपराइच से चौकी प्रभारी तरकुहा में तैनाती दी गयी है।

# प्रतिमा विसर्जन को निगम ने तैयार कराया अस्थाई तालाब

**गोरखपुर (एसएनबी)।** भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए राप्ती तट पर दो तथा महेसरा व डोमिनगढ़ में एक-एक अस्थाई पोखरा का निर्माण कराया है। अब पोखरों में पानी भरने का काम किया जा रहा है। पोखरों तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड बनाने व बैरिकेडिंग लगाने का काम पूरा हो चुका है। पथ प्रकाश की भी व्यवस्था की गई है। शुक्रवार को मुख्य अभियंता संजय चौहान ने प्रतिमा विसर्जन के लिए बनाए गए अस्थाई तालाबों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य अभियंता संजय चौहान ने अधिशासी अभियंता अशोक कुमार, सहायक अभियंता नर्वदेश्वर पाण्डेय और अवर अभियंता विवेकानंद सिंह एवं रंजीत कुमार को निर्देशित किया कि तालाब का पानी कम होने पर तत्काल भरा जाए। विसर्जन वाले दिन मौके पर जेसीबी और पोकलेन भी रखें जिससे प्रतिमा विसर्जन में किसी तरह की दिक्कत न आये। अधिशासी अभियंता अमरनाथ, सहायक अभियंता नवीन श्रीवास्तव,अवर अभियंता अतुल कुमार एवं सूरज शर्मा की भी डयूटी लगाई गई है।

# भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तालाब तैयार

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर निगम प्रशासन ने चार अस्थायी तालाब तैयार करा लिए हैं। इनमें पानी भी भर दिया गया है। राप्ती नदी किनारे एकला बांध पर दो और महेसरा व डोमिनगढ़ में एक-एक अस्थायी पोखरे का निर्माण कराया गया है।

श्रद्धालुओं की सुविधा और उनकी सुरक्षा को लेकर भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। पोखरों तक सुगमतापूर्वक जाने के लिए एप्रोच मार्ग दुरुस्त कर बैरिकेडिंग की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर विसर्जन मार्ग और वीआइपी मार्गों पर सीसी कैमरे भी लगाए जाएंगे। शुक्रवार को मुख्य अभियंता संजय चौहान ने प्रतिमा विसर्जन के लिए बनाए गए अस्थायी तालाबों का निरीक्षण किया और कुछ कमियों को जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। विसर्जन वाले दिन मौके पर जेसीबी और पोकलेन भी मौजूद रहेगी ताकि प्रतिमा विसर्जन में दिक्कत न आए। वहां पथ प्रकाश की भी व्यवस्था की जा रही है।

उधर, गणेश प्रतिमा विसर्जन के साथ ही दुर्गा प्रतिमा और लक्ष्मी प्रतिमा शोभा यात्रा मार्ग और विसर्जन मार्ग के अलावा शहर के वीआइपी मार्गों पर सुरक्षा के लिए नगर निगम सीसी कैमरे लगाएगा। इसके लिए 44 स्थान चिह्नित किए गए हैं जहां 175 कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों को नगर निगम कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा।



गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन की प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। शुक्रवार को राजघाट के पुरानी चुंगी पर स्थापित प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में काफी संख्या में भक्ति भाव में लीन श्रद्धालु नाचते गाते राप्ती तट पहुंच कर प्रतिमा को विसर्जित किए • पंकज श्रीवास्तव

**इन स्थानों पर लगेंगे सीसी कैमरे :** जिन स्थानों को चिह्नित किया गया है उसमें नगर निगम मुख्य द्वार, जलकल भवन, मल्टीलेवल पार्किंग गोलघर, नगर निगम स्टोर सिविल लाइन, रैन बसेरा रेलवे रोड, रैन बसेरा छात्रसंघ चौराहा, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, नगर निगम वर्कशॉप, जोनल आफिस लालडिग्गी, सूरजकुंड, राप्ती नगर, कल्याण मंडपम सूरजकुंड, गोरखनाथ मंदिर के बाहर, कल्याण मंडपम खोराबार, रैन बसेरा धर्मशाला, रैन बसेरा टीपी नगर, इंदिरा बाल विहार, बेतियाहाता चौक, घोष कंपनी चौराहा, बस स्टेशन, काली मंदिर तिराहा, कूड़ाघाट तिराहा, गोवि गेट, तरंग क्रासिंग, टीडीएम तिराहा, शास्त्री चौक, कचहरी चौराहा, नगर निगम परिसर, सर्किट हाउस, फिराक चौराहा, गोवि चौराहा, टीपी नगर चौराहा, राजघाट एकला बांध, नौसढ़ तिराहा, रेती चौक, नखास चौराहा, दुर्गाबाड़ी तिराहा, गोरखनाथ ओवरब्रिज शामिल है।

- गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन और वीआइपी मार्ग पर नगर निगम लगवाएगा सीसी कैमरे
- राप्ती किनारे एकला बांध पर दो और महेसरा व डोमिनगढ़ में एक-एक तालाब तैयार

## गणपति को अर्पित किया छप्पन भोग, गूंजा जयघोष

गोरखपुर : गणेशोत्सव में शुक्रवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। दर्शन-पूजन कर अपनी आस्था अर्पित की। सुबह-शाम पूजन व आरती से वातावरण भक्तिमय हो गया था। उत्सव-उल्लास का वातावरण था। गणेशोत्सव मिर्जापुर में भगवान गणेश को छप्पन भोग अर्पित किया गया। मंत्रोच्चार के बीच पूजा-आरती व भजनों से वातावरण भक्ति से ओतप्रोत हो गया था। नंदू मिश्रा ने अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। कनकेश्वरी नंद गिरि ने पूजा-आरती की। कच्ची बगिया में भजन संध्या आयोजित की गई। दिल्ली से आए गायकों ने अनेक भजनों की प्रस्तुति दी। पांडेयहाता में भगवान गणेश को 501 किलो लड्डू का भोग लगाया गया। इसी क्रम में धर्मशाला बाजार, साहबगंज, सुमेर सागर, घासीकटरा, कूड़ाघाट, पादरी बाजार समेत विभिन्न मोहल्लों में आयोजित उत्सव में पूजा-आरती से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

❝ शहर की सफाई और सुरक्षा के दृष्टिगत विसर्जन, शोभयात्रा और वीआइपी मार्गों पर सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। आइसीसीसी से जोड़कर इन स्थानों की निगरानी की जाएगी। विसर्जन के लिए सभी पोखरे तैयार कर लिए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

संजय चौहान, मुख्य अभियंता, नगर निगम

# खेत में मिलीं युवक–युवती के खून से सनी चप्पलें

जासं, गोरखपुर : खोराबार के सनहा गांव से शुक्रवार की भोर में युवक और युवती संदिग्ध परिस्थिति में लापता हो गए। तलाश में जुटे युवक के स्वजन को घर के पीछे खेत में दोनों की खून से सनी चप्पलें मिलीं। युवक के स्वजन हत्या की आशंका जता रहे हैं, वहीं युवती का परिवार घर पर ताला बंद कर फरार है। फोरेंसिक व डाग स्क्वायड टीम के साथ पहुंचे एसपी सिटी व सीओ कैंट ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। युवती के भाई के मित्रों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। युवक की मां ने गांव के ही पांच लोगों पर हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।



आजाद निषाद • सौ. इंटरनेट मीडिया



रोते–बिलखते आजाद निषाद के स्वजन • जागरण

सनहा गांव निवासी बेचू निषाद का बेटा आजाद मछली पालन का काम करता है। घर से 500 मीटर की दूरी पर स्थित पोखरा को उसने 20 हजार रुपये प्रति वर्ष के हिसाब से किराये पर लिया है। रोजाना की तरह शुक्रवार की भोर में चार बजे आजाद मछली की रखवाली करने पोखरे की तरफ निकला था। सुबह 10 बजे तक घर न लौटने पर परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। इस बीच गांव की महिलाएं उसके घर के पीछे स्थित खेत की तरफ घास काटने गईं तो खून से सनी दो जोड़ी चप्पल (लेडीज व जेंट्स) देखकर शोर मचाया। मामले की जानकारी होने पर पहुंचे आजाद के स्वजन चप्पल देखकर रोने लगे। हत्या की आशंका जताते हुए उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर मिली लेडीज चप्पल गांव की युवती की बताई जा रही है, जिससे आजाद का प्रेम-संबंध था। हत्या की सूचना पर एसपी सिटी अभिनव त्यागी, सीओ कैंट अंशिका वर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गईं। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद फोरेंसिक और डाग स्क्वायड टीम को बुलाया गया। फोरेंसिक टीम ने दोनों चप्पल और उस पर लगे खुन का सैंपल जांच के लिए एकत्र किया। आजाद की मां सोनमती का आरोप है कि गांव के ही विजय, दीपक, विकास, पिंटू और राहुल निषाद ने कुछ दिन पहले बेटे की हत्या करने की धमकी दी थी। इन्होंने ही मारकर शव छिपा दिया है।

> युवक व युवती की तलाश चल रही है। खोजी कुत्ता राप्ती नदी के तट तक गया था। एसडीआरएफ के गोताखोर ने देर शाम तक तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। शनिवार की सुबह फिर से अभियान शुरू किया जाएगा। सर्विलांस की मदद से भी छानबीन चल रही है। जल्द ही गुत्थी सुलझा ली जाएगी।
>
> **अभिनव त्यागी**, सपी सिटी

**नदी तक गया खोजी कुत्ता** : खोजी कुत्ता खेत में मिली चप्पलों के पास से 500 मीटर की दूरी पर स्थित नदी के किनारे तक गया और घटनास्थल पर वापस लौट आया। यह देखकर स्वजन हत्या कर शव को नदी में फेंकने की आशंका जता रहे हैं। जिस युवती की चप्पल होने की बात सामने आई, पुलिस उसके घर पहुंची तो घर पर ताला बंद था। युवती भी लापता है या परिवार के साथ घर छोड़कर चली गई है।

# प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या, शव गायब

**गोरखपुर (एसएनबी)**। शुक्रवार को खोरावार के सनहा के बारी टोला निवासी युवक को प्रेम प्रसंग में हत्या कर शव गायब कर दिया गया। मृत युवक की मां की तहरीर पर पुलिस गांव की ही एक युवती और उसके चचेरे भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच कर रही है। समाचार लिखने तक शव की बरामदगी नहीं हुई थी। आरोपी परिवार घर पर ताला बंद कर फरार है।

## एसएसपी ,एसपी सिटी ,सीओ कैंट मौके पर पहुंचे,जांच शुरू

- गांव के बाहर चरी के खेत में खून के छीटे व युवक व युवती का चप्पल मिला
- संघर्ष के बाद युवक की हत्या की आशंका, शव गायब
- पड़ोसी युवती सहित परिवार के लोग मकान में ताला बंदकर फरार



**खोराबार में आजाद की मौत के बाद रोते बिलखते परिजन।** आजाद की फाइल फोटो (इनसेट)

खोराबार प्रतिनिधि के अनुसार खोराबार थाने के सनहा टोला बारी निवासी बीस वर्षीय आजाद निषाद पुत्र बेचू निषाद मछली पालन का कारोबार करता था। शुक्रवार की अलसुबह वह करीब चार बजे घर से पोखरे पर मछली की रखवाली के लिए निकला था। तभी से वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने आजाद की खोजबीन की तो उसके घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर चरी के खेत में आजाद का चप्पल व खून का धब्बा मिला। उसके पास ही युवती का चप्पल भी मिला। इससे परिजनो को यह आभास हो गया कि आजाद की हत्या कर शव को हत्यारों ने ठिकाने लगा दिया। गांववालों ने घटना की जानकारी खोराबार पुलिस को दी। खबर मिलते ही एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ,एसपी सिटी अभिनव त्यागी और सीओ कैंट अंशिका वर्मा मौके पर पहुंचे कर जांच पड़ताल किया।

एसपी सिटी ने बताया कि मौके पर जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि पड़ोस की रहने वाली 25 वर्षीया युवती ज्योति निषाद और आजाद के बीच लम्बे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवक के हत्या की अंदेशा इसलिए जतायी जा रही है कि घटना स्थल पर युवक व युवती के चप्पल के साथ खून का छीटे भी मिले हैं। युवती के परिजनों से पूछताछ करने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद से ही युवती और उसके परिजन मकान में ताला बंद कर फरार हैं। आजाद के पिता बेचू निषाद गोवा में पेंट पालिस का काम करते हैं। 20 वर्षीय आजाद गांव में रहता था।

## शव की बरामदगी के लिए कई टीमे लगी : एसएसपी

गोरखपुर (एसएनबी)। एसएसपी डा.गौरव ग्रोवर ने बताया कि मौका-ए-वारदात को देखने से लग रहा है कि युवक की हत्या कर शव को गायब किया गया है। शव की बरामदगी के लिए कई पुलिस टीमे लगी हैं। आसपास के तालाबों में पानी भरा रहने की वजह से एसटीआरएफ के जवान खोजबीन में जुटे हैं।

## ग्रामीणों ने महिला को बच्चा चोर समझकर पकड़ा

हरपुर-बुदहट : थाना क्षेत्र के बुदहट टोला सेमरी में शुक्रवार की शाम साढ़े सात बजे टहल रही एक महिला को बच्चा चोर समझकर ग्रामीणों ने पकड़ लिया। पुलिस के पहुंचने पर ग्रामीणों ने महिला को सिपुर्द कर दिया। आरोप लगाया कि वह गांव में घूमकर इधर-उधर झांक रही थी। पूछताछ के बाद महिला को छोड़ दिया। (जासं)

## मारपीट करने पर पांच के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

चौरी चौरा : नगर पंचायत चौरी चौरा के वार्ड नंबर नौ मुंडेरा बाजार निवासी ओमप्रकाश यादव ने शुक्रवार को थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि पड़ोस का रहने वाला बंटी उनकी जमीन हड़पना चाहता है। गुरुवार की रात नौ बजे वह अपने चार साथियों के साथ उन्हें गाली देते हुए लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। सीओ चौरी चौरा अनुराग सिंह ने बताया कि एक नामजद व चार अज्ञात पर केस दर्ज किया गया।

# भाग रहे चोर को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

जासं, गोरखपुर : गुलरिहा थाना क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी धर्मेंद्र निषाद के घर में गुरुवार की देर रात चोरी कर भाग रहे एक चोर को पकड़ लिया गया। उसके बताने पर पुलिस ने उसके साथी को भी पकड़ लिया। दोनों को शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया गया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

पुलिस को तहरीर देकर धर्मेंद्र निषाद ने बताया कि गुरुवार की रात 2:30 बजे मेरे घर में दो युवक घुसकर आठ हजार रुपये नकद, एक मोबाइल फोन, गहने व अन्य सामान चुरा लिए। इसी दौरान मकान में किराए पर रहने वाले जितेंद्र सिंह की पत्नी की नींद खुली और वह शोर मचाने लगीं। दोनों चोर चहारदीवारी कूदकर भागने लगे। आसपास के लोगों ने एक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस की पूछताछ में उसने अपना नाम मनीष चौहान निवासी मानस विहार कालोनी, पादरी बाजार, शाहपुर बताया। उसने अपनी साथी का नाम सलीम निवासी बिछिया कालोनी थाना शाहपुर बताया। शुक्रवार को पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से मोबाइल फोन व 40 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर दोनों को न्यायालय के लिए चालान कर दिया। मोहल्ले के रंजीत यादव ने भी अपने घर में चोरी होने की जानकारी दी है।

## खिड़की के रास्ते घुसे चोर, उठा ले गए नकदी व जेवर

जासं, सहजनवां : नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात लुचुई निवासी संदीप मद्धेशिया के घर में गुरुवार की रात चोरी हो गई। संदीप ने बताया कि तबियत खराब होने पर वह स्वजन के साथ शहर चिकित्सक को दिखाने गए थे। शाम को घर पहुंचने पर बाहर ताला लगा मिला।

लेकिन अंदर से कुंडी बंद थी। दूसरे के छत के रास्ते जाकर देखा तो उनके घर की खिड़की टूटी थी। अंदर बक्सा, आलमारी का ताला भी टूटा मिला। उसमें रखा नकदी व जेवर गायब थे। सीसी कैमरे का डीवीआर भी गायब मिला। सीओ गीडा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर सहजनवां पुलिस जांच कर रही है।

## घायल गार्ड की मौत

जासं, गोरखपुर : गुलरिहा के नाहरपुर-गुलरिहा बाजार के बीच शुक्रवार की रात नौ बजे बाइक की ठोकर साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। वहीं ठोकर मारने के बाद बाइक सवार तीन युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों का उपचार मेडिकल कालेज में चल रहा है। पुलिस ने मृत युवक की पहचान कुशीनगर के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के किसान चौराहा निवासी रामगोपाल उर्फ चुन्नू के रूप में की। रामगोपाल एक प्राइवेट कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में कार्य करते थे।

## युवक के अपहरण की सूचना पर पुलिस परेशान

जासं, सहजनवां : नगर पंचायत के वार्ड नंबर पांच साहबगंज निवासी विजय सिंह ने पुलिस को तहरीर दी कि कार सवारों ने उसका अपहरण कर लिया। जंगल कौड़िया फोरलेन पर स्थित पुल के पास गाड़ी रोककर नकदी व जेवर ले लिया। आरोप लगाया कि रात में थाने पहुंचा तो पुलिस वापस कर दी। शुक्रवार की सुबह थाने पहुंचकर तहरीर दी। सीओ गीडा प्रशाली गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर सहजनवां पुलिस ने जांच की तो शिकायत करने वाला युवक मानसिक रूप से बीमार मिला। आरोप गलत मिला। पहले भी उसने बाइक से कुचलने की शिकायत की थी। पुलिस मौके पर पहुंची तो वह सही मिला।

## पति समेत चार के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

हरपुर-बुदहट : क्षेत्र के भलुआ निवासी युवक व उसके परिवारवालों ने दहेज के लिए महिला की पिटाई कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। भलुआ गांव की आराधना ने बताया कि पति संजय मुझसे हमेशा दहेज की मांग करता है। पति के साथ सास, ससुर व ननद मिलकर मुझे हमेशा प्रताड़ित करते रहते हैं। आठ सितंबर को पति ने पीटकर भगा दिया। पुलिस ने पति संजय यादव, ससुर जनार्दन, सास पानमती व ननद सुनीता के पर मुकदमा दर्ज किया है।

## पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस

बांसगांव : शादी के छह माह बाद ही दहेज की मांग को लेकर ससुराली विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से भगा दिए। पुलिस ने पति समेत पांच के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। गीडा थाना क्षेत्र के पिपरौली निवासी लक्ष्मी गुप्ता पुत्री जितेन्द्र गुप्ता ने बांसगांव पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मार्च में मेरी शादी बांसगांव थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव निवासी राजेन्द्र गुप्ता के बेटे मोनू गुप्ता से हुई। ससुराल में दहेज व खराब सामान लाने का ताना मारते हुए ससुराल वाले दो लाख रुपये की मांग करने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति मोनू गुप्ता, सास सुन्द्रावती देवी, ससुर राजेन्द्र गुप्ता, देवर गोलू, ननद खुशबू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# दहेज हत्या मामले में पति, सास व ससुर को 20 वर्ष सश्रम कारावास

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : दहेज हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश पंकज श्रीवास्तव ने चिलुआताल थाना क्षेत्र के सोनबरसा निवासी अभियुक्त पति रमाकांत, ससुर विद्या प्रसाद व सास संतीरा देवी को 20 साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक अभियुक्तों को सात हजार पांच सौ रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

अभियोजन का पक्ष सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रमोद मौर्य ने रखा। वादिनी गुना देवी ने 28 दिसंबर, 2020 को मुकदमा दर्ज कराया था। वादिनी ने अपनी लड़की पूनम की शादी अभियुक्त रमाकांत से की थी। अपने सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज दिया था परंतु अभियुक्त अतिरिक्त दहेज में मोटरसाइकिल की मांग को लेकर वादिनी की लड़की को मारते पीटते एवं प्रताड़ित करते थे। 23 दिसंबर, 2020 को अभियुक्त एक राय होकर पूनम को मिट्टी का तेल डालकर जला दिए। उपचार के दौरान 27 दिसंबर, 2020 को उसकी मृत्यु हो गई।

# वीमारी से जूझ रहे मधुमिता हत्याकांड के शूटर प्रकाश पांडेय की मृत्यु

जासं. गोरखपुर : चर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के शूटर प्रकाश पांडेय की गुरुवार को लखनऊ के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। स्वजन ने रात में ही राप्ती नदी के राजघाट पर अंतिम संस्कार कर दिया।



शूटर प्रकाश पांडेय
सौ. इंटरनेट मीडिया

शाहपुर क्षेत्र के चरगांवा निवासी प्रकाश पांडेय दो वर्ष से मुख के कैंसर से जूझ रहा था। वह लखनऊ में ही पत्नी और 14 साल के बेटे के साथ रहता था। नौ मई, 2003 को लखनऊ की पेपर मिल कालोनी में हुए मधुमिता हत्याकांड में मुख्य आरोपित पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी, उनकी पत्नी मधुमणि के साथ प्रकाश पांडेय को आजीवन कारावास की सजा हुई थी। मामले में प्रकाश को पहले सीबीआइ कोर्ट ने बरी कर दिया। बाद में नैनीताल हाई कोर्ट ने उसको आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

# मुकदमे में बढ़ी जाली नोट छापने की धारा

**फर्जी स्टांप प्रकरण**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लंबे समय से फर्जी स्टांप बेचने वाला बिहार के सिवान जिले का गिरोह छह माह से जाली नोट छापता था। गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू की निशानदेही पर बुधवार को कैंट थाना पुलिस ने 200 के चार जाली नोट बरामद किए थे। विवेचक ने शुक्रवार को इसी मामले में रिमांड पर लेने के साथ ही मुकदमे में जाली नोट छापने की धारा बढ़ा दी।

एक सितंबर, 2024 को यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने सिवान, मोफस्सिल नई बस्ती के रहने वाले नवाब आरजू व उसके साथी राजू को रेलवे स्टेशन के पास से फर्जी स्टांप, नकदी व गाड़ी के साथ पकड़कर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित से पूछताछ में पता चला कि वह जाली नोट भी छापता है। एटीएस के निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया।

जाली नोट के संबंध में पूछताछ करने के लिए विवेचक ने न्यायालय ने अर्जी देकर नवाब आरजू की कस्टडी रिमांड मांगी थी। मजिस्ट्रेट ने अर्जी स्वीकृत कर बुधवार को सुबह सात से रात 10 बजे तक के लिए नवाब आरजू की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की थी।

जिला कारागार से अभिरक्षा में लेकर विवेचक पहले सिवान गए। वहां से पहुंचने पर उसने बताया कि मैरवा में रहने वाली बहन के घर पर जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप रखा था। पकड़े जाने के बाद उसकी पत्नी ने गोरखपुर में ले जाकर छिपा दिया है। रात को कैंट पुलिस ने नवाब आरजू की निशानदेही पर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास झाड़ी में पड़े बैग से लैपटाप, प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट बरामद किए। रात होने की वजह से उसे कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका था। जालसाज के कब्जे से जाली नोट व प्रिंटर मिलने की जानकारी सीजेएम कोर्ट में देने के साथ ही विवेचक ने रिमांड लेने की अर्जी दी थी। शुक्रवार को जालसाजी के मुकदमे में जाली नोट छापने की धारा बढ़ाने के साथ ही कैंट पुलिस ने नवाब आरजू को इस मामले में न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया।



- एक सितंबर को एटीएस ने सिवान के रहने वाले नवाब आरजू को किया था गिरफ्तार
- विवेचक ने आरोपित को बुधवार को कस्टडी रिमांड पर लेकर बरामद किए थे जाली नोट

"फर्जी स्टांप प्रकरण में एटीएस ने गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू व उसके साथी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में जाली नोट छापने की धारा बढ़ाने के साथ ही आरोपित को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। फरार चल रहे गिरोह के अन्य साथियों की तलाश चल रही है। नवाब आरजू के पिता व गिरोह के अन्य सदस्य जालसाजी के दूसरे मामले में पहले से जेल में है।

\- अंशिका वर्मा

सीओ कैंट

# आर्थक पर दर्ज मुकदमे में कैसे लगी एफआर, शुरू हुई जांच

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : आर्थक के साथ ही उसके साथियों के विरुद्ध



आर्थक प्रताप सिंह
सौ . इंटरनेट मीडिया

दर्ज मुकदमे का विवरण जुटाने के बाद नए सिरे से जांच शुरू कर दी गई है। कैंट थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मुकदमे में कैसे एफआर लग गई एसएसपी ने इसकी जांच शुरू करा दी है। आरोपितों के विरुद्ध गोरखपुर में कितने मुकदमे दर्ज हैं इसकी जानकारी कुशीनगर पुलिस को भेजी गई है।



निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ डा . विवेक सेठ ( बाएं से दूसरा )● सौ . इंटरनेट मीडिया

पुलिस की छानबीन में पता चला कि आर्थक प्रताप सिंह, हास्पिटल संचालक विवेक सेठ आठ सितंबर को नेपाल गए थे। वहां से लौटने के बाद हर्ष सिंह, विपिन यादव, नागेन्द्र यादव, अश्वन सिंह, कृप तिवारी व अन्य के साथ कप्तानगंज के सोहनी गांव में रहने वाले अजीत सिंह के घर पहुंचा था। पकड़े गए युवकों से पूछताछ में पता चला कि कुशीनगर जिले में आर्थक प्रताप सिंह की छावनी है जहां वह अक्सर इस तरीके की पार्टी करता था। आठ सितंबर को अजीत का जन्मदिन होने की वजह से इन लोगों ने उसके घर पर पार्टी की थी। रात तक शराब की पार्टी चली इसके बाद अचानक तय हुआ कि नर्तकियों को बुलाकर डांस कराया जाए। अजीत के स्वजन ने मना किया लेकिन इसके बाद भी सभी आरोपित रामकोला के गोबरही बाजार चौराहे पर पहुंच गए और नर्तकियों को अगवा कर उनके साथ हैवानियत की। कुशीनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

घटना में शामिल दो बदमाश मुठभेड़ में पकड़े गए। पुलिस मुख्यालय ने मामले का संज्ञान लिया तो आरोपितों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस उनका आपराधिक रिकार्ड खंगाल रही है। इसी दौरान पता चला कि आर्थक सिंह ने पांच सितंबर, 2022 को गोरखपुर विश्वविद्यालय के आरपी शुक्ल छात्रावास में अपने साथियों संग मारपीट की थी। कैंट थाना पुलिस ने आर्थक के साथ ही जगरनाथपुर में रहने वाले हर्ष सिंह, गुलरिहा के जैनपुर में रहने वाले ओम मिश्रा, सहजनवां के सेमरा गांव में रहने वाले अमन सोलंकी, खोराबार के रामगढ़ उर्फ चंवरी के विवेक पांडेय और देवरिया जिले के गौरीबाजार स्थित खैरटिया गांव के रहने वाले ऋषिकेश को पकड़ा था। आर्थक के पास से .32 बोर का एक कारतूस मिलने पर थाने के दारोगा सुशील कुमार यादव ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया जिसमें एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दिया गया।

### गाड़ी, माला और बंदूक दिखा युवाओं में जमाया रसूख

आर्थक प्रताप सिंह, विवेक सेठ व उनके अन्य साथी इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं। इस्टाग्राम एकाउंट पर पार्टी में आने-जाने, गाड़ियों के काफिले व हाथ में बंदूक लेकर आगे-पीछे खड़े निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ का वीडियो उन्होंने शेयर किया है। यही वीडियो दिखाकर लोगों पर रौब जमाने के साथ ही यह लोग मनमानी करते थे। इनके खौफ की वजह से कोई इनके अनैतिक कार्य का विरोध नहीं करता था। कुशीनगर पुलिस के कार्रवाई करने के बाद उनकी कारस्तानी की चर्चा हर ओर हो रही है।

कुशीनगर में वारदात करने वाले आरोपितों का आपराधिक विवरण जुटाया जा रहा है। आर्थक प्रताप सिंह के विरुद्ध दर्ज हुए आर्म्स एक्ट के मुकदमे में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) कैसे लगी इसकी जांच कराई जा रही है। लापरवाही मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही नए सिरे से मामले की विवेचना कराई जाएगी।

डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी



# इंटरनेट मीडिया पर महिला की फोटो प्रसारित, केस दर्ज

जासं, पीपीगंज : नगर क्षेत्र की एक महिला ने अपनी ही भाभी पर केस दर्ज कराया है। शुक्रवार को पीपीगंज थाने में तहरीर देते हुए महिला ने बताया कि भाई और भाभी में अनबन चल रही है। जिसे लेकर उसकी भाभी इंटरनेट मीडिया पर उसका आपत्तिजनक फोटो प्रसारित कर रही है। कार्रवाई के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले आरोपित पर केस दर्ज :** पीपीगंज : इंटरनेट मीडिया पर एक समाज के प्रति आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले दो आरोपितों पर पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज किया। गुरुवार को नगर पंचायत के व्यापारियों ने वार्ड नंबर 18 निवासी सत्यम यादव के विरुद्ध तहरीर दी थी। बताया था कि आरोपित ने अपने इंटरनेट मीडिया पर समाज के विरुद्ध पोस्ट डाला है।

# घर में घुसकर युवती से की छेड़खानी, केस दर्ज

पादरी बाजार : शाहपुर पुलिस ने शुक्रवार को युवती की तहरीर पर महताब आलम व उसके स्वजन के विरुद्ध छेड़खानी का केस दर्ज किया। महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार की सुबह वह बाथरूम में मुंह धोने गई थी। इसी बीच आरोपित घर में घुस गया और छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर धमकी देते हुए फरार हो गया। (जासं)

# सिपाही ने तस्करों पर दर्ज कराया मुकदमा, फुटेज से हुई पहचान

**फालोअप**

- 12 सितंबर की रात में बेतियाहाता दक्षिणी में पिकअप पर लाद रहे थे पशु
- मोहल्ले के लोगों के शोर मचाने पर भी पशुओं को लेकर चले गए तस्कर

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रामगढ़ताल क्षेत्र में छुट्टा पशुओं को चुराने वाले अज्ञात पिकअप सवार पशु तस्करों पर आजाद पुलिस चौकी के सिपाही ने शुक्रवार की दोपहर में मुकदमा दर्ज कराया। मामले की जानकारी होने पर गुरुवार को बेतियाहाता दक्षिणी में स्थित घटनास्थल पर पहुंची सीओ कैंट ने मोहल्ले के लोगों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। पुलिस का दावा है कि सीसी कैमरे के फुटेज में दिख रहे बोलेरो सवार पशु तस्करों की पहचान हो गई है, जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आजाद नगर पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही सुरेंद्र वर्मा ने तहरीर में लिखा है कि शुक्रवार की सुबह क्षेत्र में गश्त पर निकले थे। बेतियाहाता दक्षिणी में मस्जिद के पास रहने वाले बलवंत सिंह ने बताया कि रात में वह टेलीविजन देख रहे थे इसी दौरान बोलेरो व पिकअप से कुछ लोग आए। आहट पाकर उन्होंने खिड़की से देखा तो वह लोग सड़क पर घूम रहे छुट्टा पशुओं को गाड़ी में लाद रहे थे। आवाज देने पर सामने रहने वाले संजीत सिंह घर से बाहर निकले और शोर मचाया तो गाड़ी में लदे पशुओं को लेकर तस्कर फरार हो गए। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर रामगढ़ताल थाना पुलिस फुटेज व सर्विलांस की मदद से तस्करों की तलाश में छापेमारी कर रही है। एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि पशु तस्करों की पहचान हो गई है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**चौकी पर बंद मिला ताला:** गुरुवार की रात घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचीं सीओ कैंट अंशिका वर्मा ने मोहल्ले के लोगों से मामले की जानकारी देने के साथ ही भरोसा दिया कि जल्द ही तस्करों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लौटते समय वह 200 मीटर दूर स्थित आजाद चौक पुलिस चौकी पर गईं तो ताला बंद मिला। पिकेट पर भी सिपाही नहीं मिले।

# तीन चौकी प्रभारियों का कार्यक्षेत्र बदला, 10 को मिला प्रभार

जासं., गोरखपुर : एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने शुक्रवार को तीन चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करने के साथ ही 10 दारोगा को चौकी का प्रभार सौंपा है।

मोहद्दीपुर में तैनात रहे शुभम श्रीवास्तव को नौसड़, डांगीपार चौकी के प्रभारी रहे रवि प्रकाश कुंवर को उनकी जगह भेजा गया है। चौकी प्रभारी महादेवा बाजार आदित्य उपाध्याय को बड़हलगंज कस्बा चौकी का प्रभार मिला है। इसके अलावा पुलिस लाइन में तैनात शशि किरण सिंह को भटहट, राजीव तिवारी को उनवल, संतोष सिंह को बलुआ, राकेश पांडेय को हरनही, विशाल राय को भड़सार, सूर्यकांत को डांगीपार, एम्स थाने में तैनात अखिलेश कुंवर को आजादनगर, बड़हलगंज थाने पर तैनात वीरेंद्र बहादुर सिंह को घघसरा, रामगढ़ताल थाने में तैनात जितेंद्र निर्मन को सिक्टौर व सौरभ झा को तरकुलहा चौकी का प्रभारी बनाया गया है।

# शराब पीकर वाहन चला रहे पांच पकड़ाए

जासं, गोरखपुर : एसएसपी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने शुक्रवार को रुस्तमपुर चौराहा से आजाद चौक तक सड़क पर ठेला-खोमचा एवं वाहन के विरुद्ध अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया। नो पार्किंग में खड़े 48 वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। आठ वाहनों को यातायात यार्ड में लाकर चालान किया गया। आइटीएमएस द्वारा ओवरस्पीड में चला रहे 29 वाहनों का चालान किया गया। मोहद्दीपुर चौराहा पर चेकिंग के दौरान शराब का सेवन कर वाहन चला रहे पांच वाहन चालकों के विरुद्ध एमवी एक्ट में चालान किया गया। साथ ही शहर क्षेत्र में कुल 489 वाहनों का चालान किया गया।

# जालसाजी के मुकदमे में बढ़ी जाली नोट छापने की धारा

**एक सितंबर को एटीएस ने सिवान के रहने वाले नवाब आरजू को पकड़ा था**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (13 Sept)**:लंबे समय से फर्जी स्टांप बेचने वाला बिहार के सिवान जिले का गिरोह छह माह से जाली नोट छापता था. गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू की निशानदेही पर बुधवार को कैंट थाना पुलिस ने 200 के चार जाली नोट बरामद किए थे. विवेचक ने शुक्रवार को इसी मामले में रिमांड पर लेने के साथ ही मुकदमे में जाली नोट छापने की धारा बढ़ा दी.

एक सितंबर, 2024 को यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने सिवान. मोफस्सिल नई बस्ती के रहने वाले नवाब आरजू व उसके साथी राजू को रेलवे स्टेशन के पास से फर्जी स्टांप, नकदी व गाड़ी के साथ पकड़कर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया. आरोपित से पूछताछ में पता चला कि वह जाली नोट भी छापता है. एटीएस के निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया. जाली नोट के संबंध में पूछताछ करने के लिए विवेचक ने न्यायालय ने अर्जी देकर नवाब आरजू की कस्टडी रिमांड मांगी थी. मजिस्ट्रेट ने अर्जी स्वीकृत कर बुधवार को सुबह सात से रात 10 बजे तक के लिए नवाब आरजू की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की थी. जिला कारागार से अभिरक्षा में लेकर विवेचक पहले सिवान गए. वहां से पहुंचने पर उसने बताया कि मैरवा में रहने वाली बहन के घर पर जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप रखा था. पकड़े जाने के बाद पत्नी ने छिपा दिया है. पुलिस ने नवाब की निशानदेही पर लैपटाप, 200 रुपये के जाली नोट बरामद किए.



**"फर्जी स्टांप प्रकरण में एटीएस ने गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू व उसके साथी को गिरफ्तार किया था. इस मामले में जाली नोट छापने की धारा बढ़ाने के साथ ही आरोपित को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है. फरार चल रहे गिरोह के अन्य साथियों की तलाश चल रही है. नवाब आरजू के पिता व गिरोह के अन्य सदस्य जालसाजी के दूसरे मामले में पहले से जेल में है.**

**अंशिका वर्मा**, सीओ कैंट

# घर के बाहर टहल रहे व्यक्ति का अपहरण

क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच सहबाजगंज में गुरूवार रात कार सवार बदमाशों ने एक शख्स का अपहरण कर लिया. आरोप है कि क्षेत्र के विजय सिंह अपने घर के बाहर टहल रहे थे. इसी दौरान कार से आए बदमाशों ने उनको किडनैप कर लिया. इसके बाद वह कार को कालेसर नदी के पार हाइवे पर ले गए. इस दौरान उन्होंने विजय के साथ मारपीट की और उनके पहने हुए आभूषण और उनके पैसे छीन लिए. इसके बाद धमकी देकर कार से उतारकर फरार हो गए. कार्रवाई की मांग की है.

# आर्थक पर दर्ज केस में कैसे लगी एफआर, जांच शुरू

**कैंट थाने में पांच सितंबर 2022 को दर्ज हुआ था आर्म्स एक्ट का मुकदमा**

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (13 Sept): आर्थक के साथ ही उसके साथियों के विरुद्ध दर्ज मुकदमे का विवरण जुटाने के बाद नए सिरे से जांच शुरू कर दी गई है. कैंट थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के मुकदमे में कैसे एफआर लग गई एसएसपी ने इसकी जांच शुरू करा दी है. आरोपितों के विरुद्ध गोरखपुर में कितने मुकदमे दर्ज हैं इसकी जानकारी कुशीनगर पुलिस को भेजी गई है.

पुलिस की छानबीन में पता चला कि आर्थक प्रताप सिंह, हास्पिटल संचालक विवेक सेठ आठ सितंबर को नेपाल गए थे. वहां से लौटने के बाद हर्ष सिंह, विपिन यादव, नागेन्द्र यादव, अश्वन सिंह, कृष तिवारी व अन्य के साथ कप्तानगंज के सोहनी गांव में रहने वाले अजीत सिंह के घर पहुंचा था. पकड़े गए युवकों से पूछताछ में पता चला कि कुशीनगर जिले में आर्थक प्रताप सिंह की छावनी है जहां वह अक्सर इस तरीके की पार्टी करता था. आठ सितबर को अजीत का जन्मदिन होने की वजह से इन लोगों ने उसके घर पर पार्टी की थी. रात तक शराब की पार्टी चली इसके बाद अचानक तय हुआ कि नर्तकियों को बुलाकर डांस कराया जाए. अजीत के स्वजन ने मना किया लेकिन इसके बाद भी सभी आरोपित रामकोला के गोबरही बाजार चौराहे पर पहुंच गए और नर्तकियों को अगवा कर उनके साथ हैवानियत की. कुशीनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. घटना में शामिल दो बदमाश मुठभेड़ में पकड़े गए.

### नई सिरे से विवेचना

कुशीनगर में वारदात करने वाले आरोपितों का आपराधिक विवरण जुटाया जा रहा है. आर्थक प्रताप सिंह के विरुद्ध दर्ज हुए आर्म्स एक्ट के मुकदमे में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) कैसे लगी इसकी जांच कराई जा रही है. लापरवाही मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही नए सिरे से मामले की विवेचना की जाएगी.

### बंदूक दिखा युवाओं में जमाया रसूख

आर्थक प्रताप सिंह, विवेक सेठ व उनके अन्य साथी इंटरनेट मीडिया पर सक्रिय हैं. इंस्टाग्राम एकाउंट पर पार्टी में आने-जाने, गाड़ियों के काफिले व हाथ में बंदूक लेकर आगे-पीछे खड़े निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ का वीडियो उन्होंने शेयर किया है.

# इंटरनेट पर महिला का फोटो किया वायरल, केस दर्ज

पीपीगंज के नगर क्षेत्र की एक महिला ने अपनी ही भाभी पर केस दर्ज कराया है. शुक्रवार को पीपीगंज थाने में तहरीर देते हुए महिला ने बताया कि उसके भाई और भाभी अनबन चल रहा है. जिसे लेकर उसकी भाभी इंटरनेट मीडिया उसका आपत्तिजनक फोटो प्रसारित कर रही है. कार्रवाई के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है.

# आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वाले आरोपित पर केस

पीपीगंज एरिया में इंटरनेट मीडिया पर एक समाज के प्रति आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले दो आरोपितों पर पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज किया. गुरुवार को नगर पंचायत के व्यापारियों ने वार्ड नंबर 18 निवासी सत्यम यादव के विरुद्ध तहरीर दी थी. बताया था कि आरोपित ने अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर समाज के विरुद्ध पोस्ट डाला है. जिस पर दर्जन भर से अधिक लोग कमेंट कर रहे हैं.

# दबिश देकर लौट रही सहजनवां पुलिस पर हमला, सिपाही घायल

### मारपीट में सुरगहना पहुंची थी पुलिस, बाल अपचारी को पकड़कर ला रही थी




**SAHJANWA:** सुरगहना गांव में गुरुवार की रात दबिश देने के बाद बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लौट रही सहजनवां पुलिस पर हमला कर दिया गया. आरोपितों ने पीछे आ रहे सिपाही की बाइक को धक्का देकर गड्ढे में गिरा दिया. बाइक की चाबी निकाल ली. इसमें सिपाही घायल हो गया. लोगों के आने पर आरोपित फरार हो गए. घायल सिपाही विश्वनाथ की तहरीर पर थाना पुलिस ने सुरगहना निवासी अरुण यादव, अनूप यादव व पांच अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया.

सुरगहना गांव में चार महीने पहले हुई मारपीट के मामले में सहजनवां पुलिस ने उसी समय दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है. फरार चल रहे एक बाल अपचारी को पकड़ने के लिए रात में दबिश दी गई. उसे पकड़ने के बाद दारोगा आशीष सिंह, ट्रेनी दारोगा सुमित कुमार, सिपाही विश्वनाथ व गोविंद यादव लौट रहे थे. सिपाही विश्वनाथ ने तहरीर में बताया कि वह अपनी बाइक से पीछे-पीछे आ रहा था. इसी बीच अरुण यादव ने बाइक रोक ली और धक्का देकर नीचे गिरा दिया. आइकार्ड दिखाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए साथियों के साथ मिलकर पीटने लगा. लोगों के पहुंचने पर आरोपित फरार हो गए. आरोपित पक्ष के लोगों का कहना है कि घटना के कुछ देर बाद घर पर दर्जन भर पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर तोड़फोड़ की, सीसी कैमरे का डीवीआर उठा ले गए.

## अरुण के विरुद्ध दर्ज है एक और मुकदमा

सिपाही विश्वनाथ की तहरीर से आधा घंटा पहले सुरगहना निवासी अरुण यादव के विरुद्ध एक और मुकदमा दर्ज हुआ. उसके गांव के रामप्रवेश ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना देने की आशंका में अरुण, उसका भाई अनूप, मां, पिता, बुआ, बहन और चार अज्ञात ने मिलकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया. इसके आधार पर पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मारपीट व एससी-एसटी का केस दर्ज किया.

**पुलिस पर हमला करने वाले मुख्य आरोपित अरुण यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. भाई अनूप की तलाश चल रही है. अन्य का शांतिभंग में चालान कर छोड़ दिया गया. अन्य आरोपों की जांच पुलिस कर रही है.**

**जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव,**
एसपी नार्थ

मधुमिता की हत्या में इस्तेमाल पिस्टल उपलब्ध कराने का था आरोप

# मधुमिता हत्याकांड में शूटर के साथी प्रकाश की मौत

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। यूपी की चर्चित मधुमिता शुक्ला हत्याकांड के पांचवें आरोपित प्रकाश पाण्डेय की गुरुवार को लम्बी बीमारी के बाद मौत हो गई। प्रकाश का पीजीआई लखनऊ में इलाज चल रहा था। वह कैंसर की बीमारी से जूझ रहा था। मौत के बाद राजघाट पर राप्ती नदी के किनारे अन्तिम संस्कार किया गया। प्रकाश पर आरोप था कि उसने हत्या में इस्तेमाल पिस्टल शूटर संतोष राय को उपलब्ध कराई थी। इस हत्याकांड में चार अन्य आरोपितों में सजायाफ्ता आरोपी पूर्व मंत्री अमरमणि और उनकी पत्नी मधुमणि को 18 साल सजा काटने के बाद 25 अगस्त 2023 को रिहा कर दिया गया है।

9 मई 2003 को लखनऊ के पेपर मिल कालोनी में मधुमिता की घर में घुसकर गोली मार कर हत्या की गई थी। इस मामले की सीबीआई ने जांच की और पूर्व मंत्री अमर मणि उनकी पत्नी मधुमणि सहित पांच लोगों को आरोपित बनाया था। अमरमणि और मधुमणि को हत्या की साजिश का आरोपित बनाया गया था जबकि संतोष राय और रोहित चतुर्वेदी तथा प्रकाश पाण्डेय को हत्या और साजिश में शामिल किया था। पांचवां आरोपित प्रकाश पाण्डेय पर हत्या में इस्तेमाल तमंचा उपलब्ध कराने का आरोप था। लोवर कोर्ट ने प्रकाश पाण्डेय को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था। मधुमिता की बहन इसके खिलाफ हाईकोर्ट में पैरवी की थी। आरोपितों के बयान जिसमें प्रकाश पाण्डेय द्वारा तमंचा उपलब्ध कराने की बात सामने आई थी। उसी आधार पर हाईकोर्ट ने प्रकाश पाण्डेय को भी दोषी मानते हुए सजा सुनाई थी। हालांकि हाईकोर्ट की सजा के खिलाफ प्रकाश पाण्डेय ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की थी। सेशन कोर्ट के फैसले के आधार पर प्रकाश पाण्डेय को जमानत मिल गई थी। उसके बाद वह कैंसर जैसी गंभीर बीमार का शिकार हो गया था। सुप्रीम कोर्ट के केस में अभी फैसला नहीं आया था कि इस बीच मौत हो गई।

- गले के कैंसर का चल रहा था इलाज, पीजीआई में गुरुवार की दोपहर मौत
- प्रकाश पाण्डेय को सेशन कोर्ट ने कर दिया था बरी, हाईकोर्ट से मिली सजा
- सुप्रीम कोर्ट से जमानत पर था प्रकाश पाण्डेय, पीजीआई में चल रहा था इलाज



प्रकाश पाण्डेय (फाइल फोटो)

## पांच साल जेल में रहा प्रकाश

हत्याकांड के कुछ दिन बाद ही यानी 2003 में प्रकाश पांडेय को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद पांच साल जेल में वह रहा। सेशन कोर्ट ने उसे बरी कर दिया, फिर हाईकोर्ट ने दोषी ठहरा दिया। इसके बाद 2012 से 2013 तक भी जेल में रहा। केस सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो सेशन कोर्ट के फैसले के आधार पर उसे जमानत मिल गई थी।

**हत्या में इस्तेमाल पिस्टल मुहैया कराने का आरोप :** शाहपुर के चरगांवा इलाका का रहने वाला प्रकाश पाण्डेय परिवार से काफी सम्पन्न था। उसका बचपन कोतवाली इलाके के पुर्दिलपुर में बीता था। संतोष और रोहित की यहीं से दोस्ती हुई थी। आरोप था कि दोस्ती के चलते ही प्रकाश ने हत्या में इस्तेमाल पिस्टल उपलब्ध कराई थी। कई कारोबार के अलावा परिवार का एक पेट्रोल पम्प भी है। परिवार में मां और छोटा भाई है। प्रकाश को 2022 में जबड़े का कैंसर हुआ था। डॉक्टर ने ऑपरेशन कर कैंसर वाला हिस्सा निकाल दिया था। उसके बाद गले का कैंसर हो गया। इसका ऑपरेशन नहीं हो सकता था। लखनऊ पीजीआई में इलाज चल रहा था। कैंसर की वजह से बोलने में दिक्कत हो रही थी इसलिए वह कम बोलता था।

# युवक और परिजनों पर अपहरण का केस

खोराबार। थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक और उसके परिजनों पर युवती के अपहरण के आरोप में पुलिस केस दर्ज करके जांच पड़ताल कर रही है। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती को उसके गांव का एक युवक जनवरी में बहला फुसलाकर कर भगा ले गया था। मामले में पुलिस पीड़िता के पिता की तहरीर पर केस दर्ज की थी। युवती के पिता का आरोप है कि मुकदमे में सुलह करने के लिए आरोपियों द्वारा बार बार दबाव बनाया जा रहा था।

# पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

हरपुर बुदहट। ग्राम आहिरौली टोला कुड़िया की रहने वाली चंद्रकला ने पति समेत ससुराल के पांच लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि दहेज में कार न देने की वजह से उसके साथ मारपीट की गई और घर से निकाल दिया गया। पुलिस ने पति कुंदन केवट, सास, ससुर, ननद, जेठानी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। संवाद

# गैंगरेप में आरोपी आर्थक के गोरखपुर के केस में एफआर की जांच

**नर्तकी प्रकरण**

- कैंट थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक मामले में पुलिस ने लगाई थी एफआर
- नर्तकियों से हुए गैंगरेप के आठ आरोपियों में शामिल है आर्थक

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कुशीनगर नर्तकी कांड में आरोपित गोरखपुर निवासी आर्थक के कैंट थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के केस में एफआर लगने के मामले की जांच शुरू हो गई। एक तरफ एसएसपी ने सभी आरोपितों की क्राइम हिस्ट्री जुटाकर हिस्ट्रीशीट खोलने के लिए कहा था वहीं दूसरी तरफ एक आरोपित के मुकदमे में एफआर की बात सामने आ गई। फिलहाल एसएसपी ने सभी आरोपितों के विरुद्ध गोरखपुर में कितने मुकदमे दर्ज हैं, इसकी जानकारी कुशीनगर पुलिस को भी भेज दी है।

पुलिस की छानबीन में पता चला कि आर्थक प्रताप सिंह, हॉस्पिटल संचालक विवेक सेठ आठ सितंबर को नेपाल गए थे। वहां से लौटने के बाद हर्ष सिंह, विपिन यादव, नागेन्द्र यादव, अश्विन सिंह, कृष तिवारी व अन्य के साथ कप्तानगंज के सोहनी गांव में रहने वाले अजीत सिंह के घर पहुंचे थे। पकड़े गए युवकों से पूछताछ में पता चला कि कुशीनगर जिले में आर्थक प्रताप सिंह की छावनी है। जहां वह अक्सर इस तरीके की पार्टी करता था। आठ सितम्बर को अजीत का जन्मदिन होने की वजह से इन लोगों ने उसके घर पर पार्टी की थी। रात तक शराब की पार्टी चली। इसके बाद अचानक तय हुआ कि नर्तकियों को बुलाकर डांस कराया जाए। अजीत के परिवारीजनों ने मना किया लेकिन इसके बाद भी सभी आरोपित रामकोला के गोबराही बाजार चौराहे पर पहुंच गए और नर्तकियों को अगवा कर उनके साथ हैवानियत की।

कुशीनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना में शामिल दो बदमाश मुठभेड़ के बाद पकड़े गए।

## आर्म्स एक्ट में दो साल पहले आर्थक पर हुआ था केस

जांच में पता चला कि आर्थक सिंह ने पांच सितंबर, 2022 को गोरखपुर विश्वविद्यालय के आरपी शुक्ल छात्रावास में अपने साथियों संग मारपीट की थी। कैंट पुलिस ने आर्थक के साथ ही अमरनाथपुर में रहने वाले हर्ष सिंह, गुलरिहा के जैनपुर में रहने वाले ओम मिश्र, सहजनवा के सेमरा गांव में रहने वाले अमन सोलंकी, खोराबार के रामगढ़ उर्फ चवरी के विवेक पांडेय और देवरिया जिले के गौरीबाजार स्थित खैरटिया गांव के रहने वाले ऋषिकेश को पकड़ा था।

> "कुशीनगर में वारदात करने वाले गोरखपुर के सभी आरोपितों की क्राइम हिस्ट्री जुटाई जा रही है। इन आरोपितों में से एक आर्थक प्रताप सिंह के विरुद्ध दर्ज हुए आर्म्स एक्ट के मुकदमे में एफआर कैसे लगा इसकी जांच भी कराई जा रही है। लापरवाही सामने आने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही नए सिरे से केस की विवेचना कराई जाएगी।
> – डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

## अवैध अस्पतालों में भी फैला था विवेक सेठ का नेटवर्क

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कुशीनगर में नर्तकियों के साथ गैंगरेप में पकड़े गए कथित डॉ. विवेक सेठ का जबरदस्त नेटवर्क जिले के ग्रामीण अंचल के अपंजीकृत अस्पतालों में था। वह ग्रामीण क्षेत्र के अवैध अस्पतालों में अपना परिचय जनरल सर्जन के रूप में देता था।

उसके पास एनेस्थीसिया, ओटी टेक्नीशियन व असिस्टेंट की टीम रहती थी। इस टीम के साथ वह रोजाना अलग-अलग क्षेत्र में जाकर सर्जरी करता था। सूत्रों के मुताबिक, जिले के गगहा, चौरीचौरा, कैंपियरगंज, खजनी, सिकरीगंज, गोला व बेलघाट में दो दर्जन से अधिक अस्पतालों से उसका सर्जरी का नेटवर्क जुड़ा था। इन क्षेत्रों में अवैध अस्पतालों में सर्जरी करने के लिए जाता था। वह खुद को बवासीर, भगंदर, हार्निया व बच्चेदानी की सर्जरी का विशेषज्ञ बताता। उसकी टीम में चार युवक रहते थे। वे लग्जरी गाड़ी से अस्पताल पहुंचते। साथ में मौजूद युवकों की पहचान वह एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, ओटी टेक्नीशियन, ओटी असिस्टेंट के तौर पर करता था।

# बोलेरो सवार पशु तस्करों पर केस, गश्त भी बढ़ेगी

**फॉलोअप**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** आधी रात तो शहर में घूम रहे बोलेरो सवार पशु तस्करों के खिलाफ शुक्रवार को रामगढ़ताल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और फुटेज के आधार पर आरोपितों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बोलेरो सवार तस्कर कुशीनगर और बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

इससे पूर्व गुरुवार की आधी रात बाद एएसपी/सीओ कैंट अंशिका वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रुस्तमपुर ढाले से नीचे के उस इलाके का निरीक्षण किया जहां बुधवार की रात में पशु तस्करों ने पशुओं को उठाने का प्रयास किया था। सीओ ने चौकी के 200 मीटर दूर स्थित चौकी का भी निरीक्षण किया। चौकी में ताला बंद मिला जबकि पिकेट के सिपाही भी मौके पर नहीं थे। बाद में पता चला कि चौकी पर कोई इंचार्ज नहीं तैनात है। एसएसपी ने शुक्रवार को नए चौकी इंचार्ज को तैनात किया। वहीं दूसरी पुलिस ने मकान मालिक से घटना की पूरी फुटेज हासिल की। बीते कुछ दिनों से पशु तस्करों ने आधी रात को एक बार फिर शहर में दस्तक देनी शुरू कर दी है।

# खाली पड़ी 13 पुलिस चौकी पर तैनात किए गए इंचार्ज

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। कानून व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए एसएसपी ने 13 पुलिस चौकी पर नए इंचार्ज पोस्ट कर दिए। इसमें से कई चौकी खाली चल रही थीं। मोहद्दीपुर चौकी प्रभारी रहे शुभम श्रीवास्तव को नौसड़ चौकी का नया इंचार्ज बनाया गया। उनकी जगह मोहद्दीपुर में डांगीपार चौकी इंचार्ज रहे रवि प्रकाश कुंवर को भेजा गया।

इसी के साथ शशि किरण सिंह को पुलिस लाइंस से भटहट चौकी का प्रभारी बनाया गया। पुलिस लाइंस में रहे राजीव तिवारी को उनवल चौकी की जिम्मेदारी दी गई। थाना एम्स में रहे अखिलेश कुंवर को आजाद नगर चौकी प्रभारी, संतोष कुमार सिंह को पुलिस लाइंस से चौकी प्रभारी बलुआ, राकेश कुमार पांडेय को पुलिस लाइंस से हरनही चौकी प्रभारी, वीरेंद्र बहादुर सिंह को बड़हलगंज से घघसरा चौकी प्रभारी बनाया गया है।

वहीं जितेंद्र निर्मन को रामगढ़ताल से सिक्टौर चौकी प्रभारी, आदित्य उपाध्याय को महादेवाबाजार से चौकी प्रभारी बड़हलगंज कस्बा, विशाल राय को पुलिस लाइंस से भड़सार चौकी, सूर्यकांत को डांगीपार चौकी और सौरभ झा को पिपराइच से तरकुलहा का चौकी प्रभारी बनाया गया।

# दबिश देने गई पुलिस टीम पर हमला, दो सिपाही चोटिल

## दुस्साहस



- सहजनवा पुलिस अपहरण के आरोपित को गई थी दबोचने
- केस दर्ज कर एक आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**घघसरा, हिन्दुस्तान संवाद।** सहजनवा थाना क्षेत्र के सुरगहना गांव में गुरुवार रात अपहरण के आरोपित को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर मनबढ़ों ने हमला कर दिया। पथराव में दो पुलिसकर्मी चोटिल हो गए। पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के मुताबिक, सहजनवा क्षेत्र के सुरहगना निवासी एक युवक गैर बिरदरी की किशोरी को छह माह पहले बहला-फुसलाकर कर घर से भगा ले गया था। किशोरी के परिजनों ने आरोपी युवक पर केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। गुरुवार को सूचना मिली कि आरोपित गांव में आया है।

देर रात पुलिस टीम दबिश देने पहुंच गई। घर पर पहुंचते ही मनबढ़ों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। सिपाही की बाइक पर लात मारकर गिरा दिया। गड्ढे में बाइक गिरने से सिपाही विश्वनाथ व एक अन्य सिपाही घायल हो गए। इस दौरान हमलावरों ने पथराव भी किया। पुलिस पर हमले की सूचना पर थाने से पुलिस फोर्स गांव में पहुंच गई। गांव में अफरा तफरी मच गई। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

प्रभारी एसओ पंकज सिंह ने बताया अरुण व अनूप सहित पांच अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने अरुण को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है।



चिलुआताल पुलिस ने किराना की दुकान से शराब बेच रहे युवक को पकड़ा।

# किराना की दुकान से शराब बेचते गिरफ्तार

गोरखपुर। आबकारी विभाग ने चिलुआताल क्षेत्र के जीतपुर गांव में किराना की दुकान पर अंग्रेजी, देसी के साथ बीयर की बिक्री का मामला पकड़ा है। टीम ने आरोपी युवक को शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया है। जीतपुर गांव में रीतेश निषाद की किराना की दुकान है। जहां वह प्रिंट रेट से अधिक मूल्य लेकर अवैध तरीके से अंग्रेजी, देसी के साथ बीयर की भी बिक्री कर रहा था। आबकारी निरीक्षक श्याम कुमार गुप्ता की टीम ने किराना की दुकान से 45 पौवा देशी, अंग्रेजी शराब की 10 क्वार्टर और बीयर की सात केन बरामद की।

# शाहपुर में मां ने बेचा बच्चा वापसी के लिए किया केस

**शर्मनाक**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। शाहपुर इलाके में रहने वाली एक महिला ने अपने नवजात का सौदा कर दिया। उसने बच्चा नर्सिंग होम के एक कर्मचारी के निःसंतान रिश्तेदार को दे दिया। बाद में महिला ने शाहपुर थाने में केस दर्ज कराया। इसके बाद सक्रिय हुई पुलिस ने बच्चे को वापस करा दिया है।

राप्तीनगर की एक महिला ने शाहपुर पुलिस को बताया कि अपने पति से उसका छह महीने से विवाद चल रहा है। वह अपनी मां के साथ राप्तीनगर फेज-1 में रहती है। उसकी मां एक अस्पताल में काम करती है। 10 सितंबर की रात में उसी अस्पताल में सीजर से महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया। पति से विवाद और उसके पहले से दो बेटे (आठ वर्ष और तीन वर्ष) होने के कारण बच्चे को नहीं रखना चाहती थी।

➤ देवरिया के दंपति P04

- मुकदमे के बाद शाहपुर पुलिस ने बच्चा वापस कराया
- महिला बोली, पति से विवाद है, इसलिए दे दिया बच्चा

## 80 हजार में बेची थी बच्चा

पुलिस की जांच में पता चला है कि महिला ने 80 हजार रुपये में बच्चे को बेचा था। नि:संतान गरीब दंपति ने बच्चे की चाहत में कर्ज लेकर 48 हजार रुपये दिए थे, लेकिन बाकी की रकम का इंतजाम करने में देरी होने की वजह से बच्चे को बेचने वाली उसकी मां ने केस दर्ज करा दिया।

“ महिला को उसका बच्चा वापस करा दिया गया है। जांच में पता चला कि की लिखापढ़ी में मां ने स्वेच्छा से बच्चे को नर्स की रिश्तेदार को दिया था। लेकिन, फिर उसने बच्चा वापस पाने के लिए केस दर्ज कराया।

**योगेंद्र सिंह**, सीओ गोरखनाथ

# बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन लूटा, केस

पादरी बाजार। शाहपुर इलाके के राप्तीनगर में बुधवार की रात बाइक सवार बदमाश एक शख्स का मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। पीड़ित के प्रार्थना पत्र बृहस्पतिवार की रात शाहपुर पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर केस दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के मुताबिक, शाहपुर इलाके के राप्तीनगर फेज एक निवासी अजय कुमार गिरी बुधवार की रात 8:30 बजे एक अस्पताल से राप्तीनगर चौराहे की तरफ फोन पर बात करते जा रहे थे। उसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। संवाद

# कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लूटे आभूषण

सहजनवां। सहबाजगंज में बृहस्पतिवार की रात एक व्यक्ति का कार सवार बदमाशों ने अपहरण कर लिया और मारपीट कर उसके शरीर पर मौजूद आभूषण और साढ़े बारह हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित विजय सिंह ने शुक्रवार को थाने पर तहरीर दी, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि बताया कि बदमाशों ने उन्हें कालेसर नदी के पार हाईवे पर ले गए और वहीं उन्हें उतारकर फरार हो गए। पुलिस छानबीन कर रही है। संवाद

# छह महीने से जाली नोट भी छाप रहा था नवाब

**फर्जी स्टांप मामला**

गोरखपुर। वरिष्ठ संवाददाता। जाली स्टांप बेचने वाला बिहार के सिवान जिले का नवाब का गिरोह छह महीने से जाली नोट छाप रहा था। गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू की निशानदेही पर बुधवार को कैंट पुलिस ने 200 के चार जाली नोट बरामद किए थे। बरामदगी के आधार पर विवेचक ने शुक्रवार को इसी मामले में रिमांड पर लेने के साथ ही मुकदमे में जाली नोट छापने की धारा बढ़ा दी।

एक सितंबर को यूपी एटीएस ने सिवान, मोफस्सिल नई बस्ती के रहने वाले नवाब आरजू व उसके साथी राजू को रेलवे स्टेशन के पास फर्जी स्टाम्प, नकदी व गाड़ी के साथ पकड़ा था। पूछताछ में पता चला कि वह जाली नोट भी छापता है। जाली नोट के संबंध में पूछताछ करने के लिए विवेचक ने कोर्ट ने अर्जी देकर नवाब आरजू की कस्टडी रिमांड मांगी थी।

कैंट पुलिस ने नवाब आरजू की निशानदेही पर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास झाड़ी में पड़े बैग से लैपटाप, प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट बरामद किए। रात होने की वजह से उसे कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका था। जालसाज के कब्जे से जाली नोट व प्रिंटर मिलने की जानकारी कोर्ट में देने के साथ ही विवेचक ने रिमांड लेने की अर्जी दी। शुक्रवार को जालसाजी के मुकदमे में जाली नोट छापने की धारा बढ़ाने के साथ ही पुलिस ने नवाब को कोर्ट में पेश कर रिमांड लिया।

# आर्थक पर आर्म्स एक्ट केस में एफआर कैसे लगी.. होगी जांच

## एसएसपी के आदेश पर पुरानी फाइलों की नए सिरे से जांच शुरू

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। कुशीनगर में आर्केस्ट्रा डांसरों के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले के आरोपी आर्थक सिंह और उसके साथियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस ने उनकी पुरानी फाइलों की जांच नए सिरे से शुरू कर दी है। कैंट थाने में दर्ज आर्म्स एक्ट के एक केस में एफआर लग गई थी। एसएसपी ने अब इसकी फाइल दोबारा खुलवा दी है। आरोपियों के विरुद्ध गोरखपुर में कितने केस दर्ज हैं, इसकी जानकारी भी कुशीनगर पुलिस को भेजी गई है।

कुशीनगर की घटना का पुलिस मुख्यालय ने संज्ञान लिया तो अब आर्थक सिंह समेत सभी आरोपियों की आपराधिक रिकॉर्ड खंगाली जा रही है। इसी दौरान पता चला कि आर्थक सिंह ने पांच सितंबर, 2022 को गोरखपुर विश्वविद्यालय के आरपी शुक्ल छात्रावास में अपने साथियों संग मारपीट की थी। कैंट थाना पुलिस ने आर्थक सिंह के साथ ही जगरनाथपुर में रहने वाले हर्ष सिंह, गुलरिहा के जैनपुर में रहने वाले ओम मिश्रा, सहजनवां के सेमरा गांव में रहने वाले अमन सोलंकी, खोराबार के रामगढ़ उर्फ चंवरी के विवेक पांडेय और देवरिया जिले के गौरीबाजार स्थित खैरटिया गांव के रहने वाले ऋषिकेश को पकड़ा था।

आर्थक के पास से .32 बोर का एक कारतूस मिलने पर थाने के दरोगा सुशील कुमार यादव ने उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कराया, जिसमें एफआर (अंतिम रिपोर्ट) लगा दी गई थी।



आर्थक सिंह की सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीर। स्रोत- सोशल मीडिया



असलहे दिखा के...भौकाल जमाता था आर्थक

12 सितंबर को प्रकाशित खबर।

*कुशीनगर में वारदात करने वाले आरोपियों का आपराधिक विवरण जुटाया जा रहा है। आर्थक सिंह के विरुद्ध दर्ज हुए आर्म्स एक्ट के केस में एफआर (अंतिम रिपोर्ट) कैसे लगी, इसकी जांच कराई जा रही है। लापरवाही मिलने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के साथ ही नए सिरे से मामले की विवेचना कराई जाएगी।*

– डॉ. गौरव ग्रोवर, एसएसपी

# नेपाल घूमकर लौटे और कुशीनगर जाकर दिया घटना को अंजाम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पुलिस की छानबीन में पता चला कि आर्थक सिंह, हॉस्पिटल संचालक विवेक सेठ आठ सितंबर को नेपाल गए थे। वहां से लौटने के बाद हर्ष सिंह, विपिन यादव, नागेन्द्र यादव, अश्वन सिंह, कृष तिवारी व अन्य के साथ कप्तानगंज के सोहनी गांव में रहने वाले अजीत सिंह घर पहुंचे थे।

पकड़े गए युवकों से पूछताछ में पता चला कि कुशीनगर जिले में आर्थक सिंह की छावनी है, जहां वह अक्सर इस तरीके की पार्टी करता था। आठ सितंबर को अजीत का जन्मदिन होने की वजह से इन लोगों ने उसके घर पर पार्टी की थी। रात तक शराब की पार्टी चली। वहीं से डांसरों के उठाने गए और दरिंदगी के बाद पकड़े गए थे।

### शराब पार्टी के बाद उठाने गए थे डांसरों को

# घर में रखे लाखों के जेवर और नकदी चोरी

**सहजनवां।** वार्ड नंबर सात लुचुई में बृहस्पतिवार को चोरों ने लाखों के गहने और नकदी को साफ कर दिया। पीड़ित संदीप मद्धेशिया ने आरोप लगाया कि वह परिवार के साथ गोरखपुर चिकित्सक को दिखाने गए थे और वापस आने पर बारिश के कारण कस्बे में रुक गए। जब वह घर पहुंचे तो देखा कि घर का मुख्य गेट बाहर से ताला लगा हुआ था, लेकिन अंदर से कुंडी बंद कर दी गई थी। संवाद

# दो भाइयों पर मारपीट का केस दर्ज

**हरपुर बुदहट।** ग्राम पंचायत भेउसा निवासी मोनी देवी ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने महिला को अस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोनी देवी ने पुलिस को बताया कि 16 अगस्त को शाम करीब साढ़े सात बजे वह गांव से बाहर गई थी, तभी व्यास मुनि और त्रिमुनि उन्हें मारने पीटने लगे। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। संवाद

# गणपति प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए अस्थाई तालाब तैयार

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** भगवान गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए राप्ती तट पर एकला बांध पर दो और महेसरा व डोमिनगढ़ में एक-एक अस्थाई पोखरे का निर्माण कार्य नगर निगम ने पूरा कर लिया है। इन अस्थाई पोखरों में पानी भरने काम अंतिम दौर में है। साथ ही इन पोखरों तक सुगमतापूर्वक जाने के लिए एप्रोच मार्ग दुरुस्त कर बैरिकेडिंग का काम भी पूरा हो गया है। शुक्रवार को मुख्य अभियंता संजय चौहान ने अस्थाई तालाबों का निरीक्षण किया।

**डोमिनगढ़ में एप्रोच मार्ग खुदवा दिया :** डोमिनगढ़ में अस्थाई तालाब का निर्माण कर बैरिकेडिंग भी कर दी गई है। लेकिन रेलवे लाइन के पास जेसीबी लगा कर एप्रोच मार्ग के साथ बड़ा गढ्ढा कर मिट्टी से एप्रोच मार्ग को ब्लाक कर दिया गया है। इसके अलावा पुल के निकट से अस्थाई पोखरे की ओर जाने वाले मार्ग पर भी जेसीबी से खुदाई कर मार्ग अवरुद्ध कर दिया गया है।



गणपति महोत्सव घासीकटरा द्वारा स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा।

# फर्जी स्टांप प्रकरण : नवाब आरजू छापता था जाली नोट, बढ़ी धारा

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** फर्जी स्टांप बेचने वाला बिहार के सिवान जिले का गिरोह जाली नोट भी छापता है। गिरोह के मास्टरमाइंड नवाज आरजू की निशानदेही पर बुधवार को कैंट थाना पुलिस ने 200 रुपये के चार जाली नोट बरामद किए थे। विवेचक ने शुक्रवार को इसी मामले में रिमांड पर लेने के साथ ही केस में जाली नोट छापने की धारा भी बढ़ा दी।



नवाब आरजू

यूपी एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) ने एक सितंबर को सिवान (बिहार) मोफस्सिल नई बस्ती के रहने वाले नवाब आरजू व उसके साथी राजू को रेलवे स्टेशन के पास फर्जी स्टांप, नकदी व एक गाड़ी के साथ पकड़कर कैंट थाने में केस दर्ज कराया था। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि वह जाली नोट भी छापता है। एटीएस के निरीक्षक की तहरीर पर केस दर्ज कर कैंट पुलिस ने आरोपियों को जेल भिजवा दिया। जाली नोट के संबंध में पूछताछ करने के लिए विवेचक ने न्यायालय में अर्जी देकर नवाब आरजू की कस्टडी रिमांड मांगी थी।

मजिस्ट्रेट ने अर्जी स्वीकृत कर बुधवार को सुबह सात से रात 10 बजे तक के लिए नवाब की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की थी। जिला कारागार से अभिरक्षा में लेकर विवेचक पहले सिवान गए, वहां पहुंचने पर उसने बताया कि मैरवा में रहने वाली बहन के घर पर जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप रखा था। पकड़े जाने के बाद उसकी पत्नी ने गोरखपुर में ले जाकर छिपा दिया है।

रात को कैंट पुलिस ने नवाब आरजू की निशानदेही पर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर सात के पास झाड़ी में पड़े बैग से लैपटाप, प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट बरामद किए।

रात होने की वजह से उसे कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका था। जालसाज के कब्जे से जाली नोट व प्रिंटर मिलने की जानकारी सीजेएम कोर्ट में देने के साथ ही विवेचक ने रिमांड लेने की अर्जी थी। शुक्रवार को जाली नोट छापने की धारा बढ़ाने के साथ ही कैंट पुलिस ने नवाब आरजू को इस मामले में न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया।

**एक सितंबर को एटीएस ने दबोचा था सिवान के रहने वाले नवाब आरजू को**



13 सितंबर को प्रकाशित खबर।

नवाब आरजू ने रिमांड पर लेने पर लैपटाप, प्रिंटर के साथ ही 200 रुपये के चार जाली नोट बरामद कराए हैं। जालसाजी केस में अब जाली नोट की धारा बढ़ा दी गई है।

–अभिनव त्यागी, एसपी सिटी

# विसर्जन व वीआईपी रूट पर लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। शहर के वीआईपी रूट और मूर्ति विसर्जन वाले मार्ग को नगर निगम सीसीटीवी कैमरों से लैस करेगा। इसके लिए 44 स्थान चिह्नित कर लिए गए हैं। यहां पर 175 कैमरे लगाए जाएंगे। शारदीय नवरात्र से पहले इसको पूरा कर लिया जाएगा।

वीआईपी मूवमेंट, शोभायात्रा और विसर्जन में नगर निगम को रास्ते की सफाई व्यवस्था का ध्यान रखना होता है। कैमरे की निगरानी से यह काम आसान हो जाएगा। इन कैमरों को इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर से जोड़ा जाएगा। नवरात्र के बाद प्रतिमा विसर्जन और विजयदशमी की शोभायात्रा की निगरानी कैमरे से की जा सकेगी।



## कैमरे लगाने के लिए 44 स्थान चिन्हित, नवरात्रि से पहले हो जाएगा कार्य पूरा

शहर की सफाई और सुरक्षा के दृष्टिगत विसर्जन, शोभायात्रा और वीआईपी रूटों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। आईसीसीसी से जोड़कर इन स्थानों की निगरानी की जाएगी।
- संजय चौहान, मुख्य अभियंता, नगर निगम

जिन स्थानों को चिह्नित किया गया है उसमें नगर निगम मुख्य द्वार, जलकल भवन, मल्टीलेवल पार्किंग गोलघर, नगर निगम स्टोर सिविल लाइंस, रैन बसेरा रेलवे रोड, रैन बसेरा छात्रसंघ चौराहा, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, नगर निगम वर्कशॉप, वीटीएमएस वैन पार्किंग, जोनल ऑफिस लालडिग्गी, सूरजकुंड, राप्ती नगर, कल्याण मंडपम सूरजकुंड, गोरखनाथ मंदिर के बाहर, कल्याण मंडपम खोराबार, रैन बसेरा धर्मशाला, रैन बसेरा टीपी नगर, इंदिरा बाल विहार, बेतियाहाता चौक, घोष कंपनी चौराहा, बस स्टेशन, काली मंदिर तिराहा, कुनराघाट तिराहा, डीडीयू गेट, तरंग क्रॉसिंग, टीडीएम तिराहा, शास्त्री चौक, कचहरी चौराहा, नगर निगम परिसर, सर्किट हाउस, फिराक चौराहा, यूनिवर्सिटी चौराहा, टीपी नगर चौराहा, राजघाट एकला बांध, नौसड़ तिराहा, रेती चौक, नखास चौराहा, दुर्गाबाड़ी तिराहा, गोरखनाथ ओवरब्रिज के पास शामिल है।

---

**अपराध** छोटी-मोटी मारपीट की घटनाओं में रहा शामिल, मधुमिता हत्याकांड में नाम आया तो चौंक पड़े थे करीबी लोग

# भौकाल के चक्कर में बना शूटर फिर सजायाफ्ता मुजरिम

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर के एक अच्छे परिवार से ताल्लुक रखने वाला प्रकाश पांडेय गलत संगत में ऐसा पड़ा कि उसके कदम गलत राह पर चल पड़े। छात्र राजनीति के दौरान भौकाल दिखाने के चक्कर में वह मनबढ़ों की मंडली से जुड़ा। इस बीच नशे का भी आदी हो गया। मामूली मारपीट की घटनाओं में नाम आने लगा। मधुमिता हत्याकांड में सीबीआई ने उसे उठाया तब पता लगा कि शूटरों में संतोष राय के साथ वह भी था। यह जानकर उसके करीबी हैरत में पड़ गए थे।

प्रकाश पांडेय के जानने वाले अफसोस जताते हुए बताते हैं-शहर के व्यवसायी एवं पेट्रोल पंप मालिक मुक्तेश्वर नाथ पांडेय के दो बेटों में प्रकाश पांडेय बड़ा था। उसने एमजी इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट और फिर एमजी डिग्री कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई की। पढ़ाई के दौरान ही वह कुछ मनबढ़ों के संपर्क में आ गया। फिर उसकी रोजाना मिलना-जुलना रुस्तमपुर और आजाद चौक पर होने लगी। उसके पुराने दोस्त बताते हैं, प्रकाश के पास रुपये की कमी नहीं थी। वह अंधाधुंध खर्च भी करता था। इसलिए, उसके दोस्तों का दायरा भी बढ़ता गया।

इसी बीच वह नशे का आदी हो गया। 1999 में उसके पिता के निधन हो गया और उसके बाद तनाव में आ गया। कारोबार संभालने की कोशिश की, लेकिन नाकाम रहा। फिर धीरे-धीरे तबाह ही होता गया। आखिरकार 12 सितंबर को उसकी कैंसर के चलते लखनऊ में मौत हो गई। अंतिम संस्कार के बाद उसके दुखी चाचा मंकेश्वर पांडेय ने बताया-प्रकाश के निधन से सभी लोग परेशान हैं। कुछ कहने की स्थिति नहीं है। बस इतना ही कहूंगा कि परिवार के लोगों को बहुत पीड़ा सहन करनी पड़ी।

### शहर के व्यापारी परिवार से ताल्लुक रखने वाला प्रकाश पांडेय हो गया था नशे का आदी

### *पत्नी है एसोसिएट प्रोफेसर, लव मैरिज की थी*

*प्रकाश पांडेय ने लव मैरिज शादी की थी और उसकी पत्नी लखनऊ में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। उनका मायका दुर्गा चौक के आगे पथरा कॉलोनी के पास है। प्रकाश के दो बेटे हैं। प्रकाश की मौत के बाद पूरा परिवार सदमे में है। बताते हैं कि मुख कैंसर होने के बाद उसकी हालत ठीक हो गई थी। धीरे-धीरे वह रिकवर करने लगा था, लेकिन कुछ दिनों बाद ही कैंसर बढ़ने लगा। अंतिम दिनों में उसे पीजीआई में भर्ती कराना पड़ा।*

### छात्रसंघ चुनाव में सक्रिय संतोष को सीबीआई ने उठाया तब खुला था खेल

वर्ष 2002-03 में मधुमिता शुक्ला की हत्या के बाद संतोष राय और प्रकाश पांडेय गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में सक्रिय रहे। लंबे समय से दोनों लखनऊ रहने के बाद जब चुनाव में संजीव सिंह श्रीनेत का प्रचार करने आए तो दोस्त भी चौंक गए थे। उनके बीच संतोष राय और प्रकाश बदले से नजर आए। पुराने समय को याद करते हुए रुस्तमपुर के राकेश पांडेय और संतोष कुमार बताते हैं- दोनों लग्जरी गाड़ी से प्रचार करने आते थे और खर्च भी खूब करते थे। किसी को समझ में नहीं आता था कि इतना पैसा कहां से आया। एक दिन अचानक जब सीबीआई ने संतोष राय को उठा लिया तो सारा मामला सामने आ गया। सीबीआई की टीम इनके पीछे कई दिन से लगी हुई थी। इसके बाद प्रकाश पांडेय और राहुल चतुर्वेदी को गिरफ्तार किया गया।

### गलत संगत में भटककर तबाह हुआ था प्रकाश पांडेय

रिटायर्ड सीओ शिव पूजन सिंह यादव बताते हैं कि वर्ष 2002-03 में वे सीओ कोतवाली थे। उन्हें याद है कि प्रकाश पांडेय का नाम कभी बदमाशों में नहीं आया। मधुमिता हत्याकांड में पहली बार उसका नाम सुना। उस दौरान क्राइम हिस्ट्री तलाशने को कहा गया था, लेकिन कुछ नहीं मिला। पता चला कि वह एक अच्छे परिवार से है। गलत दोस्तों का साथ मिला और उसे किसी ने रोका-टोका नहीं। प्रकाश जैसे बहुत सारे युवा भटक जाते हैं और उसका परिणाम पूरा परिवार झेलता है। ऐसे में बच्चों की हर गतिविधि पर नजर रखना जरूरी है।

# श्रीप्रकाश बनने की चाह में तबाह हुआ प्रकाश पांडेय

## अमरमणि के साथ ही प्रकाश पांडेय को भी हुआ था आजीवन कारावास, पीजीआई में हुई मौत

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। लखनऊ में कवयित्री मधुमिता शुक्ला हत्याकांड का दोषी शूटर प्रकाश पांडेय गलत सोहबत में पड़कर तबाह हुआ। छात्र राजनीति के दौरान वह माफिया डॉन श्रीप्रकाश शुक्ला जैसा बनने का ख्वाब संजोने लगा था। शूटर संतोष राय के चक्कर में पड़कर वह अमरमणि खेमे से जुड़ा और फिर मधुमिता की हत्या में बतौर शूटर पकड़ा गया।

इसके बाद उसे मधुमिता हत्याकांड में दोषी करार दिया गया। जमानत पर छूटा, मगर कैंसर ने गिरफ्त में ले लिया। बृहस्पतिवार को पीजीआई लखनऊ में उसकी मौत हो गई। वह मुख कैंसर से पीड़ित था। परिजन शव लेकर गोरखपुर के चरगांवा स्थित आवास पर आए। वहीं देर रात करीब 10 बजे राजघाट पर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

मधुमिता शुक्ला हत्याकांड में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के साथ ही प्रकाश पांडेय को भी आजीवन कारावास की सजा हुई थी। सुप्रीम कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील करने पर उसे जमानत मिल गई थी। 2013 से वह जेल से बाहर था।

जानकारी के अनुसार, शाहपुर के चरगांवा निवासी प्रकाश पांडेय दो साल से मुख कैंसर से जूझ रहा था। एक साल पहले उसके मुंह का ऑपरेशन हुआ था। इसके बाद से ही वह खाना नहीं खा पाता था। उसके पेट में एक नली डालकर बाहर निकाली गई थी, जिसके जरिए तरल पदार्थ उसे दिया जाता था। एक साल से वह बीमारी की वजह से समाज से कट गया था। लखनऊ में ही पत्नी और 14 साल के बेटे के साथ रहता था।

गोरखपुर स्थित आवास पर छोटा भाई नवीन पांडेय और मां रहती हैं। बृहस्पतिवार को जब शव चरगांवा स्थित उसके आवास पर आया तो उसे देखने के लिए रिश्तेदारों और दोस्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। दाह संस्कार के समय रात 12 बजे तक लोग राजघाट पर जमे रहे।

वर्ष 2003 में लखनऊ में मधुमिता शुक्ला की गोली मारकर हत्या की गई थी। इसमें पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी, उनकी पत्नी मधुमणि, भतीजा रोहित चतुर्वेदी, संतोष राय और प्रकाश पांडेय आरोपी बने थे। वर्ष 2007 में उत्तराखंड के देहरादून की सीबीआई कोर्ट ने पूर्व मंत्री व उनकी पत्नी समेत चार लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

इसमें साक्ष्य के अभाव में प्रकाश पांडेय को कोर्ट ने बरी कर दिया था। सभी आरोपियों ने सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की। वर्ष 2012 में हाईकोर्ट ने सबके साथ ही प्रकाश पांडेय को भी दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जेल में बंद रहने के दौरान ही प्रकाश ने सजा के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की। एक साल जेल काटने के बाद वर्ष 2013 में उसे जमानत मिल गई।



मधुमिता हत्याकांड: प्रकाश पांडेय की मौत के बाद चरगांवा स्थित आवास पर पसरा सन्नाटा। अमर

**2013**

से बाहर था प्रकाश, सुप्रीम कोर्ट में सजा के खिलाफ अपील करने पर मिली थी जमानत



प्रकाश पांडेय (फाइल फोटो)

## छात्रसंघ चुनाव में संतोष राय के संपर्क में आया प्रकाश पांडेय

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। शहर में छात्रसंघ चुनाव की देन थे मधुमिता हत्याकांड में दोषी संतोष राय और प्रकाश पांडेय। वर्ष 1997-98 में डीवीएनजीओ कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव लड़े और जीतने के बाद उन्होंने अपराध की दुनिया में कदम रखा। सूत्र बताते हैं संतोष राय के साथ प्रकाश पांडेय के जुड़ने से रात में शराब और शहर में बैठकी के लिए एक बड़ा सहारा मिल गया। इसी का नतीजा था कि गोलघर से लेकर हुमायूंपुर में रोजाना रात के समय संतोष, प्रकाश और शहर के मनबढ़ युवाओं की गोल जुटने लगी। यहीं से फिर इन दोनों ने मणि परिवार के द्वार में अपनी दखल बनाई। इसके बाद मधुमिता हत्याकांड में दोषी बने।

**शहर में परिवार का एक पेट्रोल पंप :** प्रकाश पांडेय की आर्थिक पृष्ठभूमि काफी मजबूत थी। शहर में उसके परिवार का एक पेट्रोल पंप भी है। इसके अलावा परिवार का एक रिश्ता अधिकारी परिवार में हुआ था। ऐसे में आर्थिक संपन्नता ने उसे बिना किसी परवाह के संतोष राय और पूर्व मंत्री के करीब कर दिया। इसी बीच मधुमिता हत्याकांड में नाम आने और दोष सिद्ध होने के बाद जीवन जेल और बीमारी में गुजर गया।

### मनबढ़ों का मिला साथ तो बन गया अपराधी

प्रकाश के पुराने साथियों ने बताया कि श्रीप्रकाश शुक्ला, संतोष राय और प्रकाश पांडेय की उम्र लगभग एक थी। संतोष राय का हुमायूंपुर के भीम सिंह और भीम तिवारी नाम के मनबढ़ युवकों का साथ हो गया। 22 सितंबर 1998 में श्रीप्रकाश शुक्ला और उसके गैंग के लगभग सभी मनबढ़ अपराधियों का एनकाउंटर हो गया था। इसी के बाद गोरखपुर के संतोष राय, भीम सिंह, भीम तिवारी समेत कुछ और मनबढ़ युवकों ने अपराध में सक्रियता बढ़ाई। बाद में मंत्रियों के साथ के चलते संतोष और प्रकाश लखनऊ ही रहने लगे।

## प्रकाश के दिए तमंचे से शूटर ने की थी मधुमिता की हत्या

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मधुमिता हत्याकांड में प्रकाश पांडेय (48) पर शूटर को तमंचा देने का आरोप लगा था। उसी तमंचे से गोली मारकर मधुमिता की हत्या की गई थी। यह आरोप सिद्ध होने पर हाईकोर्ट ने प्रकाश पांडेय को भी दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई थी, लेकिन वह केवल पांच साल तक जेल में रहा, जबकि बाकी आरोपियों में अमरमणि और मधुमणि 19 साल जेल में रहकर छूटे। वहीं मेन शूटर संतोष राय और रोहित चतुर्वेदी अभी भी सजा काट रहे हैं। कोर्ट में केस की पैरवी के लिए दौड़ भाग के तनाव के बीच प्रकाश कैंसर से पूरी तरह टूट गया।

जानकारी के अनुसार, नौ मई 2003 को लखीमपुर खीरी की उभरती कवयित्री मधुमिता शुक्ला की लखनऊ के पेपर मिल कॉलोनी स्थित उनके घर में सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। उस समय मधुमिता सात महीने की गर्भवती थी। जांच में पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी और उनकी पत्नी मधुमणि का नाम आया।

पुलिस की जांच में पता चला कि अमरमणि त्रिपाठी और मधुमिता के बीच लंबे समय से संबंध थे। इसको लेकर मधुमिता की हत्या की साजिश रची गई।

### स्कूल कॉलेज में मारपीट करता था प्रकाश

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2003 में मधुमिता हत्याकांड में नाम आने के बाद वह रातों रात पूरे प्रदेश में एक बड़े शूटर के रूप में चर्चित हो गया। यह पहला बड़ा अपराध उसकी जीवन का आखिरी अपराध बन गया। इस वारदात से उसके जीवन को पूरी तरह बदल दिया। कभी जेल कभी बाहर आने के तनाव ने उसे बीमार बना दिया था। वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। नशे की बुरी लत की वजह से वह मुख के कैंसर का शिकार हो गया। घरवालों ने काफी प्रयास किया, लेकिन वह ठीक नहीं हो पाया।

# पशु तस्करों पर केस दर्ज सीसीटीवी फुटेज से तलाश

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रात में शहर में घूम रहे बोलेरो सवार पशु तस्करों के खिलाफ शुक्रवार को रामगढ़ताल पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। अब फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। बोलेरो सवार तस्कर कुशीनगर और बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

इससे पूर्व बृहस्पतिवार की आधी रात बाद एएसपी/सीओ कैंट नेतृत्व में पुलिस टीम ने रुस्तमपुर ढाले से नीचे के उस इलाके का निरीक्षण किया, जहां बुधवार रात पशु तस्करों ने पशुओं को उठाने का प्रयास किया था। सीओ ने घटना स्थल से 200 मीटर दूर स्थित चौकी का भी निरीक्षण किया। चौकी में ताला बंद मिला जबकि पिकेट के सिपाही भी मौके पर नहीं थे। बाद में पता चला कि चौकी पर कोई इंचार्ज नहीं तैनात है। एसएसपी ने शुक्रवार को नए चौकी इंचार्ज को तैनात किया। वहीं दूसरी पुलिस ने मकान मालिक से घटना की पूरी फुटेज हासिल की।

> बोलेरो सवार पशु तस्करों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा। आधी रात को होने वाली इस घटना को लेकर पुलिस को अलर्ट किया गया है। थानेदार से लेकर अफसर तक से सड़क पर भ्रमण कर तस्करों पर सख्ती का निर्देश दिया गया है।
>
> **- डॉ. गौरव ग्रोवर,** एसएसपी

बुधवार की रात में बारिश के बीच रुस्तमपुर ढाले से फलमंडी वाले रोड पर एक धार्मिक स्थल से पहले पशुओं को पकड़ते तस्करों का वीडियो कैमरे में कैद हुआ था।

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# अधेड़ ने पुल से नदी में लगायी छलांग चरवाहों ने बचाई जान

**देवरिया(एसएनबी)।** बीमारी से आजिज आकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने के उद्देश्य से एक अधेड़ ने सबवट पुल से छोटी गंडक नदी में छलांग लगा दी। अधेड़ को पुल से नदी में छलांग लगाते देख वहां भैंस चरा रहे चरवाहों ने किसी तरह से उन्हें पानी से बाहर निकाला और इसकी सूचना पुलिस समेत एंबुलेंस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे एंबुलेंस से उन्हें इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य तरकुलवा भिजवाया जहां उनका इलाज चल रहा है। तरकुलवा थाना क्षेत्र अंतर्गत मदरिया गांव निवासी लाल बाबू दुबे (58 वर्ष) पुत्र शिवमंगल की तबीयत 3 सालों से खराब चल रही है। परिजन उनका इलाज लखनऊ के एक निजी चिकित्स के वहां से करा रहे हैं। बृहस्पतिवार की सुबह वह बिना बिना बताए घर से निकल कर छोटी गंडक नदी के बसंतपुर धूसी स्थित सबवट पुल पर पहुंच गए और अचानक नदी में छलांग लगा दी। यह देख वहां नदी के किनारे भैंस चरा रहे चरवाहों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे वहां ग्रामीणों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। इसी बीच कुछ चरवाहे नदी में कूद पड़े और उन्हें बड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह से पानी से निकाला। सूचना पाकर पुलिस तथा एंबुलेंस चालक नागेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज हेतु तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तरकुलवा में भर्ती कराया, जहां इलाज चल रहा है।

# छात्रा की मां के तहरीर पर आधा दर्जन पर केस

**मदनपुर(एसएनबी)।** गत सोमवार को सेमरापुल से नदी में कूदी छात्रा की माँ के तहरीर के आधार पर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि इन लोगो के प्रताड़ना से तंग आकर छात्रा ने आत्मघाती कदम उठाते हुए नदी में छलांग लगा दी थी।तहरीर में छात्रा द्वारा एक सोसाइट नोट भी लिखे जाने की बात बताई गई है।गत सोमवार को थानाक्षेत्र के भदिला दोयम गाव निवासी रामनिवास साहनी की पुत्री नेहा साहनी घर से विद्यालय के लिए निकली थी।वह गनियारी इंटर कालेज में कक्षा 12 वी की छात्रा थी।बताया जाता है कि वह विद्यालय न जाकर लगभग 11.30 बजे सेमरापुल पर पहुच गयी।इस दौरान वह किसी से मोबाइल पर बात कर रही थी।बात करते-करते अचानक वह नदी में छलांग लगा दी।वहां मौजूद लोग उसे बचाने की कोशिश किए किन्तु नदी में अधिक पानी और बहाव के कारण उसे बचा नही सके।इस घटना के एक दिन बाद छात्रा का शव पुल से कुछ दूरी पर मिला।जिसे पुलिस ने कब्जे में लेकर पीएम हेतु देवरिया भेज दिया था।उधर इस घटना के लिए आधा दर्जन से अधिक लोगो को जिम्मेदार मानते हुए छात्रा की माँ सुनीता देवी ने स्थानीय थाने में तहरीर दी।

# मारपीट की घटना में दो गिरफ्तार

लार (एसएनबी)। बीते 8 सितंबर को मेहरौना में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने चार नामजद सहित 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था। लार थाना क्षेत्र के मेहरौना गांव निवासी अंकित गुप्ता पुत्र तारकेश्वर गुप्ता ने लार पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मैं अपने भाई मुन्ना गुप्ता सहित गांव के लगभग 15 लोगों के साथ खेमादेई स्थित हाइड्रिल पर पहुंचा और लाइनमैन से बात किया कि हम हिंदुओं की लाइन ट्रांसफार्मर से काट दी गई है चलकर लाइट जोड़ दीजिए। उसी समय निवासी तौसीफ अहमद गाली गलौज करने लगा। 8 तारीख को दिन में जब मैं मेहरौना से लार जा रहा था तभी मुझे रास्ते में घेर कर गाड़ी रोककर मुझे भद्दी भद्दी गाली देकर मारने लगे। जिससे मुझे चोट आयी है। पुलिस ने इस मामले में तौसीफ अहमद, दिलदार, अरशद राशीद सहित 20 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मारपीट सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को भोर में छापामारी करके दिलशाद और तौसीफ को छापामार कर गिरफ्तार कर लिया। शेष की तलाश जारी है। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक लार कपिल देव चौधरी ने कहा कि नामजद आरोपियों में दो को गिरफ्तार करके शांति भंग में चालान किया गया।

---

चार अगस्त को जयप्रकाश सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय मेहरौना में हुई थी घटना

# विद्यार्थियों को विषाक्त भोजन कराने वाले संचालक की जमानत खारिज

**अदालत से**



आश्रम पद्धति स्कूल मेहरौना में विषाक्त भोजन से बीमार बच्चों को ले जाती एंबुलेंस। (फाइल फोटो)

- विषाक्त भोजन के चलते 80 छात्र हो गए थे बीमार, एक छात्र की हो गई थी मौत
- मेसर्स कन्हैया इंटरप्राइजेज चौरीचौरा के संचालक राजेश गुप्ता पर दर्ज हुआ था केस

देवरिया, विधि संवाददाता। बरियारपुर थाना क्षेत्र के जयप्रकाश सर्वोदय विद्यालय मेहरौना में बच्चों को विषाक्त भोजन कराने वाले मैसर्स कन्हैया इंटरप्राइजेज के संचालक राजेश गुप्त की जमानत शुक्रवार को खारिज हो गई। अपर सत्र न्यायाधीश संजय सिंह की अदालत ने आरोपी को लोक सेवक के आदेश की अवज्ञा करने, विषाक्त भोजन कराकर विद्यार्थियों का जीवन संकटापन्न करने व उपेक्षा पूर्ण कार्य से नौनिहाल की हत्या करने के मामले में संलिप्तता पाये जाने पर जमानत देने से इनकार कर दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने बताया कि जयप्रकाश सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय मेहरौना के छात्रों को नाश्ता व भोजन करने की जिम्मेदारी मेसर्स कन्हैया इंटरप्राइजेज चौरी चौरा जनपद गोरखपुर के संचालक राजेश को दी गई थी। लेकिन राजेश गुप्ता ने उपेक्षा पूर्ण कार्य करते हुए 4 अगस्त 24 को दोपहर में बना बासी भोजन रात में बच्चों को खिला दिया। जिससे लगभग 80 छात्रों की तबीयत खराब हो गई। सूचना पर तत्काल रामपुर कारखाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की टीम विद्यार्थियों का इलाज की लेकिन स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज देवरिया भेजा गया। एक छात्र की तबीयत काफी खराब होने के कारण उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी देवरिया की सूचना पर फर्म के संचालक राजेश गुप्ता के विरुद्ध हत्या व लोक सेवक के आदेश की अवहेलना करने, उपेक्षा पूर्ण कार्य से दूसरों का जीवन संकटापन्न करके हत्या करने के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। आरोपी राजेश गुप्ता की जमानत प्रार्थना पत्र पर बल देते हुए उनके अधिवक्ता ने तर्क दिया कि राजेश गुप्ता का इस घटना में कोई दोष नहीं है क्योंकि भोजन जांच कमेटी की जांच के बाद ही बच्चों में वितरित किया जाता है। ऐसे में यदि जांच कमेटी ने अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं किया तो इसके लिए जांच कमेटी दोषी है लेकिन अदालत ने बच्चों में अविश्वास एवं भय का वातावरण उत्पन्न करने, शैक्षणिक माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव डालने व उपेक्षा पूर्ण कार्य से बच्चों के जीवन संकटापन्न करने व उनकी हत्या करने के मामले में संचालक की संलिप्तता पाए जाने तथा विवेचना को प्रभावित किए जाने में उसकी भूमिका को देखते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया।

---

# फर्जी नियुक्ति मामले में दो नामजद सहित चार पर केस

कलंक के खिलाफ

- तहसील में संग्रह अमीन चपरासी के पद पर गलत तरीके से हुई थी नियुक्ति
- नायब तहसीलदार की तहरीर पर बरहज पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बरहज, हिन्दुस्तान संवाद। बरहज तहसील में मृतक आश्रित संग्रह अमीन चपरासी के पद पर गलत तरीके से नियुक्ति का खुलासा होने पर नायब तहसीलदार रविंद्र मौर्य की तहरीर पर दो नामजद सहित चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध बरहज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

तहसील में कार्यरत संग्रह अमीन छेदी यादव की मौत वर्ष 2022 में हो गई। उनकी अपनी कोई संतान न होने के कारण शैलेश यादव पुत्र अज्ञात निवासी थाना भलुअनी ने योजनबद्ध तरीके से पूर्व में तहसील में तैनात रहे संग्रह अमीन हरिश्चन्द्र प्रसाद से सांठगांठ कर फर्जी निवास प्रमाण पत्र एवं गोदनामा बनाकर लोक सभा चुनाव आचार संहिता के दौरान संग्रह अमीन चपरासी के पद पर अपनी नियुक्ति करा लिया। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र देकर पूरे प्रकरण की जाँच करने की मांग की। शिकायती पत्र में यह भी बताया गया है कि नियुक्ति में जिस शैक्षिक प्रमाण पत्र का उपयोग किया गया है वह भी फर्जी है। फर्जी न्युक्ति के विरुद्ध जाँच का आवेदन पड़ते ही जाँच के लिए उच्चाधिकारियों ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर रिपोर्ट की मांग की। कमेटी द्वारा जाँच के दौरान यह बात सामने आई कि शैलेश यादव ने अभिलेखों मे कूट रचना कर मृतक छेदी यादव के नाम के आधार पर अपना निवास प्रमाण पत्र बनवा लिया है। इतना ही नहीं कक्षा 8 पास जिस शैक्षणिक प्रमाणपत्रों की नियुक्ति में उपयोग किया गया है वह भी नायब तहसीलदार के जाँच में फर्जी पाया गया है। फर्जीवाड़े का खुलासा होते ही नायब तहसीलदार रविन्द्र मौर्य ने बरहज थाने में तहरीर देकर कूट रचना और धोखा धड़ी के द्वारा नियुक्ति पाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने को कहा। पुलिस ने शैलेष यादव व अमीन हरिश्चंद्र प्रसाद सहित चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज किया गया है। जाँच कार्यवाही की जा रही है।

# पशु तस्कर गिरफ्तार, गया जेल

**खुखुन्दू।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बैरौना गांव के पास से पुलिस ने शुक्रवार को एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बताते चलें कि पांच दिन पहले पुलिस ने भलुअनी दुबे गांव के पास एक पिकअप पकड़ा था। जिसमें एक गाय समेत छह बछड़ों को लादकर तस्कर गौ-वध के लिए बिहार ले जा रहे थे। गाय समेत पांच बछड़ों की मौत हो चुकी थी। पुलिस केस दर्ज कर तस्करों की तलाश में लगी थी।



थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह मुखबिर से सूचना मिली कि एक पशु तस्कर बैरौना गांव के पास घुम रहा है। सूचना मिलते ही मयफोर्स मौके पर पहुंचा गया। पुलिस की गाड़ी देखते ही तस्कर भागने लगा। दौड़ा कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अभिषेक यादव पुत्र राम समुझ यादव निवासी रसूलपुर माझी थाना गंभीरपुर जिला आजमगढ़ बताया। उसने बताया कि पांच दिन पहले पिकअप में लादकर एक गाय समेत छह बछड़ों को लेकर बिहार वध के लिए ले जा रहा था। अभिषेक ने कबूला कि वहीं पिकअप चला रहा था। बाकी तीन तस्कर और गाड़ी में बैठे हुए थे। पुलिस का पीछा करता देख सब कुदकर भाग निकले। बताते चलें कि रविवार को पुलिस ने एक पिकअप में लदे एक गाय समेत छह बड़े-बड़े बछड़ों को मुक्त कराया था। हालांकि उसमें एक ही बछड़ा जीवित था। बाकी की मौत हो चुकी थी।

# बुलेट का साइलेंसर बजा रहे वाहन को पुलिस ने किया सीज, युवक का चालान

**मेहरौनाघाट (एसएनबी)।** लार कस्बे के एक लार पुलिस ने एक बुलेट को सीज करते हुए युवक को गुरुवार की देर शाम चालान कर दिया। लार कस्बे के कुछ युवक गुरुवार की शाम गणेश प्रतिमा का विसर्जन करने मेहरौनाघाट गए थे। इसी में शामिल एक युवक बुलेट लेकर मेहरौना बाजार में साइलेंसर बजाने लगा। पुलिस ने युवक के इस हरकत को देख लिया। युवक के इस हरकत से नाराज पुलिस ने बुलेट को सीज करते हुए चालान कर दिया।

## बरामदे का छत गिरा
## नकली सीमेंट लगाने का आरोप

**सलेमपुर (एसएनबी)।** लार थाना क्षेत्र के फरियांवडीह गांव में नवनिर्मित पानी की टंकी के साथ कमरे के बरामदा भी बनाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि नकली सीमेन्ट का प्रयोग करने से यह छत गिर गया। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार का दो जगह पानी की टंकी बनाने का ठेका है। दो हफ्ते पहले बरामदा लिंटर हुआ था, सेंटरिंग खोलने के दौरान ही छत नीचे आ गया। आसपास के लोगो का कहना है कि नकली सीमेंट का प्रयोग होने से यह घटना हुई है।

# डीसीएम चालक समेत अन्य तीन पर मुकदमा दर्ज

खुखुन्दू। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुसैला चौराहे पर जल निगम का पाइप चोरी के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए डीसीएम चालक समेत तीन अन्य के खिलाफ चोरी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर तीन और आरोपियों की तलाश कर रही है। तीनों चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस दो मोबाइल फोन का डिटेल खंगालने में जुटी है। उधर, डीसीएम चालक को पुलिस न्यायालय में पेश की। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया।



थाना क्षेत्र के मुसैला चौराहे के आस-पास गांवों में इन दिनों जल जीवन मिशन के तहत जल निगम का पाइप बिछाने का काम बड़ी तेजी से चल रहा है। जिसके लिए संबंधित ठेकेदार ने मुसैला चौराहे पर बड़े पैमाने पर पाइप गिराया है। बृहस्पतिवार को एक हाइड्रा क्रेन से पाइप उठाकर डीसीएम पर लोड किया जा रहा था। तभी काम कर रहे मजदूर वहां पहुंच गए और पूछे पाइप किस गांव में और किस साइड पर जा रहा है। जिसपर डीसीएम चालक कुछ बता नहीं पाया। फिर मजदूरों ने इसकी जानकारी सलेमपुर निवासी ठेकेदार संपूर्णा गुप्ता को दी। वह तत्काल मौके पर पहुंचे और पुलिस बुला लिया। हालांकि हाइड्रा क्रेन छोड़कर चालक भाग निकला। पुलिस ने डीसीएम चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शुक्रवार को बिहार प्रांत के जिला शारण के थाना खैरा, गांव खैरा निवासी सुपरवाइजर शशिकुमार पुत्र अमरनाथ की तहरीर पर कुशीनगर जनपद के थाना कप्तानगंज निवासी लक्ष्मीपुर के डीसीएम चालक गुड्डू यादव पुत्र सूर्यबली यादव और तीन अज्ञात के खिलाफ चोरी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज की है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि चालक ने चोरी में तीन और लोगों के शामिल होने की बात बताई है। दो मोबाइल नंबर भी बताया है। काल डिटेल खंगाला जा रहा है। फिर तीनों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्कूल बस के चालक पर जानलेवा हमले में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**भटनी ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के भरौली चौराहे पर स्कूल बस चालक से साईड देने को लेकर हुए विवाद मे कुछ लोगो द्वारा बस चालक पर जानलेवा हमला कर मार पीट कर घायल किये जाने का एक विडियो भी वायरल हुआ है ।जिसमे चालक सहित कुछ छात्रो को भी बेरहमी से पीटा जा रहा है ।इस मामले मे पुलिस ने जानलेवा हमला करने का मुकदमा तीन लोगो पर नामजद व कुछ अज्ञात लोगो पर मुकदमा दर्ज किया गया है । इस सम्बन्ध मे सेन्ट जेवियर्स स्कूल सलेमपुर के प्रधानाचार्य विजयेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा घटना के मामले मे भटनी थाने मे तहरीर दिया है ।थाने मे दिये गये तहरीर मे लिखा है कि पंकज मिश्र उर्फ गुडडू मिश्र पुत्र उदयभान मिश्र अमित मिश्र पुत्र पंकज मिश्र ग्राम भरौली थाना भटनी व श्रीकिशुन सिंह पुत्र अज्ञात ग्राम बगुसरा थाना भटनी व चार अज्ञात व्यक्तियो द्वारा स्कूल बस के चालक उमेश यादव के उपर जानलेवा हमला किया गया ।जिससे बस चालक उमेश यादव के सिर मे अन्दरुनी चोट आने से बार -बार उलटी हो रही है ।इसके आलावे छात्रो को भी मारा पीटा गया ।तहरीर के आधार पर पुलिस ने विभिन्न धाराओ के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर विवेचना थाने के उपनिरीक्षक अंकित कुमार को सौप दी है।

# मेस संचालक का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज

- राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मेहरौना में बासी छोले खाने से छात्र की मौत का मामला
- अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आरोपित की जमानत याचिका की खारिज
- जिला समाज कल्याण अधिकारी की ओर से दर्ज कराया गया था मुकदमा

विधिक संवाददाता, देवरिया: बरियारपुर थाना क्षेत्र के मेहरौना स्थित राजकीय आश्रम पद्धति जयप्रकाश सर्वोदय विद्यालय के बच्चों को विषाक्त भोजन देने के मामले में गिरफ्तार मेस संचालक राजेश गुप्ता की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज हो गई। अपर सत्र न्यायाधीश संजय सिंह की अदालत ने आरोपित को लोक सेवक के आदेश की अवज्ञा करने, विषाक्त भोजन कराकर छात्रों का जीवन में संकट उत्पन्न करने व उपेक्षापूर्ण कार्य से छात्र की हत्या करने के मामले में संलिप्तता पाए जाने पर जमानत देने से इंकार कर दिया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने बताया कि जयप्रकाश सर्वोदय आश्रम पद्धति विद्यालय मेहरौना के छात्रों को नाश्ता व भोजन करने की जिम्मेदारी मेसर्स कंहैया इंटरप्राइजेज चौरीचौरा जनपद गोरखपुर के संचालक राजेश गुप्ता को दी गई थी। संचालक ने उपेक्षापूर्ण कार्य करते हुए चार अगस्त 2024 को दोपहर में बना छोला रात में बच्चों को खिला दिया, जिससे बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। छात्रों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया। एक छात्र की बीआरडी मेडिकल कालेज गोरखपुर में मृत्यु हो गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी देवरिया की सूचना पर फर्म के संचालक राजेश गुप्ता के विरुद्ध हत्या व लोक सेवक के आदेश की अवहेलना करने, उपेक्षा पूर्ण कार्य से दूसरों का जीवन में संकट उत्पन्न कराने का मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपित की जमानत प्रार्थना पत्र के लिए उसके अधिवक्ता ने तर्क दिया कि राजेश गुप्ता का इस घटना में कोई दोष नहीं है। जांच कमेटी की जांच के बाद ही बच्चों में भोजन वितरित किया जाता है। ऐसे में यदि जांच कमेटी ने अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन ठीक ढंग से नहीं किया तो इसके लिए जांच कमेटी दोषी है, लेकिन अदालत ने बच्चों में अविश्वास एवं भय का वातावरण उत्पन्न करने, शैक्षणिक माहौल पर प्रतिकूल प्रभाव डालने व उपेक्षा पूर्ण कार्य से बच्चों के जीवन संकट उत्पन्न करने व उनकी हत्या करने के मामले में संचालक की संलिप्तता पाए जाने तथा विवेचना को प्रभावित किए जाने में उसकी भूमिका को देखते हुए जमानत देने से इंकार कर दिया।

## सास, ससुर, जेठ समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

जासं, देवरिया: शहर के साकेत नगर की रहने वाली विवाहिता ने सास समेत पांच लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

ज्योति देवी पत्नी पंकज कुमार भास्कर ने तहरीर दी है कि उनकी शादी 2027 में हुई थी। ससुराल गई तो लोग ढाई लाख रुपये की मांग करने लगे और आए दिन मारपीट कर घायल कर देते। चार नवंबर 2018 को महिला थाने में शिकायत की गई तो ससुराल पक्ष के लोगों को बुलाकर समझा दिया, लेकिन कारंवाई नहीं की गई। इसके बाद भी ससुराल पक्ष के लोगों के रुख में कोई बदलाव नहीं हुआ और आए दिन प्रताड़ित करते रहते। पति भी उनका विरोध करते तो उनको भी आरोपितों ने पिटाई की। 2022 में पति की दोनों किडनी फेल हो गई। इसके बाद से उनका उपचार चल रहा है। बावजूद इसके ससुराल पक्ष के लोग प्रताड़ित कर रहे हैं।

# गर्भवती युवती का आरोपी गिरफ्तार

**भाटपाररानी (एसएनबी)**। शादी का वादा करके दो वर्षों तक स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से सबंध बनाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और पूछताछ के बाद उसका चालान कर दिया। बिहार के रहने वाले एक युवक का क्षेत्र की एक युवती से सम्बंध हो गया। शादी का झांसा देकर वह दो साल तक युवती के साथ संबंध बनाता रहा। जब वह गर्भवती हो गई तो उसने यह बात युवक को बताई और शादी के लिए दबाव बनाने लगी। युवक शादी से इनकार कर मोबाइल बंद कर गायब हो गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने बिहार के गोपालगंज जनपद के भोरे थाना अंतर्गत अहियापुर के रहने वाले संदीप कुमार पुत्र अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। इसी बीच शुक्रवार को मुखविर की सूचना पर पुलिस ने आरोपित को क्षेत्र के विशुनपुरा ढाला से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# होटल से अंडा व नकदी चोरी

**भाटपाररानी**। श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के हरे राम चौराहा पर पुलिस चेक पोस्ट से 100 मीटर दूरी पर ही एक होटल की दुकान का ताला तोड़ अज्ञात चोरों द्वारा 5 कैरेट अंडा एवं काउंटर में रखा नकदी उड़ा दिया। बिहार प्रान्त के जीरादेई जनपद अंतर्गत मारिया का रहने वाला मनीष कुशवाहा अपने मामा के घर बंगरुआ में रहता है। वह हरेराम चौराहे पर प्रतापपुर रोड में एक होटल चलाता है। बीती रात दुकान बंद कर वह अपने घर चला गया। जब सुबह आया तो देखा की दुकान का ताला टूटा हुआ है और दुकान से नकद एवं 5 कैरेट अंडा गायब था। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग किया है।

# एनसीसी कैडेट को भूमि शस्त्र उठाओं व मैप सेटिंग का दिया गया प्रशिक्षण

**मईल (एसएनबी)**। भरोसा घर क्रिश्चियन इण्टर कालेज भागलपुर में चल रहे 49वीं यूपी बटालियन एनसीसी देवरिया के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संख्या 162 के आठवें दिन कैडेटों को भूमि शस्त्र उठाओं व कैडेटों को मैप सेटिंग का प्रशिक्षण दिया गया। तत्पश्चात कैडेटों ने प्रातः फिजिकल ट्रेनिंग की। इसके पश्चात हवलदार युवराज तमंग द्वारा राइफल के साथ भूमि शस्त्र और उठाओं शस्त्र की कक्षाओं का संचालन किया गया। उसके बाद आज सभी कैडेट्स ने मैप सेटिंग के बारे में सिखाया। एएनओ द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेन्ट और प्रदूषण रोकथाम और उसके कंट्रोल की क्लास चलायी गयी। मेजर भरत यादव, कैप्टन योना पॉल, लेफ्टिनेन्ट अखिलेश पाण्डेय और दीपशिखा मौर्य ने कक्षा का संचालन किया। लेफ्टिनेन्ट कर्नल टी बी थापा की अगुवाई में ड्रिल टेस्ट की कार्यवाही पूरी हुई। इसके अलावा कैम्प कमाण्डेट कर्नल सुनील जयथलीय के मार्गदर्शन में 7.62 एस एल आर राइफल की क्लास चली। धन प्रसाद श्रेष्ठ, मानी राज थापा, सरोज गुरूंग, जेसीओ अवतार सिंह ने कक्षा का संचलान किया।

# सास, ससुर समेत पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

देवरिया, निज संवाददाता। विवाहिता को दहेज के लिए प्रताड़ित करने वाले सास, ससुर समेत परिवार के पांच लोगों के विरुद्ध सदर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सदर कोतवाली पुलिस ने विवाहिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के साकेत नगर पूर्वी की रहने वाली ज्योति पत्नी पंकज भाष्कर ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाई है कि उसकी शादी 3 अक्तूबर 2017 को पंकज भास्कर पुत्र राजनाथ पिपलायन के साथ हुई थी। शादी के 2 महिने बाद से ही उसके सास ससुर द्वारा 2.5 लाख रुपये की मांग लगातार की जाती रही है । इस बात का मुद्दा बनाकर जेठ-जेठानी व उनका बड़ा लड़का मुझसे व मेरे पति से हमेशा झगडा व मार पिटाई करने लगे। जिसके सन्दर्भ में महिला ने 4 नम्बर 2018 को महिला थाना मे लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। महिला थाना में सास, ससुर व जेठ, जेठानी को बुलाकर मौखिक रुप से समझौता कराया गया। मई 2022 को मेरे पति की दोनों किडनी फेल हो गयी। महिला ने अपने पति को किडनी दी, जिससे उनका ट्रान्सप्लान्ट हो सका। फरवरी 2024 से मेरे पति की किडनी में रिजेक्सन शुरु हो गया। 9 सितम्बर को परिवार के सदस्यों द्वारा पति व उसे मारने की कोशिश की गयी। पीड़िता की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने सास शारदा देवी, ससुर राजनाथ पिपलायन, जेठ राकेश, जेठानी मंजुलता और अमनदेव के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

## दो दिन से छात्र गायब, अपहरण का मुकदमा दर्ज

पथरदेवा। घर से फुटबॉल खेलने गया मासूम गायब हो गया। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज किया है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के भेलीपट्टी गांव का रहने वाला सोनू प्रसाद ( 15 ) पुत्र अरविंद क्षेत्र के एक विद्यालय में चौथी कक्षा का छात्र है। गुरूवार को स्कूल से घर वापस आने के बाद वह आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज पर फुटबॉल खेलने गया था। देर शाम तक सोनू घर वापस नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गए। परिजनों ने कई जगह सोनू की तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

# पुलिस ने पाइप चोरों को भेजा जेल

खुखुन्दू। थाना क्षेत्र के मुसैला के पास से दो दिन पूर्व जल जीवन मिशन से संबंधित पाइप चोरी करने के संबंध में पुलिस ने सुपरवाइजर निवासी खैरा जिला सारण बिहार शशि पुत्र अमरनाथ शाह के तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी।

पुलिस ने पाइप चुराने वाले अभियुक्त गुड्डू यादव पुत्र सूर्यबली यादव निवासी लक्ष्मीपुर थाना कप्तानगंज जिला कुशीनगर को हिरासत में लेकर चोरी के तीन बंडल पाइप, एक डीसीएम एवं एक हाइड्रा को कब्जे में लेकर अभियुक्त को जेल भेज दिया। इस मामले में संलिप्त अन्य अभियुक्तों के बारे में पुलिस जांच कर रही है।

# पुलिस ने पशु तस्कर को किया गिरफ्तार

खुखुन्दू। छह दिन पूर्व मुसैला महुई मार्ग पर भलुअनी दुबे गांव के पास रात में पिकअप वाहन पर छह पशुओ को सड़क किनारे छोड़कर रात में पशु तस्कर भाग गए थे। जिसमें से सुबह में पांच पशुओ की मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में गोवध निवारण अधिनियम एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर संबंधित अभियुक्त की तलाश कर रही थी। क्षेत्र के बैरौना के पास से वाहन स्वामी अभिषेक यादव पुत्र राम समुझ यादव निवासी रसूलपुर माफी थाना गंभीरपुर जिला आजमगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# आरोपी को गिरफ्तार करने से कतरा रही पुलिस

तरकुलवा। तरकुलवा कस्बे के रहने वाले सदानंद कुशवाहा पुत्र महावीर को एक माह पूर्व देसही देवरिया निवासी श्री यादव ने अपने सहयोगियों के साथ सोनहुला रामनगर चौराहे पर जबरदस्ती रोककर उनकी मारुति कार व गाड़ी में रखा रुपया समेत अपने घर उठा ले गये। मामले में कोर्ट के आदेश पर श्री यादव के खिलाफ गंभीर धाराओ में मुकदमा दर्ज हुआ लेकिन एक सप्ताह बीतने के बाद भी तरकुल वा पुलिस गिरफ्तारी करने से कतरा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने बताया की विवेचना जारी है बहुत जल्द मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

# दंपति को पीटने वालों के खिलाफ केस

महुआडीह। महुआडीह थाना क्षेत्र के बड़हरी गांव निवासी कमलावती देवी पत्नी मुनेब साहनी का आरोप है कि वह 9 सितंबर को शाम करीब 7 बजे अपने दरवाजे पर बैठी थी। उसी दौरान गांव के कुछ लोग गोलबंद होकर पुरानी रंजिश को लेकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। विरोध करने पर कमलावती और उनके पति को मारपीट कर घायल कर दिए। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। महिला के अनुसार इसका वीडियो भी उसके पास मौजूद है। पीड़ित महिला के तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही मुलायम पुत्र वीरेन्द्र, वीरेन्द्र पुत्र रुपानी, राधा पत्नी वीरेन्द्र, डमरू उर्फ रामध्यान पुत्र रुपानी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ललितपुर घटना के आरोपितों को गिरफ्तार करें

देवरिया। भारतीय कुर्मी महासभा ने शुक्रवार को जिला प्रशासन को राज्यपाल को संबोधित पत्रक सौंप कर ललितपुर जिले के ग्राम गौना निवासी इंदल सिंह पटेल के साथ हुई गंभीर घटना व उनके परिजनों को मारपीट कर घायल करने के मामले में सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पत्रक सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष मनोज कुमार पटेल, अरविंद प्रताप मल्ल, जयप्रकाश कुशवाहा, राकेश पटेल, शशि बिंदु पटेल, अखिलेश पटेल, नंदलाल सिंह पटेल आदि शामिल रहे।

# अभियान चलाकर रेल ट्रैक की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी पुलिस

**निर्देश**

- रेल लाइन के आसपास के गावों के लोगों से करेगी संपर्क
- हाल की घटनाओं को देखते हुए डीजीपी ने दिया है निर्देश

देवरिया, निज संवाददाता। रेलवे ट्रैक को क्षतिग्रस्त कर ट्रेन को डिरेल करने की घटनाओं को देखते हुए पुलिस और जीआरपी जिले के सभी रेलवे ट्रैक की संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करेंगी। इसके लिए डीजीपी ने देवरिया एसपी और जीआरपी एसपी गोरखपुर को निर्देश दिया है।

उत्तर प्रदेश पुलिस ने रेलवे ट्रैक की सुरक्षा को लेकर अलर्ट जारी किया है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने सभी जिलों में रेलवे ट्रैक के संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर कड़ी निगरानी और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश एसपी को दिया है। यह कदम कानपुर और अन्य स्थानों पर ट्रेन पलटाने के षडयंत्र के बाद उठाया गया है। डीजीपी के निर्देश के बाद देवरिया और भटनी रेलवे स्टेशन के साथ जिले के थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले रेलवे ट्रैक की सुरक्षा करने को संबंधित थानों को निर्देश दिया गया है। देवरिया जीआरपी को गोरखपुर छावनी के पूर्वी आऊटर से अहिल्यापुर पूर्वी आऊटर तक सुरक्षा देखती है। इस बीच देवरिया जिले के गौरीबाजार, बरियारपुर, खुखुन्दू थाना के साथ कोतवाली का क्षेत्र पड़ता है। इसके साथ ही भटनी जीआरपी अहिल्यापुर पूर्वी आऊटर से बनकटा और भटनी से लेकर तुतीपार और सलेमपुर से बरहज रेल ट्रैक की जिम्मेदारी है।

जिसमें भटनी से बनकटा के बीच रेल ट्रैक का हिस्सा भटनी, भाटपाररानी, बनकटा थाना का पड़ता है। वहीं भटनी से तुतीपार तक रेल ट्रैक भटनी, मईल और सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र से होकर गई है। सलेमपुर से बरहज रेल लाइन में सलेमपुर कोतवाली, मईल और बरहज थाना का कुछ क्षेत्र आता है। रेल ट्रैक खुले होने से कोई भी व्यक्ति इस पर आ सकता है। इस लिए रेलवे ट्रैक की सुरक्षा की जिम्मेदारी जीआरपी के साथ ही थानेदारों की भी होगी। पुलिस कर्मी जीआरपी के साथ टीम बनाकर संयुक्त रुप से करेंगे। रेलवे ट्रैक के आस पास के लोगों से संवाद कर उनसे सहयोग मांगेंगे। जिससे कोई भी व्यक्ति रेल ट्रैक को क्षतिग्रस्त करने का प्रयास करें तो उसे समय से पहले रोका जा सके।

## आरपीएफ ने पुल व पुलिया पर बढ़ाई सतर्कता

आरपीएफ जीआरपी के साथ मिलकर स्टेशनों पर गश्त कर रही है। इसके साथ ही आरपीएफ ने गोरखपुर छावनी से लेकर बनकटा और तुतीपार से भटनी और सलेमपुर से लेकर बरहज के बीच पड़ने वाले पुल और पुलियों पर सतर्कता बढ़ा दिया है। आरपीएफ गश्त कर पुलियों के साथ स्टेशन पर मुस्तैद बनी हुई है।

## पत्थरबाजों को भी किया जाएगा चिह्नित

देवरिया में लगभग 100 किलो मीटर तक रेलवे ट्रैक है। जिले में ट्रेनें एक दर्जन थाना और कोतवाली से होकर गुजरती है। स्टेशन के साथ रेलवे ट्रैक के दोनों तरफ गांव बसे हुए है। कुछ जगह मनबढ़ ट्रेनों पर पत्थरबाजी भी करते हैं। इसके चलते कई बार यात्री, चालक और गार्ड भी घायल हो जाते हैं। इसे देखते हुए ऐसे गांव के युवकों को चिन्हित कर उनकी कुंडली बनाई जाएगी। इन पत्थरबाजों चिह्नित करने के लिए पुलिस, जीआरपी व आरपीएफ की अपने स्तर जांच कर रही है। जिससे पत्थरबाजी की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

---

# महिला ने मुख्यमंत्री से लगाई सुरक्षा की गुहार

सलेमपुर। एक महिला ने मुख्यमंत्री से अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बुजुर्ग की रहने वाली देवमुनि देवी पत्नी रमाकान्त सिंह ने मुख्यमंत्री, डीआईजी, एसीपी एवं सीओ को रजिस्टर्ड डाक से पत्र भेजा है। जिसमें महिला ने खुद को बेसहारा बताते हुए लिखा है कि गांव के कुछ लोग आये दिन उसके लड़के व पति को जान से मारने की धमकी दे रहे है। इन लोगों के यहां अक्सर एक दरोगा और सिपाही दावत खाने आते रहते हैं। महिला का आरोप है कि दबंगो ने कुछ दिन पूर्व उसके परिजनों को बंदूक लेकर दौड़ाया था।

---

# मासूम के गले पर चाकू लगा लूट मामले में फॉरेंसिक टीम ने लिए नमूने

**घटना की जांच कर संदिग्धों की तलाश में जुटी पुलिस, लार के बौली वार्ड में रविवार की रात नकाबपोश बदमाशों ने दिया था वारदात को अंजाम**

संवाद न्यूज एजेंसी

[illegible]

**संदिग्ध दिखे तो पुलिस को दें सूचना**

[illegible]

### दिनदहाड़े अधिवक्ता के घर हुई लूट का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

[illegible]

[illegible]

-दीपक शुक्ला, सीओ, सलेमपुर

### किसान की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

[illegible]

# आरोपितों की गिरफ्तारी को पुलिस दे रही दबिश

जासं, भटनी: भरौली चौराहे पर साइड देने को लेकर स्कूल बस चालक व छात्रों की पिटाई करने के मामले में पुलिस का आरोपितों पर शिकंजा कस गया है। हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। हालांकि देर शाम तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी। आरोपित घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। उधर प्रसारित वीडियो के माध्यम से पुलिस अज्ञात आरोपितों की पहचान करने में जुटी हुई है।

भटनी थाना क्षेत्र के नोनापार के रहने वाले उमेश यादव व सोनू तिवारी सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलेमपुर का वाहन चलाते हैं। गुरुवार को विद्यालय से छात्रों को लेकर नोनापार जा रहे थे, भरौली चौराहे पर बाइक सवार को साइड देने को लेकर भरौली निवासी पंकज मिश्र, अमित मिश्र, बलुसरा निवासी श्रीकिशुन सिंह ने बस को रोक लिया और दोनों चालकों को बस से खींच कर पिटाई करने लगे। साथ ही छात्रों की भी पिटाई की। प्रधानाचार्य की तहरीर पर हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने गुरुवार की रात चार बार आरोपितों के घर दबिश दी, लेकिन आरोपित पुलिस के हाथ नहीं लग सके। मोबाइल भी अब बंद हो गया है।

# फाल्ट ठीक करने गए लाइनमैन को लोगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

जासं, पथरदेवा: उपनगर के मठौला में फाल्ट ठीक करने गए लाइनमैन की दो लोगों ने पिटाई कर दी। साथ ही जातिसूचक शब्द का प्रयोग किया। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के विरक्षा पट्टी के रहने वाले मंटू प्रसाद नगर पंचायत पथरदेवा में संविदा पर लाइनमैन के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार को मठौला में फाल्ट के चलते स्ट्रीट लाइट न जलने की शिकायत मिली तो वह उसे बनाने के लिए गए। इस बीच हरिकेश यादव व चेचू यादव तत्काल लाइट ठीक करने के लिए दबाव बनाने लगे। लाइनमैन ने बताया कि सीढ़ी लाने के बाद ही उसे बनाया जा सकता है। इस पर दोनों नाराज हो गए और जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए पिटाई करने लगे। लोगों ने बीच-बचाव कर शांत कराया। मामले में आरोपित हरिकेश यादव व चेचू के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# वैरौना के पास से गो तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार, जेल

जासं, खुखुंदू: फरार गो-तस्कर को पुलिस ने शुक्रवार को वैरौना के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। आठ सितंबर को खुखुंदू पुलिस ने भलुअनी दुबे के समीप से पिकअप से बिहार भेजे जा रहे गोवंश बरामद किया था।

तस्कर आजमगढ़ जनपद के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर माफी निवासी अभिनेष यादव फरार हो गया था। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश कर रही थी। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि गिरोह में शामिल अन्य लोगों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भ्रष्टाचार के लगे थे आरोप, मुख्यालय से संबद्ध किए गए डीपीआरओ

जागरण संवाददाता, देवरिया: ग्राम पंचायत अधिकारियों को नियम विरुद्ध ढंग से कलस्टर आवंटित करने के मामले में दोषी पाए गए डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय को पंचायती राज निदेशालय लखनऊ से संबद्ध किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को निदेशालय में योगदान आख्या प्रस्तुत किया। इस बात की पुष्टि उप निदेशक पंचायती राज गोरखपुर दिनेश कुमार सिंह ने की। सीडीओ की जांच में आरोप सही मिलने पर अन्यत्र तबादले की संस्तुति की गई थी। जिसके बाद डीपीआरओ चिकित्सा अवकाश पर चले गए थे।

सदर विधायक डा.शलभ मणि त्रिपाठी ने ग्राम पंचायत सचिवों के तबादले में मनमानी करने व भ्रष्टाचार करने की शिकायत डीपीआरओ की मुख्यमंत्री से की थी। उनके अलावा ब्लाक प्रमुख लार अनुभा सिंह ने भी शिकायत शासन में की थी। शासन के निर्देश पर सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने जांच की। उन्होंने लार के ग्राम पंचायत अधिकारी अजय कुमार गुप्ता को पूर्व में तीन कलस्टर व पुनः दो कलस्टर आवंटित किया था। सीडीओ ने इसे शासनादेश के विपरीत माना था। इसके अलावा प्रधान महाल मंझरिया सुनील कुमार की तरफ से एक मई को ब्लाक प्रमुख अनुभा सिंह के विरुद्ध नोटरी शपथ-पत्र के जरिये छह बिंदुओं पर शिकायत की गई थी, जिसमें डीपीआरओ सर्वेश कुमार पांडेय ने बीडीओ से अभिलेख उपलब्ध कराने के लिए निर्देश दिया था। बाद में डीपीआरओ ने अपना निर्देश स्वयं निरस्त कर दिया था, जोकि उप्र क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (प्रमुखों) की जांच नियमावली 1997 के प्रविधानों के विपरीत है। ग्राम पंचायत अधिकारी विनय श्रीवास्तव को भागलपुर के रेवली कलस्टर से भलुअनी में स्थानांतरण किया गया। उसके बाद भलुअनी से रेवली में स्थानांतरण किया गया। जबकि रेवली में धनराशि की वसूली पूर्व से हो रही है।

सदर विधायक डा.शलभ मणि ने कहा कि अधिकारी हो या कर्मचारी। भ्रष्टाचार करने वाले किसी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे।

# अब रेलवे ट्रैक के संवेदनशील स्थानों की निगरानी करेगी पुलिस

जागरण संवाददाता, देवरिया: अब रेलवे ट्रैक के संवेदनशील स्थानों की निगरानी आरपीएफ, जीआरपी के साथ ही जिले की पुलिस भी करेगी। डीजीपी का आदेश आने के बाद पुलिस आरपीएफ, जीआरपी से संवेदनशील स्थानों की सूची जुटाने लगी है।

डीजीपी प्रशासन कुमार ने रेलवे ट्रैक की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किया है। जिसमें रेलवे ट्रैक के संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित कर कड़ी निगरानी और सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आदेश आने के बाद जीआरपी, आरपीएफ के साथ ही जिले की पुलिस भी सक्रिय हो गई है। देवरिया जीआरपी का क्षेत्र गोरखपुर छावनी के पूर्वी आउटर से अहिल्यापुर पूर्वी आउटर तक है। जबकि भटनी जीआरपी का क्षेत्र अहिल्यापुर रेलवे स्टेशन से बनकटा व भटनी से लेकर तुर्तीपार व सलेमपुर से बरहज तक है। इसकी सूचना आने के बाद देवरिया कोतवाली पुलिस, खुखुंदू, गौरीबाजार, भटनी, बनकटा, भाटपाररानी, सलेमपुर, बरहज, मईल की पुलिस भी संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करने लगी है।

# जल जीवन मिशन का पाइप चोरी करते एक गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, खुखुंदू, देवरिया: मुसैला खुर्द के समीप जल जीवन मिशन योजना के तहत रखा गया तीन बंडल पाइप चुराते हुए एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही डीसीएम भी बरामद किया है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस गिरोह में शामिल अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

मुसैला चौराहे के समीप जल जीवन मिशन योजना द्वारा हो रहे कार्य के लिए ठीकेदार द्वारा पाइप का बंडल रखा गया है। गुरुवार की रात कुछ लोग चोरी से हाइड्रा लगाकर डीसीएम में पाइप लाद रहे थे।

इस बीच पुलिस पहुंच गई और गुड्डू यादव निवासी लक्ष्मीपुर कप्तानगंज जिला कुशीनगर को गिरफ्तार कर ली। पुलिस ने सुपरवाइजर शशि कपूर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि गिरोह में शामिल अन्य आरोपितों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# दुकान का बैनामा दूसरे को करने पर नगर प्रशासन ने की सील

**भाटपार रानी।** नगर के केन यूनियन रोड स्थित नगर पंचायत की पटरी की एक दुकान को किराएदार द्वारा दूसरे व्यक्ति को बैनामा करने पर शुक्रवार को दुकान सील कर दी गई। नगर पंचायत ने बैनामा करने की जानकारी होने पर पहले तो दुकानदार को नोटिस दिया। उसके उपस्थित न होने पर नगर प्रशासन ने यह कार्रवाई की है। नगर पंचायत भाटपार रानी के यूनियन रोड पर स्थित पटरी नंबर-118 की एक दुकान को दुकानदार द्वारा विगत दिनों एक अन्य व्यक्ति को बैनामा कर दी गई थी। जब नगर पंचायत कार्यालय को इसकी जानकारी हुई तो नगर पंचायत में आवंटित दुकानदार को नोटिस देकर पक्ष रखने के लिए निर्धारित तिथि पर बुलाया। परंतु निर्धारित समय पर उसके उपस्थित नहीं होने पर नगर प्रशासन दलबल के साथ दुकान को कब्जे में लेकर सील कर दिया। संवाद

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, गिरफ्तार

भाटपार रानी। थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती से बिहार के भोरे थाना क्षेत्र निवासी एक युवक से संबंध हो गया। युवती को उसने मोबाइल भी दिया। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। इस दौरान उनके बीच शारीरिक संबंध हो गए। इसी बीच शादी का झांसा देकर युवक दो साल तक युवती के साथ संबंध बनाता रहा। जब वह गर्भवती हो गई तो उसने यह युवक को बताया और शादी के लिए कहा। युवक इनकार कर मोबाइल बंद कर गायब हो गया। काफी तलाश के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो युवती ने परिजनों को बताया। वह उसे लेकर थाने पहुंचे और तहरीर दी। पुलिस युवक के विरुद्ध केस दर्ज कर गिरफ्तारी में लगी थी। पुलिस ने आरोपित संदीप कुमार निवासी अहियापुर थाना भोरे जिला गोपालगंज बिहार को बिशनपुरा वाले से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। संवाद

# बरहज में रैबिट श्याम के बाद मोगली के बाप का आतंक, पशोपेश में लोग

## सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने आईटी संचालक का नाम-पता बताने पर एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। नगर में कुछ दिनों से सोशल प्लेटफॉर्म पर फर्जी आईडी बनाकर संभ्रांत लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर परेशान किया जा रहा है। रैबिट श्याम का खुलासा हुए अभी चार दिन भी नहीं हुए, मोगली के बाप नाम की आईडी सक्रिय हो गई है। इससे लोगों पर अभद्र टिप्पणियां की जा रही हैं।

मोगली का बाप आईडी से एक कद्दावर और चर्चित शख्स के खिलाफ टिप्पणी किया जाना बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता ने मोगली का बाप आईडी संचालक का नाम-पता बताने वाले को एक लाख रुपये के इनाम की घोषणा की है। सोशल मीडिया पर अलग-अलग आईडी से की जा रही अभद्र टिप्पणियों को लेकर लोग पशोपेश में हैं। अमर उजाला समाचार पत्र वायरल की जा रही इन पोस्ट की पुष्टि नहीं करता है।



सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा मोगली का बाप आईडी। स्रोत सोशल मीडिया



एडमिन के नाम की जानकारी देने वाले को इनाम का पोस्ट। स्रोत सोशल मीडिया

बरहज में सोशल प्लेटफॉर्म पर रैबिट श्याम की आईडी से प्रतिष्ठित लोगों पर अभद्र टिप्पणियां की जा रही थी, जिससे नगर का माहौल गरमा गया था। मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए भाजपा कार्यकर्ता अमित जायसवाल का चालान किया था। मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था। इसी बीच मोगली का बाप साइट से अभद्र टिप्पणियों की बौछार होने लगी। बताया जा रहा है कि मोगली के बाप साइट से नगर के चर्चित चेहरों के अलावा अन्य लोगों को फोकस करते हुए निशाना बनाया जा रहा है। फेसबुक पर 19 घंटा पूर्व सुप्रीम कोर्ट के एक अधिवक्ता ने एक पोस्ट की है, जिसमें एक शख्स से साइबर वालों से मोगली के बारे में पता कराने के लिए कहा है। मैं पुलिस में नहीं जाना चाहता हूं। पोस्ट में यह भी कहा गया है कि यह कौन है और कितने गिरे हुए हैं।

### मोगली के बाप नाम की आईडी सक्रिय हो गई है

इनकी जानकारी देने वाले को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई है। सोशल प्लेटफॉर्म पर फर्जी आईडी से अभद्र टिप्पणियों को लेकर कशमकश की स्थिति बनी हुई है। इसको लेकर लोगों में नाराजगी है। इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि कुछ फर्जी आईडी बनाकर नगर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लाइनमैन को पीटने में दो पर केस

तरकुलवा। नगर पंचायत पथरदेवा के वार्ड-3 मछैला गांव में शुक्रवार को स्ट्रीट लाइट ठीक कर रहे एक लाइनमैन के साथ मारपीट करने के मामले में दो लोगों पर दलित उत्पीड़न सहित गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र के वृक्षापट्टी गांव निवासी लाइनमैन मंटू प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पथरदेवा विद्युत उपकेंद्र पर लाइनमैन है। शुक्रवार को वह नगर पंचायत के वार्ड-3 मछैला गांव में स्ट्रीट लाइट ठीक कर रहा था। इस बीच गांव के हरिकेश यादव और बेचू यादव पहुंचे और अपने घर की लाइन ठीक करने का दबाव बनाने लगे। उसने उनसे बाद में सीढ़ी लाकर लाइट ठीक करने की बात कही। तो वे आग बबूला हो गए। आरोप है कि दोनों उसे मारने लगे और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते धमकियां दीं। संवाद

# पुलिस ने डीसीएम चालक समेत चार पर दर्ज किया चोरी का केस

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के मुसैला चौराहे पर जल निगम का पाइप चोरी करने के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने पकड़े गए डीसीएम चालक समेत चार के खिलाफ चोरी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर तीन और आरोपियों की तलाश कर रही है। तीनों चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस दो मोबाइल फोन की डिटेल खंगालने में जुटी है। उधर, डीसीएम चालक को पुलिस न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया।

खुखुंदू थाना क्षेत्र के मुसैला चौराहे के आसपास गांवों में इन दिनों जल जीवन मिशन के तहत जल निगम का पाइप बिछाने का काम चल रहा है। इसके लिए संबंधित ठेकेदार ने मुसैला चौराहे पर बड़े पैमाने पर पाइप रखा है। बृहस्पतिवार को एक हाइड्रा क्रेन से पाइप उठाकर डीसीएम पर लोड किया जा रहा था। तभी काम कर रहे मजदूर वहां पहुंच गए और पाइप के बारे में पूछताछ की। संवाद

# पशु तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

खुखुंदू। थाना क्षेत्र के बैरौना गांव के पास से पुलिस ने शुक्रवार की सुबह एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। बता दें कि पांच दिन पहले पुलिस ने भलुअनी दुबे गांव के पास एक पिकअप पकड़ी।

इसमें एक पशु समेत छह बछड़ों को लादकर बिहार ले जाया जा रहा था। पशु समेत पांच बछड़ों की मौत हो चुकी थी। पुलिस केस दर्ज कर तस्करों की तलाश में लगी थी। तीन अभी भी पुलिस पकड़ से दूर हैं।



पुलिस गिरफ्त में पशु तस्कर। स्रोत पुलिस

एसओ दिग्विजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह एक तस्कर बैरौना गांव के पास घूम रहा था। सूचना मिलते ही फोर्स मौके पर पहुंची, पुलिस की गाड़ी देखते ही तस्कर भागने लगा। उसे दौड़ा कर पकड़ लिया गया। संवाद

# फर्जी प्रमाणपत्र से हासिल की नौकरी केस

संवाद न्यूज एजेंसी

बरहज। तहसील कार्यालय में फर्जी निवास प्रमाणपत्र और गोदनामा तैयार कर मृतक आश्रित पद पर नौकरी करने का मामला प्रकाश में आया है। इसमें एक संग्रह अमीन के साथ सांठगांठ की बात भी सामने आ रही है। प्रकरण में पुलिस ने संग्रह अमीन और फर्जी तरीके से नौकरी हथियाने वाले पर केस दर्ज किया है।

लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के दौरान बरहज तहसील में संग्रह अमीन, चपरासी के पद पर नियुक्ति की गई थी। इसमें शिकायत पर अधिकारियों ने जांच टीम गठित कर प्रकरण की छानबीन कराई। मामले का खुलासा होने पर नायब तहसीलदार रवींद्र

## संग्रह अमीन से सांठगांठ की बात आ रही सामने, चपरासी पद पर हुई है नियुक्ति

मौर्य के प्रार्थनापत्र पर शैलेष यादव, अमीन हरीशचंद्र प्रसाद सहित चार अज्ञात के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है। लोगों के अनुसार संग्रह अमीन छेदी यादव की वर्ष 2022 में मौत हो गई है। जिनकी कोई संतान नहीं है। भलुअनी के शैलेष यादव पुत्र अज्ञात ने फर्जी तरीके से कागजात तैयार कर नौकरी करने का आरोप है।

इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने बताया कि मामला सामने आने पर प्रकरण की जांच कराकर केस दर्ज कराया गया है।

# विषाक्त भोजन कराने वाले मेस संचालक की जमानत खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

### आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज में 4 अगस्त को बासी भोजन खाने से बीमार हुए थे 90 बच्चे

देवरिया। आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज मेहरौना में बच्चों को विषाक्त भोजन कराने वाले मैसर्स कन्हैया इंटरप्राइजेज के संचालक राजेश गुप्त की जमानत शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश संजय सिंह की अदालत ने खारिज कर दी।

अदालत ने आरोपी को लोक सेवक के आदेश की अवहेलना करने, विषाक्त भोजन कराकर विद्यार्थियों का जीवन संकट में डालने व उपेक्षा पूर्ण कार्य से नौनिहाल की हत्या करने के मामले में संलिप्त पाये जाने पर जमानत देने से इन्कार कर दिया।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज मेहरौना के छात्रों को नाश्ता व भोजन कराने की जिम्मेदारी मेसर्स कन्हैया इंटरप्राइजेज चौरी चौरा जनपद गोरखपुर के संचालक राजेश गुप्ता को दी गई थी, लेकिन राजेश गुप्ता ने उपेक्षा पूर्ण कार्य करते हुए बच्चों को 4 अगस्त 2024 को दोपहर में बना बासी भोजन रात में खिला दिया।

इससे करीब 80 छात्रों की तबीयत खराब हो गई। अपर शासकीय अधिवक्ता आशुतोष सिंह ने बताया कि बच्चों की तबीयत खराब होने की सूचना पर तत्काल रामपुर कारखाना प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों की टीम छात्रों का इलाज किया, लेकिन स्थिति नाजुक होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया गया।

एक छात्र की तबीयत काफी खराब होने के कारण उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी देवरिया की सूचना पर फर्म के संचालक राजेश गुप्ता के विरुद्ध हत्या व लोक सेवक के आदेश की अवहेलना करने, उपेक्षा पूर्ण कार्य से दूसरों का जीवन संकटापन्न करके हत्या करने के मामले में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई।

आरोपी राजेश गुप्ता की जमानत प्रार्थना पत्र पर बल देते हुए उनके अधिवक्ता ने तर्क दिया कि राजेश गुप्ता का इस घटना में कोई दोष नहीं है, क्योंकि भोजन जांच कमेटी की जांच के बाद ही बच्चों में वितरित किया जाता है। ऐसे में यदि जांच कमेटी ने अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन ठीक से नहीं किया तो कमेटी दोषी है। अदालत ने बच्चों में अविश्वास एवं भय का वातावरण उत्पन्न करने में उसकी भूमिका को देखते हुए जमानत देने से इन्कार कर दिया।

KUSHINAGAR POLICE

5

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# पशुओं के साथ तस्कर हुआ गिरफ्तार

पडरौना, निज संवाददाता। जिले की तरयासुजान थाने की पुलिस ने पिकअप वाहन से तस्करी कर वध के लिए बिहार ले जाये जा रहे प्रतिबंधित चार पशुओं को बरामद किया। पकड़े गये तस्कर की पहचान मुजफ्फरनगर जिले के बुढाना थाना क्षेत्र के बरोदा गांव निवासी के रूप में हुई। पुलिस उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

जिले में प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को तरया सुजान पुलिस टीम हाईवे पर स्थित बहादुरपुर पुलिस चौकी के पास संदिग्ध पिकअप बिहार की ओर जाते दिखी। संदेह होने पर पुलिस टीम ने पिकअप को रोक कर तलाशी ली तो उसमें प्रतिबंधित चार पशु लदे पाये गये। इस दौरान एक तस्कर भी पकड़ा गया, जिसकी पहचान गौरव कुमार पुत्र ऋषिपाल निवासी बरोदा थाना बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वह पशुओं को वध के लिए बिहार ले जा रहा था।

# भैंसों के साथ पशु तस्कर गिरफ्तार

सलेमगढ़। तरयासुजान के तिनफेडिया चौकी के रामपुर बंगरा के निकट शुक्रवार की शाम ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने पडरौना कोतवाली के बसहिया निवासी पशु तस्कर को पकड़ा।

वह चार भैंसों को लेकर बिहार के नरहवां गांव जा रहा था। पैदल पगडंडी के रास्ते बिहार प्रांत के जनपद गोपालगंज के थाना गोपालपुर के ग्राम नरहवां में बैठे बड़े पशु तस्करों को इन पशुओं को सौंपने जा रहा था। पुलिस तस्कर पर केस दर्ज कर रही है।

# कसया में चोरी के सामानों के साथ शातिर गिरफ्तार

**शिकंजा**

**पडरौना, निज संवाददाता।** कसया थाने की पुलिस ने शुक्रवार को चोरी के सामानों के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया। पकड़े गये चोर के कब्जे से चोरी हुए मोटर, हैंडपंप एवं अन्य सामान बरामद हुए हैं। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर पुलिस उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र के निर्देश पर एएसपी रितेश कुमार सिंह की निगरानी एवं सीओ कसया कुंदन सिंह के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में कसया पुलिस टीम ने चोरी का खुलासा किया। थाना क्षेत्र के निवासी अशोक प्रसाद ने बीते 11 सितंबर को पुलिस को सूचना दी कि उसके घर के अंदर से चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस क्रम में मुकदमा दर्ज कर पुलिस चोरों की तलाश में जुट गयी। शुक्रवार को पुलिस ने कसया में फोरलेन पर स्थित एक होटल के पास से गोलू सिंह पुत्र सुभाष सिंह निवासी महुअवा गोपालगढ वार्ड नंबर 16 केशव नगर को संदिग्ध परिस्थितियों में गिरफ्तार किया।

पूछताछ में उसने चोरी की घटना में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चार इलेक्ट्रिक मोटर पंप, दो हैंडपंप, एक दुरमुश, एक बेलचा आदि सामान बरामद किया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर पुलिस उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई में जुट गयी।

# बालिका से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**पडरौना, निसं।** गैर संप्रदाय की 13 वर्षीय बालिका को बहला फुसला कर अपने घर ले जाकर दुष्कर्म करने वाले युवक को कुबेरस्थान थाने की पुलिस ने शुक्रवार को धर दबोचा। पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

शुक्रवार को आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि बीते 10 सितंबर को पीड़ित बालिका के पिता ने थाने में तहरीर दी थी कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री को इम्त्याज अंसारी पुत्र इशहाक अंसारी निवासी पिपरा जटामपुर बहला फुसला कर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी होते ही कुबेरस्थान पुलिस तत्काल हरकत में आ गयी और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में जुट गयी। इस घटना के खुलासे के लिए एएसपी रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम भी गठित कर दी गयी। जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में विवेचना के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त इम्त्याज अंसारी द्वारा पीड़िता को ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। शुक्रवार को पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।

# बलवा आदि के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को दबोचा

**कुशीनगर।** वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में हाटा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को बलवा आदि धाराओं में दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त मुन्ना सिंह पुत्र मैनेजर सिंह निवासी सिंहपुर कोतवाली हाटा को गिरफ्तार किया। पुलिस पकड़े गये अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# चोरी में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कुशीनगर।** वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को विशुनपुरा थाने की पुलिस ने चोरी के मुकदमे में वांछित अभियुक्त सोनू शाही पुत्र आनंद शाही निवासी मठिया माफी थाना विशुनपुरा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के 6800 रुपये बरामद किया।

# सीआरपीसी के मुकदमे का वारंटी पकड़ा गया

**कुशीनगर।** रामकोला थाने की पुलिस ने धारा 128 सीआरपीसी से संबंधित मुकदमे का वारंटी बालेश्वर गुप्ता पुत्र मदन गुप्ता निवासी ग्राम शिवपुर मठिया थाना रामकोला को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ आनंद गुप्ता, एसआई अनिल यादव, कां. मिथिलेश सिंह एवं अंकुर चौधरी शामिल रहे।

# मारपीट के मुकदमे में वारंटी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में हनुमानगंज थाने की पुलिस ने शुक्रवार को मारपीट के मुकदमे में वारंटी अभियुक्त चुन्नू पुत्र सीरी चौहान निवासी रामपुर जंगल थाना हनुमानगंज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओ अजय कुमार पटेल, एसआई भरत कुमार सिंह, हे.कां. नित्यानंद सिंह एवं कां. संजय यादव शामिल रहे।

# तमकुहीराज पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

**कुशीनगर।** जिले में वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में शुक्रवार को तमकुहीराज थाने की पुलिस ने मारपीट के मुकदमे में वारंटी अभियुक्त धनंजय पुत्र नगीना एवं रविन्द्र पुत्र नगीना निवासी भटवलिया थाना तमकुहीराज को गिरफ्तार किया। पकड़े गये अभियुक्तों के खिलाफ पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है।

# छेड़खानी व एससी-एसटी के तीन आरोपी जेल गए

**पडरौना।** अभियान के तहत कोतवाली पडरौना पुलिस टीम ने छेड़खानी समेत एससी-एसटी एक्ट से सम्बन्धित तीन आरोपियों को गिरफ्तार को पडरौना से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जमशेद पुत्र सरवर्दी, बाबूजान पुत्र ताजमोहम्मद निवासीगण कटनवार सुखपुरा कोतवाली पडरौना व उमर फारुख उर्फ चुन्नु पुत्र लारी साहब निवासी जंगल अमवा कोतवाली पडरौना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# चोरों के दस्तक देने पर रात भर जागते रहे लोग

**तुर्कपट्टी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में गुरुवार की दोपहर को ही चोरों के आने की सूचना के बाद लोग चिंतित हो उठे। देर रात विभिन्न गांव से उठे शोर के बाद लोग दहशत में आ गए। तुर्कपट्टी पुलिज़ ऐसी किसी भी घटना को अफवाह बता रही है। गुरुवार की दोपहर को डिग्री चौराहा स्थित एक स्कूल के छात्र से लग्जरी वाहन रोक कर बात कर रहे एक अनजान शख्स को देख कर राहगीर बच्चा चोर होने का शक करके शोर मचाने लगे हालांकि अनजान शख्स तत्काल वाहन में बैठ कर फरार हो गया।

# 40 वाहनों को किया बंद, नौ पर केस

पडरौना। विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन रोकने के लिये जिला खनन अधिकारी ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। अगस्त माह में जिले के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 40 वाहनों को बंद किया गया। करीब 11 लाख रुपये की राजस्व वसूली करने के साथ ही 9 लोगों पर नामजद केस भी दर्ज कराया गया।

जिले के कई स्थानों पर धड़ल्ले से बालू का अवैध खनन और परिवहन को लेकर आये दिन शिकायतें मिलती हैं। इसको लेकर जिला खनन अधिकारी अभिषेक सिंह ने अगस्त माह में टीम गठित कर खनन वाले स्थानों पर लगातार छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने 277 वाहनों का चलान किया। 40 वाहनों को के अवैध खनन एवं परिवहन के मामले में बंद कराया तथा 11 लाख की राजस्व की वसूली की।

# अपहरण की रेकी मामले में छात्र का कोर्ट में बयान

**दुदही, हिन्दुस्तान संवाद।** पडरौना के एक निजी स्कूल में कक्षा नौ में पढ़ने वाले छात्र की रेकी करने वाले युवक पर अपहरण के प्रयास तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज करने के साथ ही पुलिस ने छात्र का शुक्रवार को कोर्ट में बयान भी दर्ज कराया है।

दुदही नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात निवासी भरत रौनियार का लड़का अनुराग पडरौना के एक प्राइवेट स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ता है। आरोप है कि बीते मंगलवार को बिहार के मधेपुरा निवासी राहिल ने उसके स्कूल में जाकर अपनी काले रंग की चार पहिया गाड़ी से उसे यह कहते हुए कि तुम्हारे पापा ने गाड़ी भेजी है हमारे साथ घर चलो। उसे स्कूल से ले जाने की कोशिश कर रहा था लेकिन लड़के ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि उसे नहीं पहचानता है। बाद में लग्जरी वाहन सवार युवक स्कूल बस का पीछा करता हुआ दुदही तक आया। बुधवार की सुबह स्कूल जाते समय छात्र घर पर डरा सहमा हुआ था। स्कूल जाते समय पुनः आरोपी बस के पास पहुंचा तो बस ड्राइवर ने उसकी पहचान की। मौके पर एकत्र हुए लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने युवक तथा उसकी गाड़ी को कब्जे में ले लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक पर अपहरण के प्रयास तथा अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया। शुक्रवार को पुलिस ने नौवीं के छात्र अनुराग का कोर्ट में बयान भी दर्ज कराया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राम सहाय चौहान ने बताया कि आरोपी युवक पर केस दर्ज कर करने के बाद छात्र का बयान दर्ज कराया गया है। बयान के आधार पर विवेचना में धाराएं बढ़ाई जाएंगी। इसके साथ ही मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# जमीन के नाम पर 50 हजार हड़पने का आरोप

**दाहूगंज।** तमकुहीराज क्षेत्र निवासी एक युवक ने शुक्रवार को एक व्यक्ति पर जमीन दिलवाने के नाम पर पचास हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने इस संबंध में तमकुही राज थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। तमकुहीराज के मोरवन निवासी संजीव चौबे पुत्र रामनरेश चौबे ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर दी है।

# खुली बैठक में वृद्ध को प्रधान ने मारा तमाचा, केस

**बरवापट्टी।** बीते पांच सितंबर को रामपुर बरहन गांव में ग्राम सभा की खुली बैठक हुई। जिसमें लक्ष्मीपुर निवासी राधा 69 वर्ष पुत्र वंशी भी बैठक में पहुंचा था। आरोप है कि राधा ग्राम विकास अधिकारी से वृद्धा पेंशन के लिए नाम लिखवा रहा था तब तक प्रधान वहां पहुंच गये। प्रधान ने नाराजगी जाहिर करते हुए वृद्ध पर तमाचा जड़ दिया, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। पीड़ित वृद्ध ने चिकित्सकीय परीक्षण कराने के बाद बरवापट्टी थाने में तहरीर देकर कार्रवाई किये जाने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रधान के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**देवरिया के गौरीबाजार में रिश्तेदार के यहां छिपा था आरोपित, कुबेरस्थान क्षेत्र से 10 सितंबर को किया था अपहरण**

जागरण संवाददाता, कुशीनगर: किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को कुबेरस्थान पुलिस ने शुक्रवार को देवरिया के गौरीबाजार से गिरफ्तार कर लिया। उसे जेल भेजा जा रहा है। पीड़िता को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने अपने कार्यालय में पत्रकारों को बताया कि बीते 10 सितंबर को किशोरी के पिता ने कुबेरस्थान थाने में सूचना दी कि उसकी पुत्री का क्षेत्र के ही इम्तियाज अंसारी ने अपहरण कर लिया है। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस आरोपित की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को आरोपित की लोकेशन देवरिया जिले के गौरीबाजार में मिली। पुलिस की एक टीम तत्काल वहां पहुंची। लोकेशन के आधार पर पुलिस ने एक घर से किशोरी को बरामद कर आरोपित को दबोच लिया। वह अपने रिश्तेदार के घर में छिपा था। एसपी ने बताया कि दर्ज मुकदमे में दुष्कर्म की धारा बढ़ा कर विवेचना की जा रही है।



पकड़े गए आरोपित के बारे में जानकारी देते एसपी संतोष कुमार मिश्र● जागरण

**चोरी की घटना का पर्दाफाश, एक गिरफ्तार :** एसपी ने बताया कि कसया पुलिस ने शुक्रवार को फोरलेन किनारे स्थित एक होटल के पास से एक शातिर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान गोलू सिंह निवासी महुअवां गोपालगढ़ वार्ड नंबर 16 केशवनगर थाना कसया के रूप में हुई। बताया कि कसया नगर के अशोक प्रसाद ने बीते दिनों चोरी की सूचना दी थी। मुकदमा दर्ज कर टीम जांच कर रही थी। सुबह होटल के पास फोरलेन पर संदिग्ध हाल में दिखे युवक को रोक पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो बिजली चालित चार मोटर पंप, लोहे के उपकरण आदि मिले। उसकी निशानदेही पर उसके घर से चोरी के दो हैंडपंप भी बरामद हुए।

# अफवाह पर न दें ध्यान शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार

मंसाछापर : जटहां बाजार थाने की मंसाछापर बाजार पुलिस चौकी में शुक्रवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहारों पर शांति व्यवस्था कायम रखने की अपील की गई। अध्यक्षता कर रहे चौकी प्रभारी प्रियंशु राय ने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। क्षेत्र में कोई अराजकता फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी। लोगों की ओर से अपने-अपने गांव की समस्याओं को बताया गया। चौकी प्रभारी ने कहा कि समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

# संदिग्ध दिखे तो पुलिस को दें सूचना

जासं,हाटा : प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार शुक्ल ने कहा कि संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो इसकी सूचना पुलिस को दें। शहर, कस्बों व गांवों में घूम रहे फेरी दुकानदार या रिश्तेदारी में आ रहे लोगों को चोर समझ कर लोग पीट दे रहे हैं। ऐसा करना अपराध है। कोतवाली में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अगर कहीं पर कोई संदिग्ध दिखता है तो तत्काल 112 नंबर या कोतवाली में सूचना दें।

# हाईवे पर यात्रा के दौरान कोई नाम से बुलाए तो हो जाएं सावधान

- हाईवे पर सक्रिय है गिरोह, यात्रा के दौरान बरतें सावधानी
- नंबर से नाम पता कर गाड़ी रोकने के लिए देते हैं आवाज

जागरण संवाददाता, पडरौना : हाईवे पर यात्रा के दौरान अगर कोई नाम ले कर आपको बुलाए और गाड़ी रोकने को कहे तो सावधान हो जाएं। अगर आपने तनिक भी लापरवाही बरती तो तय मानिए आप बड़ी मुसीबत में पड़ सकते हैं। कारण, यह अपराधियों की वह साजिश है, जिसके जरिये वह लूटपाट का शिकार बना रहे हैं।

लूटपाट करने का अपराधियों ने यह तरीका अपनाया है। इसके तहत हाईवे पर यात्रा करने वालों की गाड़ी नंबर के जरिये अपराधी मालिक के नाम, पते आदि की जानकारी हासिल कर लेते हैं, साजिश के तहत लोगों को शिकार बनाते हैं। नाम, पता होते ही ओवरटेक कर अपराधी जिस नाम से गाड़ी पंजीकृत है उसका नाम लेकर तेज आवाज देते हैं और गाड़ी को साइड में रोकने को बोलते हैं। नाम सुनकर लोगों को यह लगता है कि आवाज देने वाला उनकी जान-पहचान का है, और वे गाड़ी रोक देते हैं। गाड़ी रुकते ही एक बदमाश अपनी गाड़ी से उतर टारगेट की गई गाड़ी के पास पहुंचता है और चालक व सवार अन्य लोगों को असलहे के बल पर कब्जे में ले लेता है। इसी बीच दूसरे बदमाश सामान व लोगों के पास से नकदी व मोबाइल आदि लूट मौके से फरार हो जाते हैं।

एएसपी रितेश कुमार सिंह बताते हैं कि हाईवे पर यात्रा करते समय सावधानी बेहद जरूरी है। आमतौर पर अपना नाम सुनकर लोग यह समझते हैं कि आवाज देने वाला कोई परिचित है और वे अपराधियों के शिकार बन जाते हैं। हाल के दिनों में हाइवे पर ऐसी घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। ऐसे में यात्रा करते समय बेहद सतर्क व सावधान रहें। अगर लगे कि कोई पीछा कर रहा है तो इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाने या फिर पुलिस के इमरजेंसी नंबर 112 पर दें।

**एप के जरिये होती है नाम की जानकारी :** अपराधी अपने मोबाइल में एम.परिवहन.एप के जरिये गाड़ी नंबर से मालिक का नाम, पता आदि जान लेते हैं। फिर इसके बाद अपने मकसद को अंजाम देते हैं।

### तरयासुजान इलाके में सामने आई थी घटना

बीते मई में तरयासुजान के बहादुरपुर गांव के सामने हाईवे पर बाइक सवार बदमाशों ने कार चालक को रोक नकदी व मोबाइल लूट लिया था। कार चालक बिहार के सिवान के रहने वाले थे।

# चोरों ने उड़ाई नींद, चौकीदारी में गुजर रही रात

## चोरी के मामले बढ़े, कहीं भैंस तो कहीं नकदी और आभूषण लेकर हुए चंपत, पुलिस पर सुस्ती का आरोप लगा रहे ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** इनदिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। गांव-गांव चोर-चोर का शोर सुनाई दे रहा है। चोरों के खौफ से लोग रतजगा करने के लिए मजबूर हैं। गांवों में लोग चौकीदारी कर रहे हैं। घर के बरामदे में बुजुर्ग भी लाठी डंडे लेकर रात में सो रहे हैं।

लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त में लापरवाही से चोरों के हौसले बुलंद हैं। हालत ये है कि रात में कई गांवों में चोर-चोर की आवाज सुनाई देने लगी है। जब तक लोग जुटते हैं, चोर फरार हो जाते हैं। यहां तक कि दिन में भी चोरियां हो रही हैं। इसे गांवों के लोगों में चोरों का खौफ हो गया है। लोग पुलिसिंग सिस्टम को कोस रहे हैं।

जिले में रोज कहीं न कहीं चोरी की घटना आम बात हो गई है। कहीं भैंस चोरी हो रही है तो कहीं चोर नकदी और आभूषण उठा ले जा रहे हैं। यही नहीं, दूध की चोरी के मामले भी इन दिनों आ रहे हैं। कुशीनगर के गोपालगढ़ में दो दिनों से लोग रतजगा कर रहे हैं। गांव के एक व्यक्ति के घर पिकअप से सीढ़ी लेकर चार दिन पूर्व चोर पहुंचे थे। लोगों के शोर मचाने पर भाग निकले। इनके आने-जाने की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। पुलिस इस फुटेज के माध्यम से चोरों तक पहुंचने के प्रयास में जुटी है।



मुसहरी गांव में रात को पहरा देते युवक। स्रोत-सोशल मीडिया

*चोरों के आने की सूचना पर स्थानीय पुलिस या डायल 112 पहुंच रही है। गांव वालों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। सभी थानाध्यक्षों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं।* - **संतोष कुमार मिश्रा**, एसपी, कुशीनगर

### पुलिस की गश्त पर सवाल

जिले में बढ़ती चोरी की घटनाओं की मुख्य वजह पुलिसिंग व्यवस्था बेहतर न होना है। इसमें सबसे जरूरी है गश्त। चोरों पर नजर रखने के लिए गठित की गई एसओजी व सर्विलांस टीम दफ्तर में ही बैठकर अपराधियों को पकड़ने और मोबाइल बरामद करने तक सीमित रह गई है। जानकारों का कहना है कि सूचना तंत्र मजबूत न होने के कारण चोर पुलिस पर भारी पड़ रहे हैं। पुलिस को चाहिए कि बड़ी घटनाओं पर नजर रखने के साथ चोरी की घटनाओं पर नजर रखे और सभी थाना और उसके अंतर्गत हल्का दरोगा और सिपाहियों को कड़े निर्देश दिए जाएं।

**केस 1** 9 सितंबर को तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के अमवा गांव में देर रात चोर छत के रास्ते घुस गए और नकदी और आभूषण उड़ा ले गए थे। गृह स्वामिनी का आरोप था कि चोरों ने नशीला पदार्थ सुंघाकर उसे अचेत कर दिया और चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए थे।

**केस 2** 11 सितंबर को तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के किशुनदेव पट्टी में दोपहर के करीब तीन बजे चोरों ने नकद और सोने के अंगूठी सहित करीब एक लाख रुपये का सामान उड़ा दिया। गृह स्वामी घर से कुछ दूर नवनिर्माण में व्यस्त थे। इस दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया था।

**केस 3** 10 अगस्त को कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव पकड़ी मदरहा में शाम के समय फसल की निराई करने गई महिला के घर को चोरों ने खंगाल दिया था। शाम के करीब 4:30 बजे बाइक सवार चोर वहां पहुंचे और सुनसान घर देख शौचालय की टंकी के सहारे घर में घुस गए। कमरों में लगे तालों को तोड़कर आभूषण और पांच हजार रुपये निकाल लिए। बाद में गांव वालों ने दौड़ाया लेकिन वे बाइक छोड़कर फरार हो गए थे।

**केस 4** 23 अगस्त को चौरा खास थाना क्षेत्र के रामपुर खुशहाल टोला निवासी मुसाहेब अंसारी के घर से चोरों ने रुपये और आभूषण चुरा लिया था। घटना के समय मुसाहेब अंसारी पड़ोस में छत की ढलाई देखने गए थे। घर खाली देख चोर घुस गए और कमरे में आलमारी से 48 हजार रुपये और आभूषण निकाल ले गए

### ग्रामीणों और चोरों की भिड़ंत का वीडियो वायरल

व्हाट्सएप, एक्स, फेसबुक सहित इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया पर कुछ ताजा वीडियो वायरल हो रहे हैं जिसे कुशीनगर का बताया जा रहा है। वीडियो में भीड़ से घिरा लाल रंग के कपड़े पहने युवक को चोर कहा जा रहा है। भीड़ उसे गालियां दे रही है और उसका शरीर मिट्टी से सना हुआ है। वायरल वीडियो में कोई चोर की शिकायत सीयूजी पर करने की बात कर रहा है तो कोई लाठी लेकर खड़ा दिख रहा है। एसपी संतोष मिश्र ने सीओ सदर को जांच सौंपी है।वीडियो में लाल रंग के कपड़े पहना युवक किसी बैग और पैसे की बात कर रहा है। भीड़ उसपर थप्पड़ जड़ देती है।

# बिहार ले जाए जा रहे चार पशु बरामद, तस्कर गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, सलेमगढ़ : तरयासुजान के तिनफेड़िया पुलिस चौकी के गांव रामपुर बंगरा के निकट शुक्रवार को सुबह छह बजे ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने पशु तस्कर को पकड़ा। पडरौना कोतवाली के गांव बसहिया निवासी तस्कर चार पड़वा (भैंस का बच्चा) लेकर जा रहा था। वह पशुओं को बिहार के नरहवां गांव ले जा रहा था। प्रसारित वीडियो में पकड़े गए तस्कर ने ग्रामीणों के समक्ष पशु तस्करी की पोल खोल दी है।

पडरौना कोतवाली के बसहिया निवासी पशु तस्कर ग्यासुद्दीन को ग्रामीणों ने उस समय रामपुर बंगरा गांव के निकट पगडंडी रास्ते पर पकड़ा, जब वह बिहार सीमा के गांव पकड़ी पहुंचने वाला था। ग्रामीणों को उसने बताया कि तिनफेड़िया गांव निवासी चार पशु तस्कर गाय, बछड़ा सहित भैंस के पड़वा को एक-एक कर गांव-गांव भ्रमण कर खरीदते हैं। वीडियो में ग्रामीणों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में वह बता रहा है कि चार-पांच की संख्या में पशु एकत्रित हो जाते हैं तो उसके साथी पशुओं को पैदल पगडंडी के रास्ते



तिनफेड़िया पुलिस चौकी के पास बरामद पशु व तस्कर ● जागरण

## तस्कर पगडंडी के रास्ते पैदल ले जा रहे पशु, पकड़े गए तस्कर ने वीडियो में किया खुलासा

बिहार के गोपालगंज जिले के थाना गोपालपुर के ग्राम नरहवां में पशु तस्करों को दे देते हैं। वहां से पडरौना बसहिया के ही एक बड़े तस्कर की देखरेख में पैदल ही पशुओं को आगे भेज दिया जाता है। कई जगह से एकत्रित पशुओं को ट्रकों से बंगाल के कोलकाता भेज दिया जाता है। एसएचओ राज प्रकाश सिंह ने बताया कि पशु तस्कर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। स्थानीय पशु तस्करों की तलाश की जा रही है।

# शौच करने गई महिला से छेड़खानी का प्रयास

नेवुआ नौरंगिया : क्षेत्र के एक गांव में एक महिला शौच करने गांव के बाहर गई थी। इस दौरान मनबढ़ उसके साथ छेडख़ानी का प्रयास किया। शोर मचाने पर फरार हो गया। पीड़िता ने शुक्रवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ने कहा है कि बीते रविवार की रात 10 बजे गांव के बाहर गई थी, जहां वह पहले से बैठा था।

# चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया

**कसया।** नगर के अशोक प्रसाद के घर चोरी हो गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया। एसपी ने सीओ कुंदन सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की। शुक्रवार को पुलिस ने एनएच-28 पर कलश होटल के पास से महुअवा गोपालगढ़ निवासी गोलू सिंह पुत्र सुभाष सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से पुलिस ने चोरी का सामान, चार इलेक्ट्रिक मोटर पंप, दो हैंडपंप आदि बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**पडरौना।** कुबेरस्थान थाना क्षेत्र के एक किशोरी को बहला-फुसलाकर एक युवक भगा ले गया। तीन दिन पूर्व पुलिस ने केस दर्ज किया और किशोरी को बरामद कर उसका बयान दर्ज किया। बयान में किशोरी के साथ दुष्कर्म की बात सामने आई। पुलिस अपहरण की धारा में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट की धारा बढ़ा दिया। शुक्रवार को पुलिस पिपराजटामपुर गांव निवासी आरोपी इम्त्याज अंसारी को गिरफ्तार कर कर जेल भेज दिया। संवाद

# दो वांछित आरोपी गिरफ्तार

**तमकुहीराज।** पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दो वांछितों की पुलिस काफी दिनों से तलाश में जुटी थी। इंस्पेक्टर अमित कुमार शर्मा ने बताया थाने में दर्ज एक मामले में भटवलिया निवासी धनंजय और रविंद्र की तलाश की जा रही थी। सूचना के आधार पर शुक्रवार को उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# बुजुर्ग को थप्पड़ मारने के आरोपी प्रधान पर केस

### एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ केस

**बरवापट्टी।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर बरहन में पांच सितंबर को ग्राम पंचायत की खुली बैठक में सचिव से वृद्धावस्था पेंशन के बारे में पूछना एक प्रधान को इतना नागवार लगा कि उसने बुजुर्ग को थप्पड़ जड़ दिया था। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस प्रधान को बचाने के लिए जांच की बात कहने लगी। स्थानीय थाने से न्याय नहीं मिलने पर पीड़ित एसपी से मिलकर शिकायत की। एसपी के आदेश पर प्रधान के खिलाफ केस दर्ज हुआ।

लक्ष्मीपुर गांव के 69 वर्षीय राधा गांव की खुली बैठक में सचिव से वृद्धावस्था पेंशन का फार्म देकर बात कर रहा था। वहां मौजूद प्रधान अशरफी ने राधा को थप्पड़ मारकर भगा दिया। प्रधान के सामने किसी की बोलने की हिम्मत नहीं हुई। हिम्मत जुटाकर बुजुर्ग में बरवापट्टी थाने पर पहुंचा पुलिस से पूरी बात बताते हुए तहरीर दी। प्रभावशाली प्रधान पर केस दर्ज करने के बजाए जांच की बात कह टाल-मटोल करने लगी। कार्रवाई नहीं होने से आहत पीड़ित एसपी संतोष कुमार मिश्रा के पास पहुंच गया और प्रार्थनापत्र देकर पूरी बात बताई। एसपी के आदेश पर पुलिस ने प्रधान के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। सीओ जितेंद्र कालरा ने बताया कि केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है। संवाद

# महिलाओं ने एसपी से की कार्रवाई की मांग

**मंसाछापर।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के हिरनही गांव के समूह में काम करने वाली महिलाओं ने एसपी को शिकायती पत्र दिया है। महिलाओं ने गांव के ही एक व्यक्ति पर फर्जी तरीके से तीस लाख रुपये निकालने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

हिरनही गांव की रमावती पत्नी बिहारी ने तहरीर में कहा कि गांव के ही सरोज आलम जो समूह के माध्यम से भारत बैंक, एलएनटी बैंक, उत्कर्ष बैंक तथा बंधन बैंक में समूह का खाता रमावती चौहान, प्रमिला, खदेरनी, तैरुन, समीना, बसीरून, और उर्मिला का खाता खुलवाया।

आरोप है कि आरोपी बैंक पासबुक व एटीएम कार्ड अपने पास रख लिया और आश्वासन दिया कि जब समूह से पैसा मिलेगा, तो अपना बैंक पासबुक और एटीएम लेकर चले जाना। आरोपी ने उनके अलावा अन्य महिलाओं को विश्वास में लेकर छह माह के अंदर 30 लाख रुपये जालसाजी कर भाग गया है। इंस्पेक्टर ओमप्रकाश तिवारी ने कहा कि समूह की महिलाओं ने रकम खुद निकाला है। अधिक पैसे मिलने के लालच में आरोपी को दे दिया है। कार्रवाई होगी। संवाद

# पशुओं के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सलेमगढ़।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के रामपुर बंगरा गांव के पास शुक्रवार की सुबह करीब छह बजे पुलिस ने चार पशुओं के साथ तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्कर उसे बिहार के नरहवां गांव में ले जा रहा था। पुलिस विधिक कार्रवाई में जुटी है। एसएचओ राजप्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार पशु तस्कर गयासुद्दीन निवासी बसहिया थाना कोतवाली पडरौना को गांव के लोगों के सहयोग से चार पशुओं के साथ गिरफ्तार किया गया है। वह थाना क्षेत्र के रामपुर बंगरा गांव के पास पगडंडी रास्ते बिहार की तरफ से जा रहा था। पुलिस उसके खिलाफ केस दर्ज विधिक कार्रवाई कर रही है। संवाद

# पुलिस से की कार्रवाई की मांग

**तमकुहीराज।** एक शिक्षक ने पुलिस को तहरीर दी है। उन्होंने एक प्राइवेट विद्यालय के प्रबंधक पर उनका वेतन नहीं देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। तमकुहीराज थाना क्षेत्र के गोइड़ता श्रीराम निवासी रविप्रकाश पांडेय ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा कि वे क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में वर्ष 2023 से अध्यापन कार्य किया। मानदेय कम होने के चलते शिक्षण छोड़ने की बात कही तो प्रधानाचार्य ने कुछ अतिरिक्त धन एक साथ देने का वादा किया। लेकिन अब उन्होंने अतिरिक्त धनराशि के रूप में कुछ नहीं दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर अमित कुमार शर्मा ने बताया तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। संवाद

# प्रिंसिपल के खिलाफ शिक्षक ने दी तहरीर

**दाहूगंज।** तमकुही राज थाना क्षेत्र के एक इंटर कालेज में कार्यरत अध्यापक ने स्कूल प्रिंसिपल पर उसका मेहनताना न देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। शुक्रवार को पुलिस को दिए तहरीर में अध्यापक ने कालेज के प्रिंसिपल पर आरोप लगाया है कि जब भी पैसा मांगता हूं तो मुझे अगले महीने देने को बोला जाता है। तमकुही थाना के गोडयिता श्रीराम निवासी रविप्रकाश पांडेय पुत्र मनोज पांडेय ने शुक्रवार को दिए तहरीर में बताया कि दाहूगंज बाजार स्थित एक कालेज में वह एक वर्ष से पढ़ा रहा था।

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# गणपति मूर्ति विसर्जन के दौरान पुलिस और युवकों में कहासुनी

**निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद।** निचलौल कस्बे के बरगदवा मोहल्ले से गणपति मूर्ति विसर्जन को लेकर जाते समय डीजे बजाने की बात को लेकर युवकों और पुलिस में कहासुनी हो गई। इसके बाद मूर्ति को विसर्जन के लिए ले जाने में घंटों समय लग गया। इससे पुलिस को काफी मशक्कत उठानी पड़ी।

निचलौल कस्बे के बरगदवा मोहल्ले में कई वर्ष से गणेश पूजा के लिए मूर्ति स्थापना युवकों द्वारा की जाती है। इस वर्ष भी मूर्ति स्थापित की गई थी। इसके विसर्जन के लिए युवक ट्रैक्टर ट्रॉली पर मूर्ति लेकर डीजे बजाते हुए जा रहे थे। निचलौल मेन तिराहा पर पहुंचने पर बिना अनुमति के बजाए जा रहे डीजे पर पुलिस ने आपत्ति जताई। इसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद युवक जान बूझकर घंटों तक समय व्यतीत किए। पुलिस के समझाने के बाद मूर्ति विसर्जन के लिए नारायणी नहर के चमनगंज पुल पर ले गए।

एसओ देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के लिए बिना अनुमति के डीजे बजाया जा रहा था। इसको लेकर उन्हें मना किया जा रहा था। युवकों ने मूर्ति का शांतिपूर्वक विसर्जन कर दिया है। कहीं किसी प्रकार की अशांति की बात नहीं है।

# 18 लाख का चेक चोरी करने वालों को जेल

**महराजगंज।** चेक चोरी कर खाता में 18 लाख रुपये ट्रांसफर कराने के मामले में दर्ज मुकदमें में वांछित चल रहे शख्स को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साइबर फ्राड/फर्जी दस्तावेज बनाने वाले के आरोप में सीओ फरेन्दा अनिरुद्ध कुमार व साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक सजनू यादव ने मुकदमा दर्ज किया था।

पुलिस ने 18 लाख का फर्जी चेक साजिश के जरिए एक व्यक्ति के खाता में ट्रान्सफर करने के लिए शिकारपुर के एक बैंक शाखा में लगा दिया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि एक व्यवसायी के यहां काम करने वाले व्यक्ति ने व्यवसायी के ड्रावर से हस्ताक्षर किया हुआ चेक को निकाल लिया। बैंक के शिकारपुर शाखा में 18 लाख के चेक को अपने खाते में ट्रान्सफर करने के लिए लगा दिया था। पुलिस ने शिवेंद्र वर्मा उर्फ राजू व रवि शर्मा दोनों निवासी ग्राम भैंसी और विनोद यादव निवासी परसा थाना भिटौली पर केस दर्ज कर जेल दिया है।

# गैर इरादतन हत्या में 4 को सजा

- 31 जनवरी-23 में धरमौली में हुई थी घटना
- दो को सात-सात व दो को पांच-पांच साल की सजा

महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता। चौक क्षेत्र के धरमौली गांव के टोला डूमरभार में 31 जनवरी 2023 को हुई गैर इरादतन हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने सना सुनाई है। गांव निवासी रामबली, रमेश, सविता व कमलेश को दोषी पाए जाने पर रमेश व कमलेश को सात-सात व रामबली व सविता को पांच-पांस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। साथ ही प्रत्येक को 14 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार धरमौली के टोला डूमरभार निवासी रामबली, रमेश, सविता पत्नी कमलेश व कमलेश पुत्र रामबली 31 जनवरी 2023 को पड़ोसी पूजा पत्नी विद्यासागर से विवाद करने लगे। पूजा के मना करने पर आरोपित्र मारपीट करने लगे और पूजा व पूजा के पति विद्यासागर, देवर दीपक, भतीजी रितु तथा जेठानी राजमती को बुरी तरह से घायल कर दिए। घायलों में दीपक की इलाज के दौरान बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में मृत्यु हो गई। थाना चौक में केस दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश ने अभिलेखीय साक्ष्य, गवाहों का परीक्षण कर तथा अभियोजन पक्ष के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पूर्णेन्दु राम त्रिपाठी सहित बचाव पक्ष की दलीलों को सुना। इसके बाद रमेश व कमलेश को सात-सात वर्ष तथा रामबली व सविता को पांच-पांच वर्ष के सश्रम कारावास तथा प्रत्येक को 14 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# नशीली दवा की तस्करी में नेपाली नागरिक को सजा

**महराजगंज, वरिष्ठ संवाददाता।** नेपाल से नशीली दवा खरीदकर भारत बेंचने आते समय पकड़े गए नेपाली नागरिक को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोषी पाया है। अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय कोर्ट संख्या दो ने नेपाल के भैरहवां के दोगहरा निवासी मो. आलम को एक साल आठ माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड जमा न करने पर एकमाह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगी।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार 27 फरवरी-23 को मोहम्मद आलम नेपाल से 46.65 ग्राम एल्प्राजालाम लेकर भारत बेंचने आ रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। मामले के वादी तत्कालीन एसआई भूपेन्द्र प्रताप सिंह व विवेचक तत्कालीन एसआई सुधीर कुमार यादव ने सजा दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस कार्यालय के अनुसार एडीजीसी राघवेन्द्र मिश्र ने पैरवी कर सजा की मांग की, जबकि कोर्ट मोहर्रिर मनोज निगम व पैरोकार छोटेलाल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# केरल पुलिस का वांछित सोनौली सीमा पर दबोचा

**सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद।** शुक्रवार इमीग्रेशन विभाग की टीम ने सोनौली सीमा पर केरल पुलिस के वांछित युवक को दबोच लिया। केरल पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी किया है।

सीमा पर भारत से नेपाल आने-जाने वाले यात्रियों की जांच चल रही थी। इस दौरान एक युवक भारत से नेपाल जाने के दौरान आब्रजन कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने जब उसके आईडी की जांच की तो युवक अनिल कुमार निवासी पोटी माडा केरल निकला और उसके खिलाफ केरल पुलिस का लुक आउट नोटिस जारी था। इमीग्रेशन अधिकारी ने उक्त युवक को हिरासत में ले लिया और केरल व सोनौली पुलिस को सूचना देकर पूछताछ शुरू कर दी। उस पर धोखाधड़ी के कई आपराधिक मामले केरल पुलिस ने दर्ज किए हैं। सोनौली कोतवाल अंकित सिंह ने बताया कि केरल पुलिस द्वारा जारी लुक आउट नोटिस के आरोपी को आब्रजन विभाग ने हिरासत में लिया है।

# थाने का एसपी ने लिया जायजा

**भगवानपुर, हिन्दुस्तान संवाद।** एसपी सोमेन्द्र मीना ने शुक्रवार को परसामलिक थाने का औचक निरीक्षण किया। थाना परिसर से लेकर कार्यालय तक का जायजा लिया। अपराध की रोकथाम व शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, आइजीआरएस कार्यालय, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया। थाने पर अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों को चेक कर सम्बंधित कर्मचारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। थाने का हवालात चेक करते हुए साफ-सफाई की स्थिति आदि का अवलोकन किया। आगामी त्योहारों के दृष्टिगत बीट आरक्षी/मुख्य आरक्षी को अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहने के लिए कहा।

# पशु क्रूरता अधिनियम में दो भाइयों पर केस

नौतनवा। कस्बे में गुरुवार की देर शाम करीब 10 बजे दो युवकों द्वारा रस्सी के सहारे एक सफेद बछड़े को मारते और खींचकर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान किसी ने सीओ जयप्रकाश त्रिपाठी को सूचित कर दिया। मौके पर पहुंचे सीओ ने दोनों को पूछताछ के बाद हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह ने बताया कि हिरासत में लिए गए सफीक एवं शकील निवासी बड़की जूनबी थाना बृजमनगंज के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दो मामलों में मजिस्ट्रेट ने सुनाई सजा

फरेंदा। दो आपराधिक मामलों में न्यायिक मजिस्ट्रेट फरेंदा अखिल कुमार निझावन ने सजा सुनाई है। पुरन्दरपुर में लगभग 33 वर्ष पूर्व चोरी के मामले में शुक्रवार को दोष सिद्धि पाते हुए अशफाकू, हसीब, गुलहसन और जगदीश निवासी निरनाम थाना पुरन्दरपुर को एक दिन की न्यायिक हिरासत व 2000 रुपये के जुर्माने से दंडित किया। जुर्माना राशि अदा न करने पर दस दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोल्हुई थाने के एक मामले की सुनाई करते हुए धारा 494 में रियाज अहमद, सबरे आलम और निजामुद्दीन को एक दिन का कारावास तथा प्रत्येक को 2500 रुपये का जुर्माना से दंडित किया है।

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

जासं, भिटौली : महिला से दुष्कर्म करने वाले घुघली थाना क्षेत्र के बल्लोखास निवासी आरोपित आकाश जायसवाल को भिटौली थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य के नेतृत्व में सेमराराजा टोल प्लाजा से गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अखिलेश यादव थाना, चंद्रपाल यादव, हेड कांस्टेबल विद्यासागर मौजूद रहे।

# मार्ग दुर्घटना में होमगार्ड घायल, मुकदमा

निचलौल : निचलौल के घोड़हवा चौराहे पर मार्ग दुर्घटना में होमगार्ड के घायल हो जाने पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है। गौनरिया राजा थाना चौक विश्राम ने तहरीर देकर बताया कि उसके चाचा पतिराम निचलौल थाने में होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। 13 अगस्त को वह ड्यूटी के लिए निचलौल आ रहे थे तभी रास्ते में अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

# नशीली दवा की तस्करी के मामले में नेपाली नागरिक को 20 माह की सजा

- अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रताप सिंह ने सुनाया फैसला
- 27 फरवरी 2023 की रात में सौनौली पुलिस ने की थी गिरफ्तारी

जासं, महराजगंजः नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में गिरफ्तार नेपाली नागरिक मोहम्मद आलम को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट, अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने एक वर्ष आठ माह के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

मामला 27 फरवरी 2023 का है, जब सोनौली पुलिस रात में गश्त कर रही थी। पुलिस को भगवानपुर के श्याम काट पुल के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जो पुलिस को देखते ही भागने लगा लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान नेपाल के रूपंदेही जिले के भैरहवां निवासी मोहम्मद आलम के रूप में हुई। तलाशी में उसके पास से नशीली दवाएं बरामद हुईं, जिन्हें वह नेपाल से तस्करी कर भारत लाया था।

पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध एनडीपीएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूर्ण कर न्यायालय में आरोपित के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल किया था। न्यायालय में अभियोजन पक्ष के सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र उपाध्याय और बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश ने आरोपित को दोषी ठहराया। अभियोजन पक्ष के प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर मोहम्मद आलम को एक वर्ष आठ माह के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# मुकदमे में बढ़ी जाली नोट छापने की धारा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : लंबे समय से फर्जी स्टांप बेचने वाला बिहार के सिवान जिले का गिरोह छह माह से जाली नोट छापता था। गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू की निशानदेही पर बुधवार को कैंट थाना पुलिस ने 200 के चार जाली नोट बरामद किए थे। विवेचक ने शुक्रवार को इसी मामले में रिमांड पर लेने के साथ ही मुकदमे में जाली नोट छापने की धारा बढ़ा दी।

एक सितंबर को यूपी एटीएस (आतंकवादनिरोधकदस्ता) ने सिवान, मोफस्सिल नई बस्ती के नवाब आरजू व उसके साथी राजू को रेलवे स्टेशन के पास से फर्जी स्टांप, नकदी व गाड़ी के साथ पकड़कर कैंट थाने में मुकदमा दर्ज कराया। आरोपित से पूछताछ में पता चला कि वह जाली नोट भी छापता है। एटीएस के निरीक्षक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कैंट थाना पुलिस ने आरोपितों को जेल भेज दिया। जाली नोट के संबंध

- एक सितंबर को एटीएस ने सिवान के नवाब आरजू को पकड़ा था
- बुधवार को कस्टडी रिमांड पर लेकर बरामद किए थे जाली नोट

में पूछताछ करने के लिए विवेचक ने न्यायालय ने अर्जी देकर नवाब आरजू की कस्टडी रिमांड मांगी थी। मजिस्ट्रेट ने अर्जी स्वीकृत कर बुधवार को सुबह सात से रात 10 बजे तक के लिए नवाब आरजू की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर की थी। जिला कारागार से अभिरक्षा में लेकर विवेचक पहले सिवान गए। वहां से पहुंचने पर उसने बताया कि मैरवा में रहने वाली बहन के घर पर जाली नोट, प्रिंटर व लैपटाप रखा था। पकड़े जाने के बाद उसकी पत्नी ने गोरखपुर में ले जाकर छिपा दिया है। रात को कैंट पुलिस ने नवाब आरजू की निशानदेही पर स्टेशन के गेट नंबर सात के पास झाड़ी में पड़े बैग से लैपटाप, प्रिंटर के

फर्जी स्टांप प्रकरण में एटीएस ने गिरोह के मास्टरमाइंड नवाब आरजू व उसके साथी को गिरफ्तार किया था। इस मामले में जाली नोट छापने की धारा बढ़ाने के साथ ही आरोपित को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। फरार चल रहे गिरोह के अन्य साथियों की तलाश चल रही है। नवाब आरजू के पिता व गिरोह के अन्य सदस्य जालसाजी के दूसरे मामले में पहले से जेल में है।

अंशिका वर्मा, सीओ कैंट

साथ ही 200 के चार जाली नोट बरामद किए। जालसाज के कब्जे से जाली नोट व प्रिंटर मिलने की जानकारी सीजेएम कोर्ट में देने के साथ ही विवेचक ने रिमांड लेने की अर्जी दी थी। शुक्रवार को जालसाजी के मुकदमे में जाली नोट छापने की धारा बढ़ाने के साथ ही कैंट पुलिस ने नवाब आरजू को इस मामले में न्यायालय में पेश कर रिमांड लिया।

# सोनौली सीमा पर पकड़ा गया केरल पुलिस का वांछित

संवाद न्यूज एजेंसी

## लुक आउट नोटिस के तहत हुई गिरफ्तारी, धोखाधड़ी में दर्ज है केस

सोनौली। भारत-नेपाल की सोनौली सीमा पर आव्रजन विभाग ने केरल पुलिस के वांछित व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए व्यक्ति की जांच की जा रही। सोनौली पुलिस ने भी आव्रजन कार्यालय पर जाकर मामले की जांच की।

बताया कि उक्त आरोपी के खिलाफ केरल पुलिस ने लुक आउट नोटिस जारी किया था। आरोपी नेपाल के रास्ते विदेश भागने की फिराक में था। जांच के दौरान पकड़ा गया।

शुक्रवार दोपहर आव्रजन अधिकारी सीमा पर भारत से नेपाल आने-जाने वाले यात्रियों की जांच कर रहे थे। इस दौरान एक युवक भारत से नेपाल जाने के दौरान आव्रजन कार्यालय पहुंचा। अधिकारियों ने जब उसके आईडी की जांच की तो युवक का नाम अनिल कुमार निवासी पोटी माडा केरल दिखा। उसके खिलाफ केरल पुलिस का लुक आउट नोटिस जारी देख उक्त युवक को हिरासत में लेकर केरल और सोनौली पुलिस को सूचना देकर पूछताछ शुरू कर दी।

पता चला कि उसके खिलाफ धोखाधड़ी के कई आपराधिक मामले केरल पुलिस ने दर्ज किया है। कोतवाल सोनौली अंकित सिंह ने बताया कि केरल पुलिस द्वारा जारी लुक आउट नोटिस के आरोपी को आव्रजन विभाग द्वारा हिरासत में लिया गया है। उसके खिलाफ धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज है। केरल पुलिस को सूचित किया गया है। उनके पहुंचने के बाद सुपुर्द किया जाएगा।

# चाइनीज लहसुन, मक्का लदा ट्रक लापता

**निचलौल।** शहर से तस्करी की चाइनीज लहसुन और मक्का लोड कर एक ट्रक लापता हो गया है। मामले में एक शख्स ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के एजेंट समेत चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया। शहर के लोहिया नगर वार्ड निवासी शख्स महेश यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह लहसुन और मक्का आदि का थोक व्यवसाय करता है। वह ट्रांसपोर्ट कंपनी और कमीशन एजेंट के माध्यम से ट्रक पर सामान को लोडकर बड़े शहरों में भेजते है। 30 अगस्त निचलौल के मंडी रोड स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के प्रोपराइटर से निचलौल शहर से दिल्ली मक्का और लहसुन भेजने के लिए डीसीएम ट्रक बुक किया था। ट्रक पर 62.80 क्विंटल लहसुन और 20 क्विंटल मक्का लोड था। दोनों की कुल कीमत 1557200 रुपये है। ट्रक चालक और खलासी शहर से सामान को लोड कर दिल्ली के लिए उसी दिन रवाना हो गए। कुछ ही घंटों बाद सामान लेकर दिल्ली के लिए निकली ट्रक का लोकेशन नहीं मिला। केस दर्ज होने के बाद मामले का उजागर होने पर बताया जा रहा है, की लापता ट्रक पर लदी लहसुन और मक्का चाइनीज है। जिसे नेपाल से तस्करी कर भारत लाया गया था। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर ट्रांसपोर्ट कंपनी के एजेंट, ट्रक चालक समेत चार पर केस दर्ज किया गया है। संवाद

# महिला के साथ मारपीट का वीडियो वायरल

**ठूठीबारी।** भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक महिला को कुछ महिलाएं जमीन पर घसीट कर बाल नोचते हुए पिटाई करते दिख रही हैं। महिला के कपड़े भी फटे हुए दिखाई दे रहे हैं। वहीं मामले में पुलिस ने महिला की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। मामला ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के बोदना गांव के टोला नवडीहवा का है, जहां पर भूमि विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसमें बोदना गांव के टोला नवडिहवा एक महिला ने उसके हिस्से की जमीन पर अपने गांव के एक व्यक्ति पर अवैध कब्जा करने का प्रयास का आरोप लगाया है। 11 सितंबर की रात को दबंगों ने अपने परिजनों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता महिला के ऊपर हमला कर दिया। योगेंद्र कुमार ने बताया कि बंजर की जमीन पर कब्जा करने को लेकर मारपीट हुआ है। वीडियो में पुरुष लाठी का प्रदर्शन कर रहे हैं। महिलाओं के बीच झड़प हुई है, जिसमे कपड़ें फटे हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों पक्षों के लोगों का शांति भंग में कार्रवाई की गई है। संवाद

# विसर्जन यात्रा से पुलिस ने उठाया डीजे, सड़क जाम

## चेयरमैन प्रतिनिधि के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने डीजे किया वापस

संवाद न्यूज एजेंसी

निचलौल। ब्लॉक गेट के पास से ने पुलिस मूर्ति विसर्जन यात्रा से डीजे कब्जे में लेकर थाने चली गई। यात्रा में शामिल युवा भड़क उठे और सड़क पर बैठ गए। इससे जाम लग गया। करीब एक घंटे बाद पुलिस ने डीजे वापस किया इसके बाद मामला शांत हुआ।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को बरगदवा वार्ड के लोग भगवान गणेश की मूर्ति विसर्जन करने के लिए गाजे-बाजे और डीजे के साथ नाचते-गाते जा रहे थे। ब्लॉक गेट के पास से पुलिस ने जुलूस में शामिल डीजे को कब्जे में लेकर थाने चली गई।

इससे युवा भड़क उठे और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठ गए। इससे सड़क पर जाम लग गया। जाम के चलते करीब एक घंटे तक लोग परेशान रहे। इसकी जानकारी मिलते ही चेयरमैन प्रतिनिधि के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने डीजे वापस किया। इसके बाद युवाओं ने विधि-विधान से गणेश मूर्ति का विसर्जन किया।

विसर्जन यात्रा में शामिल युवाओं ने कहा कि वह लोग शहर के बरगदवा वार्ड में पिछले 12 साल से गणेश मूर्ति स्थापित कर पूजन करते हैं। हर साल इसी उत्साह के साथ गाजे-बाजे और डीजे के साथ चमनगंज नहर पुल पर गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते है।

इस वर्ष भी वह लोग अनुमति लेकर मूर्ति स्थापित किए थे। स्थापित मूर्ति को गाजे-बाजे के साथ लेकर विसर्जन करने जा रहे थे। अभी जुलूस शहर के ब्लॉक गेट के पास पहुंचा था। इसी बीच अचानक भारी पुलिस फोर्स आ पहुंची।

फिर पुलिस टीम ने जबरन जुलूस में शामिल डीजे को कब्जे में लेकर थाने भेजवा दिया।



निचलौल कस्बे में सड़क जाम के बाद लोगों की लगी भीड़। संवाद

### जाम के चलते घंटे भर परेशान रहे लोग, बाद में किया मूर्ति का विसर्जन

जुलूस में डीजे नियम विरुद्ध तरीके से बजाया जा रहा था। ऐसे में जुलूस में शामिल युवाओं को हिदायत देकर छोड़ दिया गया है। ताकि अगली बार से ऐसा गलती न करे। मौके पर शांति व्यवस्था बनी हुई है।

-देवेंद्र कुमार सिंह, थाना प्रभारी

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**भिटौली।** क्षेत्र के एक गांव की एक युवती से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती से घुघली थाना क्षेत्र का एक ने दुष्कर्म किया था। भिटौली पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। शुक्रवार को सेमरा राजा टोल प्लाजा से पुलिस ने आरोपी युवक को गिफ्तार कर लिया। युवक को महराजगंज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भिटौली थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार वैश्य ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# मामूली बात को लेकर महिला को पीटा, केस दर्ज

**निचलौल।** क्षेत्र के झरवलिया गांव में शुक्रवार को मामूली बात को लेकर एक युवक ने महिला की पिटाई कर दी। पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। झरवलिया निवासी रविंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पत्नी कौशल्या घर आ रही थी। तभी एक युवक ने मामूली बात को लेकर उनकी पिटाई कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार सिंह ने कहा की मामले में तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# श्मशान में शव दफनाने पर जताया एतराज

**सिंदुरिया।** घुघली क्षेत्र के गांव में सोमवार को श्मशान की भूमि में शव दफनाने को लेकर दूसरे समुदाय ने एतराज किया। पूर्व प्रधान बलराम प्रजापति ने संबंधित थाना, पुलिस अधीक्षक व उपजिलाधिकारी सदर को शिकायती पत्र देकर बताया कि हमारे ग्राम सभा में 45 डिस्मिल भूमि है, जिसमें 15 डिस्मिल कब्रिस्तान और 30 में श्मशान है, लेकिन एक समुदाय द्वारा श्मशान की भूमि में शव दफनाया जा रहा है। घुघली थानाध्यक्ष रामचरन सरोज ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेश पर जल्द ही सीमांकन करा दिया जाएगा। संवाद

# 'जनता की समस्याओं का करें त्वरित निस्तारण'

**परसामलिक।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शुक्रवार को परसामलिक थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। परिसर, जीडी कार्यालय, आवासीय बैरक, सीसीटीएनएस कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, बंदीगृह, भोजनालय आदि का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने क्षेत्र में भ्रमण करने का निर्देश दिया। जनता की समस्याओं को त्वरित निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान परसामलिक थानाध्यक्ष उमेश कुमार, बरगदवा थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, सेवतरी चौकी प्रभारी विनीत कुमार यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# एसपी ने लंबित जनशिकायतों की समीक्षा की

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व थानों पर नियुक्त आईजीआरएस पोर्टल पर कार्य करने व फीडबैक लेने वाले पुलिसकर्मियों के साथ गोष्ठी की। जिसमें समस्त लंबित जनशिकायतों का थानावार समीक्षा की। आईजीआरएस फीडबैक रजिस्टर को चेक किया। पुलिस अधीक्षक ने समस्त पुलिस कर्मियों से आईजीआरएस फीडबैक के संबंध में आने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। संवाद

# पशु क्रूरता में दो के खिलाफ केस दर्ज

**नौतनवा।** कस्बे में एक गोवंशीय बछड़े को क्रूरता पूर्वक ले जाते हुए दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पशु क्रूरता के आरोप में केस दर्ज किया है। उस्मान नगर निवासी धनंजय साहू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बृहस्पतिवार रात अपने मित्र के साथ अपने घर जा रहे थे। नगर पालिका कार्यालय नौतनवा से थोड़ा आगे दो व्यक्ति एक बछड़े के गले में रस्सी बांधकर पिटाई कर उसके साथ क्रूरता कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि मोहम्मद सफीक व सकील निवासी बड़की जुनर्बी थाना बृजमनगंज केस दर्ज हुआ है। संवाद

# चार बाइकों का चालान

**परसामलिक।** शुक्रवार शाम को सेखुआनी चौराहे से पश्चिम बघेला नाला पुल के पास वाहन जांच अभियान चलाकर लोगों को धीमी गति वाहन चलाने की हिदायत दी गई। जांच के दौरान चार बाइक चालान कर दी गई। संवाद

# शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली। उन्होंने परेड मार्चअप तथा स्क्वाड ड्रिल भी कराया। पुलिस कर्मियों को मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए दौड़ लगवाई व योगाभ्यास भी कराया। पुलिस अधीक्षक ने परेड ग्राउंड में शस्त्राभ्यास, ड्रिल स्क्वाड कराते हुए अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने तथा विषम परिस्थितियों में भी खुद को तैयार रखने के लिए जवानों को निर्देश दिए। पुलिस लाइंस परिसर का भ्रमण करते हुए उन्होंने डायल 112 के वाहनों, आरक्षी बैरक, मेस, फील्ड युनिट, रेडियो शाखा, कंट्रोल रुम, डीसीआर कक्ष, महिला हास्टल, आरटीसी बैरक का निरीक्षण किया। संवाद

# गैरइरादतन हत्या में चार को सजा

## दो आरोपियों को सात-सात और दो को पांच-पांच साल की सजा

अदालत से

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने मारपीट व गैर इरादतन हत्या में चार दोषियों में दो को सात-सात साल और दो को पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही 14-14 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, धरमौली गांव के टोला डूमरभार निवासी रामबली पुत्र बुद्धू, रमेश पुत्र रामबली, सविता पत्नी कमलेश, कमलेश पुत्र रामबली 31 जनवरी 2023 की शाम को अपने पड़ोसी पूजा पत्नी विद्यासागर से गालीगलौज करते हुए झगड़ा करने लगे। पूजा ने मना किया तो आरोपी मारपीट पर आमादा हो पूजा और पूजा के पति विद्यासागर, देवर दीपक, भतीजी रितु, जेठानी राजमती की पिटाई कर दी, जिससे वह घायल हो गए।

दीपक की इलाज के दौरान बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में मौत हो गई। थाना चौक केस दर्ज होने के बाद आरोपितों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय समक्ष प्रस्तुत किया गया।

मुकदमे के परीक्षण के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश ने अभिलेखिय साक्ष्य व गवाहों का परीक्षण कर व अभियोजन पक्ष, बचाव पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद रमेश व कमलेश को सात-सात वर्ष, रामबली और सविता को पांच-पांच वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

### तस्करी में एक साल आठ माह की सजा

महराजगंज। नशीली दवाओं की तस्करी में नेपाली नागरिक मोहम्मद आलम को अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अभय प्रताप सिंह द्वितीय ने एक वर्ष आठ माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार, सोनौली पुलिस 27 फरवरी 2023 की रात में गश्त के दौरान सोनौली से भगवानपुर जा रही थी। श्यामकट पुल के पास उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखा जो पुलिस को देखते ही भागने लगा। पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि वह मोहम्मद आलम पुत्र अब्दुल अजीज है, जो की नेपाल के दोगरहा, भैरहवां, जिला रूपनदेही का निवासी है। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से नशीली दवाएं बरामद हुईं जिसको आरोपित नेपाल से तस्करी कर भारत लाया था। थाना सोनौली ने आरोपित के विरुद्ध केस दर्ज कर विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय समक्ष प्रस्तुत किया। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# सी, डी व ई रैंक वाले विभाग प्रगति में लाये सुधार : डीएम

**बस्ती (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने निर्देश दिया कि सी, डी व ई रैंक वाले विभाग प्रगति में अपेक्षित सुधार लाते हुए प्रत्येक दशा में मासान्त तक सुधार लाना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डैशबोर्ड पर डाटा फीडिंग कार्य को अद्यतन रखा जाय। जिलाधिकारी ने सी, डी व ई रैंक से संबंधित अधिकारियों को यह भी सुझाव दिया कि सर्वप्रथम रैंक खराब होने के कारणों को ज्ञात कर उसका स्थायी समाधान करा दें। इससे रैंक का ग्राफ स्थिर होने के बाद इसमें सुधार परलक्षित होने लगेंगा।



बस्ती: बैठक को सम्बोधित करते डीएम रवीश गुप्ता।

जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि विद्युत आपूर्ति में सुधार लाने के साथ-साथ विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं को भी प्राथमिकता पर पूर्ण किया जाय। उन्होंने अतिरिक्त उर्जा, सोलर स्ट्रीट लाईट, एकीकृत बागवानी, खराब ट्रांसफार्मर, दैनिक विद्युत आपूर्ति, विद्युत बिल सुधार, कृषि रक्षा रसायन, पीएम कुसुम, बीसी सखी, आवास योजना ग्रामीण, मनरेगा, सड़क निर्माण, जलजीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, सामाजिक वानीकि, बेसिक शिक्षा विभाग, अण्डा उत्पादन, निराश्रित गोवंश, पशु टीकाकरण, शादी अनुदान, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, प्रोजेक्ट अंलकार, आधार

**सीएम डैशबोर्ड पर विभिन्न विभागों के प्रगति की समीक्षा**

फीडिंग की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को शीघ्रातीशीघ्र पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर करें। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी जयदेव सीएस, एडीएम प्रतिपाल चौहान, सीएमओ डा. आरएस दुबे, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार सिंह, परियोजना निदेशक, आबकारी अधिकारी राजेश कुमार त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश शुक्ला, डीएफओ जयप्रकाश, उपनिदेशक कृषि अशोक कुमार गौतम, जिला पूर्ति अधिकारी सत्यवीर, अधिशासी अभियन्ता विद्युत मनोज कुमार सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## जनपद में 31 अक्टूबर तक प्रतिबन्धात्मक आदेश लागू

**बस्ती (एसएनबी)।** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रतिपाल चौहान ने जनपद में तत्काल प्रभाव से 31 अक्टूबर तक धारा 163 का प्रतिबंधात्मक आदेश लागू कर दिया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि 16 सितम्बर को ईद-ए-मिलाद/बारावफात, 2 अक्टूबर को गांधी जयन्ती, 3 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जयनती, 11/12 अक्टूबर को दशहरा रामनवमी/ विजयादशमी, 17 अक्टूबर को महर्षि बाल्मीकी जयन्ती, 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी एवं 31 अक्टूबर को दीपावली का त्यौहार है।

उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता- 2023 की धारा 163 के अधीन माह सितम्बर व अक्टूबर के बीच में सम्भावित/ पड़ने वाली विभिन्न राष्ट्रीय/ स्थानीय त्यौहारो/ परीक्षाओं, सम्भावित धरना प्रदर्शन, हड़ताल, जुलूस आदि को दृष्टिगत रखते हुए संक्रमण रोग निवारण हेतु प्रोटोकाल का अनुपालन करने के साथ ही जनपद में शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने के लिए ये आदेश लागू किए गये है। उन्होने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का प्रतिबन्धित/ अवैध अस्त्र-शस्त्र जैसे आगेयास्त्र, बन्दूक, पिस्टल, राइफल, रिवाल्वर, तलवार, कटार, गुप्ती, चाकू, लाठी, स्टिक, भाला, बरछा, फरसा, गड़ासा एवं किसी भी प्रकार का विस्फोटकर पदार्थ जैसे-हथगोला, बारूद, तेजाब आदि लेकर नही चलेंगा। उन्होने कहा कि लाइसेंसी शस्त्र धारको को खुलेआम शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबन्धित किया गया है। उन्होने कहा कि राजनैतिक दलों/ धार्मिक संगठनों तथा समस्त विभागों के समस्त सरकारी सेवको तथा मान्यता प्राप्त संघ/ महासंघ/ परिसंघ को धरना, सांकेतिक प्रदर्शन अथवा हड़ताल का आयोजन पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेंगा, जिससे किसी जाति विशेष अथवा धर्म विशेष व्यक्तियो को आघात पहुँचे तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था कुप्रभावित हो। उन्होने बताया है कि यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सरकारी अधिकारियों/ कर्मचारियों, सिक्ख समुदाय के धार्मिक हथियार के रूप में पाण धारण करने, बूढे/ दिव्यांग के छड़ी/ लाठी का प्रयोग करने, शव यात्रा, वैवाहिक कार्यक्रम करने वाले लोगो पर लागू नही होंगा किन्तु ध्वनि विस्तारक यत्रों के प्रयोग के लिए पूर्व अनुमति लेनी होंगी।

# दुष्कर्म का आरोपी अदालत से बरी

बस्ती। फास्ट ट्रैक कोर्ट प्रथम के न्यायाधीश प्रमोद कुमार गिरी की अदालत ने बहलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म के मामले के आरोपी को दोषी नहीं पाते हुए बरी कर दिया। बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राम कृपाल चौधरी ने अदालत में पक्ष रखा। सोनहा क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने तीन जून वर्ष 2016 में मुकदमा दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिग बेटी को मोनू निवासी कूपनगर ग्रांट, थाना खोड़ारे जिला गोंडा, एक माह पूर्व भगा ले गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। विवेचना में पाया गया कि पीड़िता मुम्बई में एक अनजान युवक से शादी कर रही थी। इसकी सूचना उसने परिवार को नहीं दी थी। न्यायाधीश ने दोनों पक्ष को सुनने के बाद आरोपी को संदेश का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

# छात्राओं को सिखाये गये आत्मरक्षा का गुर



**बस्तीः छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाती प्रभारी निरीक्षक डॉ शालिनी सिंह।**

**बस्ती (एसएनबी)।** प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह द्वारा षुक्रवार को मिषन षक्ति अभियान के तहत बेगम खैर इंटर कालेज में छात्राओं को सुरक्षा के विभिन्न आयामों से परिचित कराया।

प्रभारी निरीक्षक डॉ. शालिनी सिंह ने मिशन शक्ति से संबंधित हेल्प लाइन नंबर्स 1090, 112,1098, 1076, 1930, 108 आदि की विधिवत जानकारी दी तथा साइबर फ्राड और साइबर क्राइम के बारे में बिस्तार पूर्वक बताया। इसके साथ ही गुड टच बैड टच एवं मार्शल आर्ट की विभिन्न विधाओं से परिचित कराया गया। इस दौरान लगभग 400 छात्राओं से बातचीत की गयी। तथा महिलाओं तथा बालिकाओं के विरुद्ध हो रहे अपराध को रोकने के लिए आगरूक किया।

# फर्जी लूट की सूचना से कलवारी पुलिस घंटों हुई हलकान

**कलवारी (एसएनबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के दोफड़ा गाँव मे स्थापित गणेश प्रतिमा के विसर्जन के दौरान गुरुवार की देर शाम दो लोगों की आपस मे कहासुनी के बाद मारपीट हो गया। मारपीट में शामिल एक व्यक्ति ने डायल 112 को लूट की फर्जी सूचना दे दिया। जिससे कलवारी पुलिस घण्टो हलकान हुई। जांच में मामला फर्जी निकला। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षो का चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के दोफड़ा गाँव में मूर्ति बैठाकर धूमधाम से गणेशोत्सव मनाया जा रहा था। गुरुवार की देर शाम आयोजक मण्डल मूर्ति विसर्जित करने इसी थानाक्षेत्र के सोंधियाघाट पर मूर्ति लेकर पहुँचे थे। श्रद्धा भक्ति और गाजे बाजे के साथ पहुंचे श्रद्धालु भक्ति गीत पर थिरक रहे थे। अचानक नाचने को लेकर दोफड़ा गाँव निवासी राकेश और शम्भूनाथ में कहासुनी के बाद मारपीट हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। थोड़ी देर बाद राकेश ने फोन से डायल 112 को सूचना दिया कि विपक्षी शम्भूनाथ ने माला, मोबाइल और आठ हजार रुपये छीन लिया। सूचना से अफरातफरी मच गई। आनन फानन मौके पर पहुंची कलवारी पुलिस ने जांच पड़ताल किया तो लूट का मामला फर्जी निकला। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि पीआरबी पर लूट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर कड़ाई से पूंछताछ करने पर सूचना देने वाले ने बताया कि नाचते समय उक्त सामान कही गिर गया। मारपीट में शामिल दोनों लोगों को शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

# धोखाधड़ी कर खाते से निकाले पैसे, केस

**बस्ती (एसएनबी)।** खुद को सेना में बताकर अभियुक्त ने एक टेन्ट हाउस के संचालक से हजारो रूपये की ऑनलाइन माध्यम से ठगी कर लिया। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत रौतापार स्थित एक टेन्ट हाउस के संचालक सुनील कुमार श्रीवास्तव के मोबाइल पर अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। उक्त व्यक्ति द्वारा खुद को सेना में होने को बताते हुए कैम्प लगवाने के लिए टेन्ट बुकिंग की बात की। जिसके बिल का पेमेन्ट ऑनलाइन माध्यम से करने के लिए बताया। अभियुक्त द्वारा पुनः फोन कर सुनील को बताया गया कि आपको एक बार कोड भेज रहा हूं कुछ पैसा उस पर भेजे तो दोबारा जिस नम्बर से आप मुझे पेमेन्ट करेगे उस नम्बर पर आपका जो बिल होगा दोनो मिलाकर भेज दूंगा। इस प्रकार से धोखाधड़ी व फ्राड करके अभियुक्त द्वारा सुनील कुमार श्रीवास्तव के खाते से 17589 रूपये काट लिये गये। मामले में पीड़ित सुनील कुमार श्रीवास्तव पुत्र ईश्वर प्रसाद श्रीवास्तव निवासी रौतापार थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# छात्रा को ब्लैकमेल कर परिजनों से रूपये की मांग, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। कुछ लोगो द्वारा एक छात्रा का अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देते हुए परिजनों से लाखो रूपये की मांग की गयी। इस सम्बन्ध में पीड़िता के बाबा की शिकायत पर पुलिस ने अभियुक्तो पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत पिकौरा दत्तुराय मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि उसकी पौत्री जोएक पीजी कालेज में तृतीय वर्ष की छात्रा है उसके मोबाइल तथा घर वालो के अन्य लोगो के मोबाइल पर अलग अलग नम्बरो से फोन कर चार लाख रूपये की मांग की गयी। साथ ही पैसे न मिलने पर लड़की का अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दिया। परिजनों ने फोने आने वाले सभी नम्बरो को साइबर सेल पर लगवाने के बाद पता चला की उक्त नंबर मोहल्ले के रूखसार खातून, मन्नान खां फैजान, जहां आरा व सलमान खां का है। मामले में पुलिस ने आरोपी रुखसार खातून उर्फ मन्तशा पत्नी फैजान खां, मन्नान खां पुत्र मुस्ताक खां, सादाब खां पुत्र मन्नान खां निवासीगण पिकौरा दत्तुराय निकट एसबीआई गांधीनगर थाना कोतवाली फैजान खां पुत्र सलाम खां, जहां आरा पत्नी सलाम खां, सलाम निवासीगण मोहल्ला राजा मैदान वार्ड नंबर 11 निकट साबरी मस्जिद थाना पुरानी बस्ती के विरुद्ध धारा 308(2), 352, 351(2) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# महिलाओं को पैसे का लालच देने वाले पर मुकदमा

**बस्ती (एसएनबी)**। महिलाओं को पैसे का लालच देकर उनसे सादे कागज पर हस्ताक्षर कराने के बाद लोगो पर गलत मुकदमा पंजीकृत करने वाले एक अभियुक्त पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर शशिकान्त पाण्डेय पुत्र रामचन्द्र पाण्डेय ग्राम ढोढरी थाना गौर ने बताया कि उसके गांव के दिलीप कुमार पाण्डेय द्वारा एक गैंग तैयार कर गांव की गरीब महिलाओ को पैसा का लालच देकर अच्छे छवि वाले लोगो के विरुद्ध मनगढंत आरोप लगाकर झूठा मुकदमा लिखवाने के बाद सुलह समझौता कराने के नाम पर उनसे अच्छी रकम लेने का कार्य किया जाता है। दिलीप कुमार पाण्डेय द्वारा कई महिलाओ से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर उनका आधार कार्ड, फोटो अपने पास रखकर गलत तरीके से उसका प्रयोग भी करता है। मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपी दिलीप कुमार पाण्डेय पुत्र सिद्धनाथ निवासी ढोढरी थाना गौर के विरुद्ध धारा 318(2), 318(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है।



चौकड़ी टोल प्लाजा के पास हाईवे पर वाहनों का निरीक्षण करते अधिकारी।

# ओवरलोड वाहनों पर चला अभियान

बस्ती। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जिला प्रशासन ने हाईवे पर अभियान चलाया। अपर जिला अधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान के नेतृत्व में आरटीओ फखरुद्दीन, एआरटीओ पंकज सिंह, एसडीएम हर्रैया विनोद पांडेय, एसडीएम रश्मि यादव भारी पुलिस बल के साथ बस्ती अयोध्या हाईवे पर निकले। शुक्रवार देर शाम अधिकारियों ने चौकड़ी टोल प्लाजा के पास लगभग 50 ओवरलोड वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक वाहन ओवरलोड पाया गया।



बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में नारी सुरक्षा की जानकारी देतीं पुलिस अधिकारी।

# थानाध्यक्ष ने दिए सुरक्षा के टिप्स

बस्ती। बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज बस्ती में नारी सशक्तीकरण पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। थानाध्यक्ष महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह ने नारी सशक्तीकरण व सुरक्षा से सम्बंधित विभिन्न जानकारियां दिया। प्रधानाचार्य मुस्लिमा खातून ने डॉ. शालिनी सिंह को पुष्प गुच्छ देकर व और बैच लगाकर स्वागत किया। अंगवस्त्र भेट किया। नजराना खातून, रीता देवी, सुप्रभा पांडेय आदि शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# युवक को मारा था चाकू, दो लोगों पर केस

बस्ती। छावनी पुलिस ने बड़हर कला पेट्रोल पंप के पास दीपक पांडेय पर चाकू से हमला करने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस को दी तहरीर में अजय कुमार पांडेय निवासी बासगांव थाना छावनी ने बताया कि डुहवा गांव के पास खड़े दीपक पर उस समय चाकू से हमला कर दिया, जब वह पेट्रोल भराने जा रहा था। चाकू दीपक के दाहिने हाथ पर लगी। पुलिस ने अतुल पाठक व जसवंत विश्वकर्मा निवासी डुहवा मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जिले में धूमधाम से मनाया जा रहा है गणेश उत्सव का पर्व, देर रात तक पंडालों में लगे जयकारे

# शहर से गांवों तक गणेशोत्सव की धूम

**उल्लास**

■ आरती व रात्रि जागरण में आस्था का सैलाब उमड़ रहा

**बस्ती, निज संवाददाता।** जिले में गणेश महोत्सव की धूम मची है। विघ्न विनाशक गणपति के जयकारे सुबह शाम पंडालों में गुंजायमान हो रहे हैं। आरती व रात्रि जागरण में आस्था का सैलाब देखने को मिल रहा है। शहर व गांवों में हर ओर गणेशोत्सव की धूम है। शहर से लेकर गांव तक भव्य गणेश पूजा महोत्सव में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

शुक्रवार को शाम आरती के समय गजानन की छटा देखते ही बन रही थी। आरती के समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मौजूद रही। कंपनीबाग चौराहे पर आयोजित गणेश उत्सव में भी श्रद्धालुओं ने पूरे विधि विधान से भगवान गणेश की पूजा अर्चना की। शिवमंदिर कंपनीबाग, मालवीय रोड, कटरा, गांधीनगर, पांडेय बाजार, मंगल बाजार स्थित पूजा पंडालों में गणेश पूजन को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा है।

रुधौली, गनेशपुर, हर्रैया, भानपुर का कस्बा गणेश के गगन भेदी उदघोष से गुंजायमान हो रहा है। पूजा पंडालों में स्थापित किए गए गणेश प्रतिमाओं को देखने और आरती के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह शाम गंजते जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया है। 10 दिवसीय गणेश उत्सव में लोग लीन हैं।



कंपनी बाग पुलिस बूथ के सामने गणेश प्रतिमा की सजी मूर्ति।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान मारपीट, दो लोगों का चालान

**कलवारी।** स्थानीय थानाक्षेत्र के दोफड़ा गाँव मे स्थापित गणेश प्रतिमा के विसर्जन के दौरान गुरुवार की देर शाम दो लोगों की आपस मे कहासुनी के बाद मारपीट हो गया। मारपीट में शामिल एक व्यक्ति ने डायल 112 को लूट की फर्जी सूचना दे दिया। जिससे कलवारी पुलिस घण्टो हलकान हुई। जांच में मामला फर्जी निकला। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया।

थाना क्षेत्र के दोफड़ा गाँव में मूर्ति बैठाकर धूमधाम से गणेशोत्सव मनाया जा रहा था। गुरुवार की देर शाम आयोजक मण्डल मूर्ति विसर्जित करने इसी थानाक्षेत्र के सोंधियाघाट पर मूर्ति लेकर पहुँचे थे। श्रद्धा भक्ति और गाजे बाजे के साथ पहुंचे श्रद्धालु भक्ति गीत पर थिरक रहे थे। अचानक नाचने को लेकर दोफड़ा गाँव निवासी राकेश और शम्भूनाथ में कहासुनी के बाद मारपीट हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। थोड़ी देर बाद राकेश ने फोन से डायल 112 को सूचना दिया कि विपक्षी शम्भूनाथ ने माला, मोबाइल और आठ हजार रुपये छीन लिया।सूचना से अफरातफरी मच गई। आनन फानन मौके पर पहुंची कलवारी पुलिस ने जांच पड़ताल किया तो लूट का मामला फर्जी निकला।

इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि पीआरबी पर लूट की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर कड़ाई से पूंछताछ करने पर सूचना देने वाले ने बताया कि नाचते समय उक्त सामान कही गिर गया। मारपीट में शामिल दोनों लोगों को शांतिभंग में चालान कर दिया गया है।

# बीएसए कार्यालय पर अनुदेशकों ने दिया धरना

**बस्ती, निज संवाददाता।** पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिले भर के अनुदेशकों ने शुक्रवार को बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया और हक के लिए हुंकार भरी। लंबित मांगों के समर्थन में अनुदेशकों ने आवाज बुलंद की। मांगों का संबोधित ज्ञापन भी सौंपा।

अनुदेशक आठ सूत्रीय मांग के लिए दोपहर में बीएसए कार्यालय पर एकत्र हुए। पूर्व माध्यमिक अनुदेशक कल्याण समिति के प्रदर्शन को शिक्षक संघ और शिक्षामित्र संगठन ने भी अपना समर्थन दिया। जिलाध्यक्ष अमित सिंह की अगुवाई में बीएसए कार्यालय पहुंचे अनुदेशकों ने नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि 11 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी अनुदेशक आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं। अल्प मानदेय में वह किसी तरह से परिवार का भरण पोषण कर रहे हैं। न्यूनतम वेतनमान, स्थानांतरण, शिक्षकों की भाति चिकित्सीय अवकाश, महिला सीसीएल एवं अन्य अनुदेशकों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया जाए।




बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन के बाद ज्ञापन देते अनुदेशक।

अनुदेशकों ने कहा कि अगर मांग पूरी नहीं हुई तो 30 सितंबर को लखनऊ में प्रदेश व्यापी आंदोलन होगा, जिसमें बस्ती के लोग हिस्सा लेंगे। जिला मंत्री उमेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार आठ सूत्रीय मांगों को जल्द से जल्द पूर्ण करें। अनुदेशक प्रदेश सरकार से उम्मीद लगाए रखे है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चंद्रिका सिंह ने कहा कि अनुदेशको के साथ प्राथमिक शिक्षा संघ सदैव खड़ा रहेगा। किसी भी शिक्षक का हक नहीं मारने दिया जाएगा। एकजुटता ही अधिकार मिलेंगे। शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार शुक्ल ने कहा कि अनुदेशक लंबे समय से अल्प मानदेय में किसी तरह से अपनी जीविका चला रहे हैं। उनके सामने तमाम दुश्वारियां खड़ी है।

# पंचायत भवन के शौचालय में बंद मिली फिशिंग कैट, तेंदुए की आशंका से दहशत

सल्टौआ, हिन्दुस्तान संवाद। सोनहा थानाक्षेत्र के बरगदवा गांव में उस समय सनसनी फैल गई, जब चित्तीदार एक जानवर दिखा। ग्रामीणों ने कहा कि वह तेंदुआ है। इसके बाद अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस को दी। बाद में इस जानवर को गांव के सिवान में बने सामुदायिक भवन से पकड़ा गया। वन विभाग ने बताया कि यह फिशिंग कैट है। जिसे रामनगर वन रेंज के अजगैवा जंगल में छोड़ दिया गया।

बरगदवा के पूरब तरफ सीवान में बने सामुदायिक बारात घर के अंदर शौचालय में शुक्रवार की ग्रामीणों ने एक जंगली जानवर देखा। ग्रामीणों ने शोर मचाया कि यहां पर तेंदुआ आ गया है। शोर मचा रहे लोग गांव में जाकर ग्रामीणों को जानकारी दी। उसे देखने के लिए मौके पर ग्रामीण पंहुच गए। इसकी सूचना आस-पास के गांवों भी फैल गई। मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। ग्राम प्रधान राजमणि ने इसकी सूचना सोनहा पुलिस के साथ वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना पर सोनहा पुलिस व रामनगर वन रेंज के संजय सिंह, अजय भारती अपनी टीम के साथ पहुंचे। मौके पर जुटी भीड़ को बताया कि यह चीता नहीं बल्कि फिसिंग कैट है। यह घायल हो गया है, इस कारण पंचायत घर के कमरे में आ गया है। टीम ने भीड़ को मौके से हटाया। बस्ती रेंज को दी सूचना दी गई। बस्ती रेंज के अधिकारियों ने तत्काल बस्ती से राजकुमार की टीम को मौके पर भेजा। उनकी टीम ने फिशिंग कैट को पंचायत घर के शौचालय से पकड़ा। टीम फिशिंग कैट को लेकर रामनगर रेंज के अजगैवा जंगल गई और उसे छोड़ दिया।



सोनहा थाने के बरगदवा पंचायत घर के शौचालय में मौजूद फिशिंग कैट। • हिन्दुस्तान

- सोनहा थानाक्षेत्र के बरगदवा गांव का है मामला
- वन विभाग की टीम ने फिशिंग कैट को जंगल में छोड़ा

# त्योहारों में धारा 163 का प्रतिबंध लागू

बस्ती। एडीएम प्रतिपाल सिंह चौहान ने जनपद में तत्काल प्रभाव से 31 अक्टूबर 2024 तक धारा 163 के तहत प्रतिबंध लगा दिया है। यह निर्णय 16 सितम्बर को ईद-ए-मिलाद, गांधीजयंती दो अक्टूबर, तीन अक्टूबर महाराजा अग्रसेन जयंती, दशहरा, विजय दशमी, महर्षि बाल्मीकि जयंती, नकर चतुर्दशी और दीपावली को देखते हुए लिया गया है। ऐसे में सितम्बर और अक्टूबर में पड़ने वाले राष्ट्रीय और स्थानीय त्योहार, परीक्षाओं को देखते हुए प्रतिबंध लागू किया जाता है। इस दौरान अस्त्र-शस्त्र नहीं ले जा सकते।

# जिले में 127 स्थानों से निकलेगा बारावफात का जुलूस

- गणेश प्रतिमा विसर्जन व बारावफात को लेकर पुलिस अलर्ट
- 16 को बारावफात, 17 को विश्वकर्मा पूजा का होगा आयोजन

जागरण संवाददाता, बस्ती: जिले के 127 स्थानों से सोमवार को बारावफात का जुलूस निकलेगा। एक साथ पड़ रहे गणेश उत्सव, विश्वकर्मा जयंती व ईद मिलादुल्ल नबी (बरावफात) के जुलूस ने जनपद की संवेदनशीलता बढ़ा दी है। त्योहारों को सुकशल संपन्न कराने के लिए पुलिस हाई अलर्ट पर है। इस बार पुलिस प्रशासन की ओर से विशेष सतर्कता बरती जा रही है। आयोजकों से वार्ता कर दोनों आयोजनों के बीच समयान्तराल निर्धारित कराया जा चुका है। बारावफात के जुलूस को लेकर चिह्नित किए 10 हाटस्पाट पर पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है।

मालूम हो कि जिले में 139 गणेश प्रतिमाएं अलग-अलग स्थानों पर सात सितंबर को स्थापित किए गए थे। इनके विसर्जन का क्रम अब शुरू हो गया है। प्रतिमा रखने वाले आयोजक यहां अलग-अलग तिथियों में विसर्जन का कार्यक्रम 17 सितंबर तक चलेगा। इसी बीच बारावफात का जुलूस 16 को निकलना है। 17 को विश्वकर्मा जयंती है। इस कारण त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद पुलिस की चुनौती बढ़ गई है। प्रभारी एएसपी व सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि आयोजकों द्वारा जुलूस में चार पहिया वाहन, डीजे एवं आतिशबाजी का उपयोग नहीं करने की सहमति दी जा चुकी है। जुलूस अनुशासित व शांतिपूर्ण तरीके से निकाला जाएगा। सभी एक-दूसरे के त्योहार व उनकी भावनाओं का आदर करेंगे। आपसी सामंजस्य बनाएंगे। सहयोग के लिए आयोजकों की ओर से भी वॉलंटियर लगाए जाएंगे।

**जुलूस के दौरान रूट डायवर्जन होगा लागू :** सीओ ट्रैफिक ने बताया कि बारावफात के जुलूस के दौरान सोमवार की सुबह से गांधीनगर में भारी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इसके के लिए कंपनी बाग पुलिस बूथ से गाड़ियों को मालवीय रोड की ओर डायवर्ट कर दिया जाएगा। रोडवेज की ओर से भी गांधीनगर में चार पहिया वाहनों को जुलूस के दौरान शहर के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी।

**थानावार निकलने वाले बारावफात के जुलूस**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कोतवाली | 3 | रुधौली | 15 |
| पुरानी बस्ती | 4 | सोनहा | 14 |
| वाल्टरगंज | 2 | मुंडेरवा | 23 |
| हर्रैया | 5 | लालगंज | 9 |
| छावनी | 6 | कलवारी | 3 |
| परसरामपुर | 2 | नगर | 15 |
| पैकोलिया | 7 | कप्तानगंज | 7 |
| गौर | 5 | दुबौलिया | 7 |

# थानेदार ने छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

बस्ती। महिला थानाध्यक्ष डॉ. शालिनी सिंह ने शुक्रवार को बेगम खैर गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाएं। उन्होंने आत्मरक्षा के साथ ही सुरक्षा और स्वावलंबन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आज के परिवेश में छात्राएं और महिलाएं घर से बाहर काम व पढ़ाई के लिए रहती हैं। ऐसे में उन्हें अधिकारों और सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों की जानकारी अवश्य होनी चाहिए। यदि हम जागरूक हो गए तो अधिकतर समस्याएं अपने आप खत्म हो जाएंगी। उन्होंने छात्राओं को निडरता के साथ आत्मरक्षा करने की सीख दी। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी छात्रा या महिला को कोई परेशान करता है तो वह तत्काल पुलिस से संपर्क करें, उनकी मदद की जाएगी। संवाद

# ट्रेन में 45 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब बरामद




ट्रेन में पकड़ी गई अंग्रेजी शराब के साथ आरोपित के साथ जीआरपी • जागरण

पुरानी बस्तीः राजकीय रेलवे पुलिस की ओर से चलाए जा रह निरीक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को ट्रेन संख्या 02564 क्लोन एक्सप्रेस में कोच नंबर बी 7 से अंशु कुमार पुत्र चंदन कुमार निवासी बीहट, थाना बरौनी, जिला बेगूसराय बिहार को 45 टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब 180 एमएल की बरामद किया गया। जीआरपी थाना प्रभारी एमपी चतुर्वेदी ने बताया कि पूछताछ में आरोपित ने कहा कि वह ट्रेन के जरिए अंग्रेजी शराब को बाहर से लाकर बिहार ले जाकर अधिक कीमत पर बेचता है।

# कोर्ट के आदेश पर दो के खिलाफ गैंगरेप का केस

बस्ती, निज संवाददाता। दुबौलिया पुलिस ने महिला की तहरीर पर पति के दो मित्रों के खिलाफ गैंगरेप का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि पति दो मित्र नौकरी दिलाने के नाम पर साथ ले गए। 25 हजार रुपया लिया और चाय में नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ गैंगरेप किया। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। यह मुकदमा कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ।

पुलिस को तहरीर में महिला ने बताया कि मामला फरवरी 2024 का है। वादिनी के पति से जगदंबा वर्मा और संतराम चौहान की दोस्ती है। दोनों का मेरे घर आना-जाना लगा रहता था। 25 फरवरी की शाम छह बजे दोनों मेरे घर आए और एक जगह नौकरी दिलाने की बात कहते हुए साथ ले गए। नौकरी दिलाने के नाम पर 25 हजार रुपया भी लिया। वहां पर चाय पिलाया। चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। वहां से वापस लौटते समय नदी के किनारे मुंह में कपड़ा ठूंसकर उसके साथ दोनों ने दुष्कर्म किया। पुलिस से शिकायत किया तो कोई सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय की शरण लिया तो मामले को प्रथम दृष्टया सही मानते हुए मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। दुबौलिया पुलिस ने दोनों खिलाफ धोखाधड़ी, गैंगरेप, जान मारने की धमकी देने व एससी-एसटी एक्ट तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

जागरण संवाददाता, बस्ती: महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शहर के बेगम खैर गर्ल्स कालेज गांधीनगर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। चार सौ छात्राओं को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा गुड टच, बैड टच एवं मार्शल आर्ट की विभिन्न विधाओं से परिचित कराया गया।



छात्रा को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित करती प्रभारी निरीक्षक डा. शालिनी सिंह

प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090, 1076, 1073, 1930, 108 व 112 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दे सकती हैं। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम भी गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्पलाइन बनाया गया है, जिस पर महिला पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। इस दौरान महिला आरक्षी तनुजा सिंह, सुषमा सिंह, सुमन यादव, पल्लवी राव, बबिता रावत व रानी सिंह ने छात्राओं को प्रशिक्षित किया। प्रधानाचार्य मुस्लीमा खातून व कालेज स्टाफ के लोग मौजूद रहे।

# बारात घर के अंदर से पकड़ा गया फिशिंग कैट

जागरण संवाददाता, सल्टौआ: सोनहा थाना क्षेत्र के मधवापुर बरगदवा गांव के बाहर स्थित बारात घर के शौचालय में शुक्रवार सुबह एक जंगली जानवर देख ग्रामीण घबरा गए। उसकी गुर्राहट सुनकर भयभीत ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। तेंदुआ जैसे चित्तीदार शरीर देख ग्रामीणों को लगा कि शौचालय में जो जानवर है, वह तेंदुआ है, लेकिन वह फिशिंग कैट निकला। लोगों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने ग्रामीण की मदद से बांस की सहायता से उसे काबू में किया।

वन दारोगा संजय सिंह ने ग्रामीणों को बताया कि इससे डरने की जरूरत नहीं है, यह केवल मछली का शिकार करता है। जब तक इसे छेड़ा न जाए, तब तक यह हमलावर नहीं होता है। इस वन्य जीव को तेंदुआ



मधवापुर बरगदवा गांव के बारात घर में पकड़ा गया फिशिंग कैट ● जागरण

समझकर गांव के कुछ बच्चों ने पत्थर व ईंट मारकर घायल कर दिया था। वन विभाग के उड़ाका दल प्रभारी राजकुमार भी मौके पर पहुंचे और पकड़े गए फिशिंग कैट के बारे में जानकारी ली। वन दारोगा ने बताया कि पकड़ने के बाद उसे रामनगर रेंज के औड़जंगल में एक नाले के पास ले जाकर छोड़ दिया गया है।

# अधिकारियों की नजर के सामने चल रहा अवैध मिट्टी खनन का खेल

जागरण संवाददाता, रुधौली, बस्ती: लालगंज थाना पुलिस और खनन माफिया की मिलीभगत से कुआनो नदी के किनारे से मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। जिस पर खनन विभाग अंकुश नहीं लगा पा रहा है। मिट्टी लदी गाड़ियां दिन-रात सड़क पर दौड़ रही है, जिसपर अधिकारियों की नजर भी पड़ी है, लेकिन अनदेखा कर आगे बढ़ जाते हैं। साथ ही इन गाड़ियों से सड़कें भी खराब हो रही हैं। आसपास के लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस महकमा भी इन माफिया पर कार्रवाई करने से परहेज करता है।

सदर तहसील क्षेत्र के सुकरौली गांव के दक्षिण तीन बुलडोजर से खनन कार्य कराया जा रहा है। दिन में डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली लगा कर मिट्टी ढुलाई का कार्य कराया जा रहा है। कुआनो नदी का किनारा होने के कारण लोगों का इधर बहुत कम



सदर ब्लाक के सुकरौली में मिट्टी तोड़ करने में लगा बुलडोजर • जागरण

आना-जाना रहता है, जिसका फायदा खनन माफिया उठा रहे हैं। लगभग एक सप्ताह से दिन-रात यह खेल चल रहा है।

अवैध खनन के चलते जहां राजस्व का नुकसान हो रहा है, वहीं पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा है। तलहटी से लेकर कृषि योग्य भूमि तक की खोदाई की जा रही है। हलुआपार से गौराघाट मार्ग सिंगल लेन है। जब इस मार्ग से मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली व डंपर आते-जाते है तो राहगीरों को साइड लेने में काफी परेशानी होती है। डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली पर लदी मिट्टी से जब धूल उड़कर राहगीरों की आंखों में पड़ता है तो और भी दिक्कतें बढ़ जाती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग एक सप्ताह से मिट्टी ढुलाई में लगी गाड़िया तेज गति में चलती है। कई ट्रैक्टर-ट्राली के चालक नाबालिग हैं। बस्ती-महुली मार्ग से होकर ढुलाई वाहन आ-जा रहे हैं।

• दौड़ रही मिट्टी लदी गाड़ियां, खराब हो रहा हलुआपार-गौराघाट मार्ग

• लालगंज थानाक्षेत्र के कुआनो नदी किनारे बुलडोजर से हो रहा खनन





मिट्टी लदे वाहनों से टूटा गौराघाट-हलुआपार मार्ग व मिट्टी ढुलाई करता डंपर • जागरण

कुआनो नदी की तलहटी में खनन की जानकारी नहीं है। यदि मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है तो इसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
प्रशांत यादव, खनन अधिकारी

अवैध खनन में पुलिस की कोई रोल नहीं होता। यदि पुलिस की मिलीभगत सामने आ रही है तो जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।
संजय सिंह, सीओ, रुधौली

# महिला के साथ घर में हुई छिनैती

जागरण संवाददाता, श्रृंगीनारी, बस्ती: परशुरामपुर थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया धीश गांव में अकेले घर में कपड़ा धुल रही महिला को दिन-दहाड़े बेहोश कर बदमाशों ने उसके जेवर छीन कर पैदल ही फरार हो गए।

गांव निवासी कृष्णावती पत्नी शैलेश ने बताया है कि दिन में करीब साढ़े 11 बजे वह मकान के पीछे बने बाथरूम में कपड़े साफ कर रही थी। अचानक घर के पीछे स्थित खेत की तरफ से दो नकाबपोश लोग आए। एक ने उसके चेहरे को किसी कपड़े से कस कर दबा दिया फिर बेहोशी का केमिकल सुंघा दिया। जब तक वह प्रतिरोध करती इतने में मूर्छित हो गई। बदमाश जेवर छीन कर खेत की तरफ निकल गए। जिस समय बदमाशों ने छिनैती की घटना को अंजाम दिया, कृष्णावती के ससुर रामसुधार यादव व सास घर से थोड़ी दूर खेत में काम करने गए थे। कृष्णावती घर में अकेली थी। बदमाशों ने कृष्णावती का लाखों रुपये कीमत के जेवर छीन लिए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। कृष्णावती की तहरीर पर दो अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।



घटनास्थल पर पूछताछ करते एसएचओ • जागरण

घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस टीम पहुंच गई। छिनैती की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के तलाश के लिए आसपास लगे सीसी कैमरे के जरिए उनकी फुटेज खंगाले जा रहे। दिन-दहाड़े हुई घटना के पर्दाफाश में पुलिस टीम लग गई है।
तहसीलदार सिंह, प्रभारी निरीक्षक

# मारपीट पर शांतिभंग में चालान

जासं, कलवारीः गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए ले जाते समय गुरुवार को सोधिया घाट पर डांस करने को लेकर दो लोगों मे कहासुनी हो गई। एक व्यक्ति ने डायल 112 को छिनैती की फर्जी सूचना दे दिया। कलवारी पुलिस इस सूचना पर घंटों हलकान हुई। जांच में मामला फर्जी निकला। पुलिस ने दोनों लोगों को शांतिभंग में चालान कर दिया। दोफड़ा गांव में निवासी राकेश और शम्भूनाथ के बीच डांस करने को लेकर आपस में विवाद हो गया था। इस संबंध में थानाध्यक्ष कलवारी भानुप्रताप सिंह ने बताया कि पीआरवी को छिनैती की सूचना मिली थी, जबकि मामला आपस में मारपीट का पाया गया। था। दोनों का शांतिभंग में चालान कर न्यायालय रवाना कर दिया गया।

# ब्लाक प्रमुख पर धमकी का आरोप

जासं, बस्ती: भाजपा के मंडल अध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ने सदर ब्लाक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव पर अपशब्द कहने और जानमाल की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसपी से मिलकर आरोपित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई है। प्रार्थनापत्र में बताया कि ब्लाक प्रमुख द्वारा कोआपरेटिव महसों में गुणवत्ताविहीन टाइल्स लगवाए गए थे। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया था। इसी बात से खफा ब्लाक प्रमुख ने 12 सितंबर को उन्हें अपने मोबाइल नंबर से फोन कर अपशब्द कहा व जानमाल की धमकी दी, जिसका आडियो सबूत भी उन्होंने एसपी को दिखाया है। सीओ सिटी सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र की जांच-पड़ताल का निर्देश कोतवाली पुलिस को दे दिया गया है।

# बारावफात, विश्वकर्मा पूजा के दौरान सुरक्षा का करें पुख्ता बंदोबस्त

**लखनऊ।** डीजीपी प्रशांत कुमार ने बारावफात और विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर प्रदेश में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त करने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने शुक्रवार को सभी पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज और जिलों के पुलिस कप्तान को भेजे निर्देश में कहा कि जुलूसों में सुरक्षा के लिए पहले से प्रबंध किया जाए। बॉक्स फार्मेट में चारों तरफ पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाएं। वहीं जुलूस के आगे-पीछे राजपत्रित अधिकारी मौजूद रहें।

डीजीपी ने निर्देश दिया कि बीते वर्षों में जिन स्थानों पर विवाद के प्रकरण सामने आ चुके हैं, उनकी दोबारा समीक्षा कर संवेदनशीलता को दूर करने की कार्यवाही की जाए। असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों की सूची को अपडेट करके निरोधात्मक कार्यवाही करें। ब्यूरो

# कार से टक्कर के बाद हुई मारपीट ग्रामीणों को देख भागे कार सवार

**कप्तानगंज (बस्ती)।** नशे में धुत कार सवारों को टक्कर मारने के बाद दबंगई करना महंगा पड़ गया। ग्रामीणों ने उनकी पिटाई कर दी। उसके बाद वहां से एक वृद्ध कार चालक को रोककर मारने की कोशिश की।

यहां भी ग्रामीणों ने उन्हें घेर लिया। अपने को घिरता देखकर कार सवार भाग निकले। कार सवार बस्ती शहर और आसपास गांव के बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र के मूड़घाट चौराहे पर शुक्रवार की शाम चार बजे दो कार की आपस में टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि एक कार में सवार आधा दर्जन से अधिक नशे में धुत युवकों ने दूसरे कार सवार पर हमला बोल दिया। आसपास के लोग जुट गए और बीच-बचाव का प्रयास किया तो मनबढ़ हाथापाई पर उतारू हो गए।

इस पर ग्रामीणों ने मनबढ़ों की जमकर पिटाई कर दी। उसके बाद मनबढ़ युवकों ने कार लेकर लखनऊ जा रहे बुजुर्ग को कप्तानगंज क्षेत्र के गड़हा गौतम गेट के सामने रोककर चाभी निकाल ली और धमकी देते हुए चालक से रुनपये की मांग करने लगे। ग्रामीणों ने वहां से भी इन्हें खदेड़ा। पुलिस को घटना की सूचना नहीं है। संवाद

# साढ़े 17 हजार की धोखाधड़ी, केस दर्ज

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र के रौतापार स्थित टेंट व्यवसायी को झांसा देकर साढ़े 17 हजार रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।

रौतापार निवासी सुनील कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके मोबाइल फोन पर दो जनवरी को एक अज्ञात नंबर से कॉल आई, जिसमें एक व्यक्ति ने कहा कि वह सेना से बोल रहा है।

उसे भर्ती कैंप लगाना है। इसके लिए जो बिल होगा वह ऑनलाइन भुगतान कर देगा। दोबारा कॉल कर कहा कि आपको एक बार कोड भेज रहा हूं।

कुछ रुपये उस पर भेजे तो दोबारा जिस नंबर से आप मुझे पेमेंट करेंगे उस नंबर पर आपका बिल भेज दूंगा। इसके बाद खाते से 17 हजार 589 रुपये खाते से कट गए। उसके बाद उस नंबर पर डायल करने पर स्विच ऑफ बताने लगा। पुलिस अज्ञात पर केस दर्ज कर छानबीन कर रही है। संवाद

# 26 ओवरलोड ट्रकों का चालान

हरैया। एडीएम प्रतिपाल चौहान के नेतृत्व में आरटीओ की टीम चौकड़ी टोल प्लाजा पर जांच कर रही रही है। सघन वाहन चेकिंग अभियान में 26 ओवरलोड ट्रकों का चालान किया। उन ट्रको पर 29 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

एडीएम प्रतिपाल चौहान ने बताया कि ओवरलोड ट्रकों से सड़कें क्षतिग्रस्त होती हैं और फोरलेन पर हादसे भी बढ़ रहे हैं। इस पर अंकुश के लिए कार्रवाई की जा रही है। । टीम में एसडीएम हरैया विनोद पांडेय, न्यायिक एसडीएम रश्मि यादव, एआरटीओ पंकज सिंह एवं छावनी थाने की पुलिस रही शामिल रही। संवाद

# आरोपियों की गिरफ्तारी पर अड़े कृषि विभाग के कर्मचारी... दूसरे दिन भी जारी रहा धरना

## प्राविधिक सहायक पर जानलेवा हमले के विरोध में बेमियादी धरना

संवाद न्यूज एजेंसी




उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर में धरना देते कर्मचारी। विज्ञप्ति

**बस्ती।** प्राविधिक सहायक भानुशंकर पर जानलेवा हमले के मामले में तीन सूत्री मांगों को लेकर अधीनस्थ कृषि सेवा संघ का कृषि भवन परिसर में शुक्रवार को धरना जारी रहा। कर्मचारी आरोपियों की गिरफ्तार की मांग को लेकर बेमियादी धरने पर बैठे हुए हैं। दूसरे दिन तमाम कर्मचारी संगठनों ने धरने का समर्थन किया।

प्राविधिक सहायक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक ने बताया कि जब तक पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं करती है, तब तक धरना चलेगा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कहा कि राजकीय कार्य के दौरान कर्मचारियों पर हमला होना चिंताजनक है। इससे अन्य कर्मचारी फील्ड का कार्य करने से डरेंगे।

परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल ने कहा कि 16 सितंबर तक यदि ठोक कार्रवाई न हुई तो आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। परिषद के जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पुलिस की उदासीनता समझ से परे है। धरने को लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष राम सुमेर यादव, मंत्री अंकित चौधरी, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष उदयशंकर शुक्ल आदि ने संबोधित किया।

इस मौके पर उत्तर प्रदेशीय एग्री मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन जिलाध्यक्ष सचिन पांडेय, राजकीय वाहन चालक महासंघ अध्यक्ष वेद प्रकाश मिश्र, स्टेनो ग्राफर महासंघ सचिव दीप नरायन वर्मा, हेरंबनाथ त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, विजय वर्मा, पवन कुमार, शिखर गौतम, अंजनी कुमार यादव, रामकृष्ण शुक्ला, हरिलाल जायसवार, राजेंद्र प्रसाद, बृजेश कुमार निषाद मौजूद रहे।

# 45 शीशी अंग्रेजी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**बस्ती।** जीआरपी टीम ने शुक्रवार को क्लोन एक्सप्रेस के कोच में बिहार के युवक को 45 शीशी अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

एसएचओ महेंद्र प्रताप चतुर्वेदी ने बताया कि अंशु कुमार निवासी बीहट थाना बरौनी जिला बेगूसराय बिहार को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास 45 शीशी अंग्रेजी शराब मिला। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बिहार में शराब बंदी के कारण अंग्रेजी शराब की काफी मांग है। वह ट्रेन से अंग्रेजी शराब बिहार ले जाकर अधिक कीमत पर बेचकर धन अर्जित करता है। संवाद

# बालिका से छेड़खानी मारपीट में चार पर केस

**बस्ती।** गौर पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर नौ वर्षीय बालिका के साथ छेड़खानी कर भाग जाने केक मामले में चार आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता के पिता ने तहरीर देकर बताया कि गांव का नितेश 21 जुलाई की शाम को बदनीयती से उसकी नौ वर्ष की बेटी को अपने घर में ले जाकर अश्लील हरकत कर भाग गया।

पुनः कुछ देर बाद उसके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने नितेश, उसकी मां, बहन और एक अन्य पर केस दर्ज किया है। संवाद

# चाकू मारने के आरोप में दो नामजद

बस्ती। छावनी पुलिस ने डुहवा मिश्र गांव के दो आरोपियों पर चाकू मारने का केस दर्ज किया है। बासगांव के अजय कुमार पांडेय ने तहरीर देकर बताया कि 11 सितंबर को भतीजा दीपक पांडेय बड़हर कला पेट्रोल भरवाने जा रहा था। नहर के पास अतुल पाठक व जसवंत ने उसे को रोककर अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर चाकू मार दिया। संवाद

# भाजपा नेता ने धमकी देने का आरोप लगाया

**बस्ती।** भाजपा के महसों मंडल अध्यक्ष अखिलेश शुक्ल ने एसपी को प्रार्थनापत्र देकर सदर ब्लॉक प्रमुख पर फोन पर धमकी देने का आरोप लगाया है। कहा है कि वह कोऑपरेटिव के सदस्य हैं। आरोप है कि उन्होंने कोऑपरेटिव महसों में लगाए गए टाइल्स को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। उसी को लेकर बृहस्पतिवार को ब्लॉक प्रमुख ने उन्हें फोन पर अपशब्द कहा। संवाद

# बरात घर में फिशिंग कैट, चीते का बच्चा समझ सहम गए ग्रामीण

संवाद न्यूज एजेंसी

**सोनहा (बस्ती)।** बरगदवा गांव के पूरब सिवान में बने सामुदायिक बरात घर के अंदर शुक्रवार की सुबह किसी जंगली जानवर के होने का पता चलते ही क्षेत्र के लोग सहम गए।

मौजूदा समय में भेड़िया आने की चर्चाओं से लोग पहले से डरे हुए हैं। इस बीच संदिग्ध जानवर देखे जाने की सूचना से लोग घबरा गए। किसी ने यह सूचना फैला दी कि बरात घर के अंदर चीते का बच्चा या तेंदुआ बैठा है।

वन विभाग की टीम ने उसे पकड़ लिया। उसकी पहचान फिशिंग कैट के रूप में हुई। वन अधिकारियों ने बताया कि यह आक्रामक जानवर नहीं है। सुबह गांव के लोग बरात घर के पास से गुजर रहे थे।

## सोनहा क्षेत्र के बरगदवा गांव के बरात घर का मामला



बरगदवा गांव के बरात घर में बैठी फिशिंग कैट। स्रोत ग्रामीण

अंदर से जानवर की आवाज सुनकर खिड़की से देखने लगे। शौचालय में जानवर देख लोग चीते का बच्चा या तेंदुआ होने की चर्चा करने लगे। कुछ ग्रामीण मौके पर जंगले के पास पहुंचे तो पता चला कि अंदर मौजूद जानवर फिसिंग कैट की तरह लग रहा है।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# लड़की भगाने का केस

**पथरा बाजार(एसएनबी)** ।पथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय लड़की को भगा ले जाने के मामले में पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय लड़की के पिता ने बृहस्पतिवार को थाने पर दिये तहरीर में कहा है कि बुधवार की सांय 7 बजे उसकी लड़की घर से बाहर गई थी जो देर रात्रि तक घर वापस नहीं लौटी । परिजनों ने काफी खोजबीन की पर उसका कहीं पता नहीं चला। इसी दौरान गांव निवासी रफीक का भी घर से गायब होने की सूचना मिली। परिजनों रफीक के घर जानकारी करने के लिए पहुंचे तो उनके परिजनों के बातों से यह लगा कि रफीक लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले गया। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा पंजीत कर जांच की जा रही है।

# दहेज हत्या के केस में पति व ससुर गिरफ्तार

गोल्हौरा (एसएनबी)। थानाक्षेत्र के ग्राम देवभरिया में बीते शनिवार को हुए दहेज हत्या के केस में शुक्रवार को मृतका के पति व ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है ।उक्त गांव निवासी मुस्तकीम की शादी 4 माह पूर्व इटवा थानाक्षेत्र ग्राम बेलघटिया निवासी अजीमुल्लाह की पुत्री महसरजहां (22) से हुई थी। बीते शनिवार को उसकी लाश दुपट्टे के फंदे से लटकती मिली थी। पुलिस दहेज हत्या का केस दर्जकर छानबीन में जुटी थी कि शुक्रवार को उसके हत्थे मृतका का पति मुस्तकीम पुत्र अताउल्लाह व ससुर अताउल्लाह पुत्र समीमोहम्मद चढ़ गए। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष बृजेश सिंह, हेड कांस्टेबल हनुमान मौर्य व कांस्टेबल मनोज चौहान शामिल रहे।

# विद्युत संयोजन काटने को लेकर विद्युत कर्मी पर हमला, केस

**पथरा बाजार(एसएनबी)** ।बिजली काटने को लेकर पथरा फीडर अंतर्गत सिसवा मे उपभोक्ता द्वारा विद्युत कर्मी को पीट दिया गया जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट लग गई। घटना की लिखित तहरीर विद्युत विभाग के सहायक अभियंता अमरनाथ रौनियार द्वारा स्थानीय थाना पथरा बाजार को दिया गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बुधवार को कार्यरत निविदा कर्मी मो0-फहीम पथरा बाजार में स्थित 250 केवीए परिवर्तक पर विद्युद फाल्ट सही करने का कार्य कर रहा था उसी समय लगभग 3.45 पर दीपक पाल तथा छोटे पाल पुत्र कृष्ण बहादुर पाल द्वारा फहीम को विद्युत बकाये पर कटे संयोजन को जोड़ने हेतु धमकाने लगे, फहीम के द्वारा बकाया भुगतान जमा कराने के उपरान्त संयोजन को जोड़ने की बात कही गयी जिस पर दोनो व्यक्ति गुस्से में आकर उसे लात-घूसो से मारा व जान से मारने की धमकी भी दी। इस बारे में थानाध्यक्ष बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

# 17 सितंबर को बंद रहेंगी मीट की दुकानें

लखनऊ। प्रदेश में अनंत चतुर्दशी (17 सितंबर) को सभी पशुवधशालाएं व मीट की दुकानें बंद रहेंगी। प्रदेश सरकार ने यह निर्णय राज्य में रह रहे लाखों जैन मतावलंबियों द्वारा किए गए आग्रह के चलते लिया है।

# धान खरीद में गबन पर दो क्रय केंद्र प्रभारी गिरफ्तार

**कलंक के खिलाफ**

- सिद्धर्थनगर में 1.45 करोड़ का हुआ था घोटाला
- दोनों पर 25-25 हजार का घोषित था इनाम

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। धान खरीद में 1.45 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला करने वाले दो क्रय केंद्र प्रभारियों को शुक्रवार को बांसी कोतवाली, एसओजी व सर्विलांस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पर 25-25 हजार का इनाम था।

एसपी प्राची सिंह ने पुलिस कार्यालय में खुलासा किया कि सहायक विकास अधिकारी प्रदीप कुमार विकास खंड मिठवल ने 10 अगस्त को बांसी कोतवाली में उप्र सहकारी संघ नेउसा विकास खंड मिठवल के क्रय केंद्र प्रभारी अच्युतानन्द मणि त्रिपाठी और शिवानन्द मणि त्रिपाठी क्रय केंद्र प्रभारी उप्र सहकारी संघ जीवा विकास खंड मिठवल पर केस दर्ज कराया था।

➤मिल को नहीं दिया धान P05

# युवती को भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज

बांसी। पथरा बाजार थाना क्षेत्र से एक 18 वर्षीय युवती को भगा ले जाने के मामले में थाने पर नामजद केस दर्ज कराया गया है। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है। थाना के एक गांव की युवती के पिता ने तहरीर में कहा है कि 9 सितंबर को मेरी 18 वर्षीय लड़की को मेरे गांव का शफीक पुत्र रफीक बहला फुसला भगा ले गया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे उसके पिता रफीक व उस की मां नाजिमा व बहन नसीम सालिहा, नाजिया का हाथ है। थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय ने कहा कि तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है।

# भूमि पर पक्का निर्माण पर लेखपाल निलंबित

सिद्धार्थनगर। विकास खंड बर्डपुर अंतर्गत राजस्व ग्राम दुल्हा शुमाली टोला ककरहवा में हाट बाजार के नाम दर्ज करने के लिए एक गाटा का प्रस्ताव किया गया था। उसी पर वीरेंद्र मोदनवाल की ओर से मकान बनाए जाने के दौरान क्षेत्रीय लेखपाल शिव शंकर यादव की ओर से रोकने की कार्रवाई नहीं हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी सदर डॉ. ललित कुमार मिश्रा ने लेखपाल को निलंबित कर दिया है। प्रकरण की जांच के लिए नायब तहसीलदार को जिम्मा सौंपा गया है।

# पत्नी ने दी पति की गुमशुदगी की तहरीर

जोगिया। कोतवाली क्षेत्र के महुवा निवासिनी उर्मिला पत्नी संजय ने कोतवाली पर तहरीर देकर पति के गायब होने की बात कही है। उसने गुमशुदगी दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। उर्मिला ने बताया कि उसका पति संजय पुत्र संतराम (31) मंगलवार सुबह से गायब है। उसकी तलाश हर जगह की गई लेकिन पता नहीं चल रहा है। गुमशुदगी दर्ज कर उसका पता लगाने की मांग की। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राम कृपाल शुक्ल ने बताया कि तहरीर मिली है।

# दहेज हत्या मामले में आरोपी हुए गिरफ्तार

गोल्हौरा। गोल्हौरा थानाक्षेत्र के देवभरिया गांव में शनिवार को हुए दहेज हत्या के केस में शुक्रवार को मृतका के पति व ससुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज करने के बाद से पुलिस तलाश कर रही थी। गांव निवासी मुस्तकीम की शादी चार माह पूर्व इटवा थानाक्षेत्र बेलघटिया निवासी अजीमुल्लाह की पुत्री महशरजहां (22) से हुई थी। शनिवार को उसकी लाश दुपट्टे के फंदे से लटकती मिली थी। पुलिस पति मुस्तकीम व ससुर अताउल्लाह को गिरफ्तार कर लिया है।

# मिल को नहीं दिया 6300 कुंतल धान

सिद्धार्थनगर। धान खरीद में 1.45 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला करने वाले दो क्रय केंद्र प्रभारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

आरोप है कि अच्युतानन्द मणि त्रिपाठी ने किसानों से 10340 कुंतल धान खरीदा था, जबकि संबद्ध मिल को 6885.650 कुंतल धान की ही सप्लाई दी थी। शेष 3454.350 कुंतल धान मिल को प्रेषित नहीं किया था। इसका शासन द्वारा निर्धारित मूल्य 80,48,635 रुपये है। सहायक विकास अधिकारी द्वारा बार-बार प्रयास करने पर सिर्फ एक लाख रुपये ही जमा किया गया। शेष 79,48,635 रुपये जमा नहीं किए गए।

# मालवाहक पिकअप ने मारी ठोकर, रेलवे का गेट टूटा



मालवाहक पिकअप की ठोकर से टूटा रेलवे फाटक को बनातेकर्मी • जागरण



फाटक टूटने के बाद लगा रहा जाम• जागरण

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : शहर के सिद्धार्थ तिराहे पर स्थित रेलवे गेट बंद करने के दौरान एक मालवाहक पिकअप ने गेट के बैरियर में ठोकर मार दिया। इस दौरान दो बाइक सवार भी इसकी चपेट में आए। दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गईं। संयोग ठीक रहा कि बाइक सवार सुरक्षित बच गए। वरना बड़ा हादसा हो जाता। रेलवे ने वैकल्पिक व्यवस्था कर ट्रेनों की आवाजाही जारी रखा। कर्मचारियों ने अथक प्रयास के बाद इसे ठीक किया। इस दौरान करीब आधे घंटे तक शहर में आवाजाही करने वाले वाहनों की आवाजाही ठप रही।

**दो बाइक सवार भी चपेट में आए आधे घंटे तक बंद रही आवाजाही लोगों को हुई परेशानी, संयोग से बड़ा हादसा टल गया**

सिद्धार्थनगर रेलवे स्टेशन मास्टर द्विजेंद्र उपाध्याय की तहरीर पर जीआरपी ने वाहन को कब्जे में लेते हुए मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

दोपहर में एक मालगाड़ी आने की सूचना पर गेट मैन गेट को बंद करने लगा। इसी दौरान उस्का बाजार की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने गेट के बैरियर में जोरदार ठोकर मार दिया। इस दौरान गेट को बंद करने के लिए लगातार और बैरियर टूट गया। घटना की जानकारी होने पर सिद्धार्थ तिराहे पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने दुर्घटना की आशंका को देखते हुए आवागन को रोक दिया। सभी वाहन खजुरिया मार्ग और बाइपास से होते हुए गंतव्य को भेजे गए। इस दौरान लोगों को दो किमी की अतिरिक्त दूरी तय करने को मजबूर होना पड़ा। स्टेशन मास्टर ने बताया कि जीआरपी को मेमो भेजकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई के लिए कहा गया है। गेट टूटने से ट्रेनों के आवाजाही पर कोई असर नहीं हुआ है।

**गेट पार करने की जल्दी में हुआ हादसा :** गेट बंद होते देख मालवाहक पिकअप चालक ने तेज गति से रेलवे गेट को पार करने की कोशिश की। वह उत्तरी छोर के बैरियर पर पहुंचता इस दौरान गेट बंद हो चुका था। गाड़ी की गति अधिक होने से वाहन को कंट्रोल नहीं कर सका और हादसा हो गया।

**यह और अन्य खबरें देखें-**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# हत्यारोपित पति तथा ससुर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, खेसरहा : गोल्हौरा थाना क्षेत्र के देवभरिया गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मृत्यु के मामले में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार किया है। बीते सात अगस्त को देवभरिया निवासी 22 वर्षीय मैसरजहां पत्नी मुस्तकीम की संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका शव मिला था।

इटवा थाना क्षेत्र के बेलधरिया निवासी मृतका की मां अजरुन्निशा पत्नी अजमुल्लाह ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए बेटी की हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपितों की तलाश में जुटी थी। शुक्रवार को थानाध्यक्ष गोल्हौरा बृजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपित मुस्तकीम पुत्र अताउल्लाह तथा अताउल्लाह पुत्र समी मोहम्मद निवासी देवभरिया को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# धान खरीद में गबन करने वाले दो केंद्र प्रभारी गिरफ्तार

- फरार चल रहे आरोपितों पर पुलिस ने 25-25 हजार का रखा था इनाम
- सहायक विकास अधिकारी मिठवल प्रदीप कुमार ने दर्ज कराया था मुकदमा

जागरण संवाददाता, बांसी : धान खरीद में सरकारी धन गबन के बाद फरार चल रहे आरोपितों को एसओजी तथा बांसी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। आरोपितों पर पुलिस ने 25-25 हजार का इनाम भी रखा था। दोनों केंद्र प्रभारियों पर धान क्रय में 1,45,14,756 रुपये गबन करने का आरोप है। दोनों आरोपित केंद्र प्रभारी सगे भाई हैं।

2023-24 में मिठवल ब्लाक के क्रय केंद्र जीवा के केन्द्र प्रभारी शिवानंद त्रिपाठी द्वारा कुल 104 किसानों से 10031 क्विंटल धान खरीदा गया था। इसके सापेक्ष केवल 7170 क्विंटल धान ही संबंधित मिल को भेजा गया था।

शेष 2861 क्विंटल धान नहीं भेजा गया था। इसी प्रकार मिठवल के ही साधन सहकारी समिति नेउसा में भी केंद्र प्रभारी अच्युता मणि त्रिपाठी द्वारा कुल 90 किसानों से 10340 क्विंटल धान की खरीद की गई जिसमें से 6885 क्विंटल धान ही केवल मिल पर भेजा गया था। शेष 3454 क्विंटल धान नहीं भेजा गया। 10 अगस्त को सहायक विकास अधिकारी मिठवल प्रदीप कुमार की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। दोनों आरोपित तब से फरार चल रहे थे पुलिस ने इनके उपर 25-25 हजार का इनाम भी रखा था। शुक्रवार को बांसी कोतवाली पुलिस, सर्विलांस तथा एसओजी की संयुक्त टीम ने आरोपित अच्युता मणि त्रिपाठी तथा शिवानंद त्रिपाठी पुत्रगण पवन कुमार त्रिपाठी निवासी आजाद नगर मोहल्ला थाना बांसी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।



पुलिस की गिरफ्त में धान खरीद में गबन करने वाले दोनों आरोपित • जागरण

# नाबालिग को एसएसबी ने बचाया

सिद्धार्थनगर: 43वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी बजहा के जवानों को एक युवक व एक नाबालिग को नेपाल से भारत लाने के दौरान रामनगर गांव के रास्ते पर पकड़ा। पूछताछ में मामला संदिग्ध होने पर जवानों ने उसे अग्रिम कार्रवाई के लिए एंटी ह्यूमन ट्रैकिंग इकाई को सौंपा दिया। नाबालिगा के साथ पकड़े गए युवक का नाम 22 वर्षीय माला बाबु निवासी नरकुल थाना कपिलवस्तु जिला सिद्धार्थनगर है। (जासं)

# मारपीट के चार आरोपियों को एक-एक वर्ष की कैद

अदालत से

सिद्धार्थनगर। न्यायाधीश मोहम्मद रफी न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय प्रथम ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की पैरवी से मारपीट के चार आरोपियों को एक-एक वर्ष साधारण कारावास व प्रत्येक को तीन-तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित कराया गया। डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी पर न्यायाधीश मोहम्मद रफी न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायालय प्रथम जनपद सिद्धार्थनगर की ओर अभियुक्त सफीक, लल्लू उर्फ अनीश,जाकिर,जाबिर निवासी रसूलपुर थाना डुमरियागंज को एक-एक वर्ष साधारण कारावास व प्रत्येक को तीन-तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चंद्र प्रकाश पांडेय तथा न्यायालय पैरोकार मुख्य आरक्षी बावनजीत गौतम का योगदान रहा। संवाद

# युवती को भगा ले जाने के मामले में केस दर्ज

**पथरा।** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती को भगा ले जाने के मामले में पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव में 18 वर्षीय लड़की के पिता ने बृहस्पतिवार को थाने में तहरीर देकर बताया कि बुधवार की शाम 7 बजे उसकी लड़की घर से बाहर गई थी, जो देर रात तक घर नहीं लौटी। इसी इसी दौरान उसी गांव निवासी रफीक का भी घर से गायब होने की सूचना मिली। युवती के पिता ने बताया कि इससे पहले भी रफीक ने हमारे लड़की को मोबाइल फोन देने की कोशिश की थी लेकिन उसे हिदायत देकर छोड़ दिया गया था। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने बताया कि पिता के तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# नहर में बह रही महिला को ग्रामीणों ने सुरक्षित बचाया



मिठवनिया गांव के पास सरयू-राप्ती नहर के पास लगी भीड़। स्रोत-विज्ञप्ति

संवाद न्यूज एजेंसी

**बढनी/ ढेबरुआ।** ढेबरुआ थाना क्षेत्र के डढ़ऊल व मधवानगर के बीच सरयू-राप्ती नहर में शुक्रवार सुबह पांच बजे डूबती हुई 35 वर्षीय महिला को ग्रामीणों सुरक्षित निकालकर बढ़नी पीएचसी पहुंचाया।

जहां महिला को होश आने के बाद पुलिस ने महिला के परिजनों बुलाकर लिखापढ़ी कर सौंप दिया। महिला की पहचान ढेबरुआ थाना क्षेत्र ग्राम पंचायत पकडीहवा टोला मिठवनिया निवासी रेहाना (35) पत्नी बदरे आलम के रूप में हुई। इस संबंध में बढ़नी पुलिस चौकी प्रभारी सभाशंकर यादव ने बताया कि नहर में डूबते हुए महिला को ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित निकलवाकर उसका पीएचसी में इलाज करवा कर उसके पति से सुपुर्दगी नामा लिखवाकर महिला के पति को सुपुर्द कर दिया।

## डढ़ऊल व मधवानगर के बीच सरयू-राप्ती नहर में सुबह पांच बजे डूब रही थी महिला

# 1.35 करोड़ गबन करने के आरोपी सगे भाई गिरफ्तार

## धान खरीद में गबन में मामले में दर्ज हुआ था मुकदमा

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। धान खरीद के मामले में 1.35 करोड़ रुपये सरकारी धन गबन करने के आरोपी 25-25 हजार के इनामी दो सगे भाइयों को एसओजी और बांसी कोतवाली की पुलिस की संयुक्त टीम ने काजी रुधौली के पास से शुक्रवार की सुबह दबोच लिया। थाने में लाकर पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि 10 अगस्त को सहायक विकास अधिकारी प्रदीप कुमार विकास खंड मिठवल ने तहरीर दी, जिसमें लगभग 80 लाख रुपये गबन करने के आरोप में अच्युतानंद मणि त्रिपाठी तथा लगभग 65 लाख रुपये गबन करने के आरोप में शिवानंद मणि त्रिपाठी निवासी मुहल्ला आजाद नगर थाना बांसी पंजीकृत किया गया था।

दोनों सगे भाई हैं। विवेचना के क्रम में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उपरोक्त दोनों मुकदमों में धारा 409 की बढ़ोतरी की गई थी। गिरफ्तारी करने के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम रखा गया था। शुक्रवार सुबह सूचना मिली की दोनों क्षेत्र के काजी रुधौली के पास मौजूद हैं और कहीं भागने की फिराक में हैं।

सूचना को संज्ञान में लेते हुए एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव के साथ मौके पर पहुंचकर दोनों को दबोच लिया गया। थाने में लाकर पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

पकड़ने वाली टीम में कोतवाल बांसी विन्देश्वरीमणि त्रिपाठी, एसओजी प्रभारी शेषनाथ यादव, सर्विलांस सेल प्रभारी सुरेन्द्र सिंह आदि पकड़ने वाली टीम में शामिल रहे।

**गिरफ्तारी के लिए रखा गया था दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम**

**10** अगस्त को सहायक विकास अधिकारी ने दी थी तहरीर




1 सितंबर को प्रकाशित खबर।

### पूछताछ में दी यह जानकारी

पूछताछ में आरोपी अच्युतानन्द मणि त्रिपाठी ने बताया गया कि वह उप्र सहकारी संघ नेठसा विकास खंड मिठवल के नाम से बने धान क्रय केंद्र का प्रभारी था। उसके द्वारा कृषकों से 10340 क्विंटल धान खरीदा गया था। जबकि संबद्ध मिल को 6885.650 क्विंटल धान प्रेषित किया गया तथा शेष 3454.350 क्विंटल धान मिल को प्रेषित नहीं किया गया, जिसका शासन द्वारा निर्धारित मूल्य 8048635 रुपये है। सहायक विकास अधिकारी की ओर से बार-बार प्रयास करने पर मेरे द्वारा एक लाख रुपया जमा किया। शेष 7948635 रुपया जमा नहीं किया गया। वहीं आरोपी शिवानंद मणि त्रिपाठी ने बताया गया कि वह उप्र सहकारी संघ सीवा विकास खंड मिठवल के नाम से बने धान क्रय केंद्र का प्रभारी था। उसके द्वारा कृषकों से 10031 क्विंटल धान खरीदा गया था, जबकि संबद्ध मिल को 7170 क्विंटल धान प्रेषित किया गया तथा शेष 2861 क्विंटल धान मिल को प्रेषित नहीं किया गया, जिसका शासन द्वारा निर्धारित मूल्य 66,66,130 है। सहायक विकास अधिकारी द्वारा बार-बार प्रयास करने पर मेरे द्वारा एक लाख रुपया जमा किया गया तथा शेष 65,66,130 रुपया जमा नहीं किया गया।

## दो वारंटी गिरफ्तार, गए जेल

सिद्धार्थनगर। गोल्हौरा पुलिस ने शुक्रवार को दो वांछित को दबोच लिया। इनकी पहचान मुस्तकिम, अताउल्लाह निवासी टेकभरिया थाना गोल्हौरा के रूप में की गई। पूछताछ करने के बाद न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। यह जानकारी एसओ बृजेश सिंह ने दी है। संवाद

## नाबालिग लड़की को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया

सिद्धार्थनगर। एसएसबी 43वीं वाहिनी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को नाबालिग की लड़की को बार्डर पर पकड़ लिया। यहां संस्थाओं के माध्यम से वार्ता के बाद एएचटीयू को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान एसएसबी के अधिकारी आदि मौजूद रहे। संवाद

## युवती के अपहरण के आरोपित पर मुकदमा दर्ज

जासं, वांसी: पथरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 18 वर्षीय युवती के अपहरण का मामला सामने आया है। युवती के पिता ने गांव के ही लोगों पर बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है।

तहरीर के अनुसार बीते नौ अगस्त की शाम को थाना क्षेत्र गांव निवासी सफीक पुत्र रफीक बहला फुसलाकर पुत्री को भगा ले गया। अपहरण करने में सफीक के पिता, मां तथा बहन ने भी सहयोग किया है। थानाध्यक्ष पथरा भाग्यवती पांडेय ने कहा कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# मतगणना प्रक्रिया पर रोक

**धनघटा (एसएनबी)।** एसडीएम धनघटा द्वारा बीते 31 अगस्त 2024 को सुनवाई के बाद दिए गए आदेश के अनुपालन में बीते 11 सितम्बर को भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच धनघटा तहसील परिसर में तहसीलदार कोर्ट में पौली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गागरगाड़ के प्रधान पद के लिए दुबारा कराई गई मतगणना की पूरी प्रक्रिया पर शुक्रवार को हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है।

विदित हो कि बीते सामान्य त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पौली ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गागरगाड़ में सूर्यनाथ प्रधान पद के लिए निर्वाचित घोषित किए गए थे। उनके निर्वाचन को लेकर सामान्य चुनाव की मतगणना में प्रधान पद के प्रत्याशी रहे रामजियावन ने अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम धनघटा के न्यायालय में वाद दाखिल किया था। जिस पर एसडीएम ने बीते 11 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से तहसीलदार न्यायालय कक्ष में तहसीलदार धनघटा व बीडीओ पौली की उपस्थिति में वीडियो ग्राफी के बीच दुबारा मतगणना कराए जाने का आदेश पारित किया गया था।

# घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ करने के आरोप में नौ नामजद

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के गोपालपुर (तरयापार) गांव में रास्ते एवं पेड़ के विवाद को लेकर बीते दिनों घर में घुसकर मारपीट और तोड़-फोड़ करने के आरोप में पीड़ित की तहरीर पर शुक्रवार को महुली पुलिस ने 9 लोगों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

घटना के संबंध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के गोपालपुर (तरयापार) गांव निवासी त्रिलोकी पुत्र फौजदार ने बताया कि रास्ते और पेड़ के विवाद को लेकर बीते 3 जुलाई 2024 की देर शाम करीब 8 बजे गांव निवासी विपक्षी विरेन्द्र पुत्र हरदेव, विजय पुत्र पारस, साधना पुत्री विरेन्द्र, गोविन्द, बंशीधर व शम्भू पुत्रगण उदयराज विन्ध्याचल पुत्र हरदेव, आदित्य पुत्र विजय व बाबूलाल पुत्र पारस लाठी-डंडा लेकर उसके घर में घुस गए और भद्दी-भद्दी गालियां तथा जान से मार देने की धमकी देते हुए परिवार के लोगों के उपर हमला कर दिया और मारपीट कर परिवार को घायल करने के बाद जमकर तोड़-फोड़ करते हुए घर का तमाम सामान भी नष्ट कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त सभी नौ हमलावरों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 191 (2), 333, 352, 115 (2), 117 (2), 351 (3), 324 (4) के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली रामकृष्ण मिश्र ने बताया कि जल्द ही नामजद हमलावरों को गिरफ्त में लेकर उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# मुझ पर लगे आरोप निराधार : प्रमुख प्रतिनिधि

ब्लाक प्रमुख एवं उनके प्रतिनिधि ने प्रेसवार्ता कर एक जन प्रतिनिधि पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के क्षेत्र पंचायत सेमरियावां की बैठक में हुए हंगामे के बाद लगातार एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाये जा रहे हैं। विधायक सदर द्वारा गुरुवार को प्रेसवार्ता करके ब्लाक प्रमुख एवं ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लगाये थे, वहीं शुक्रवार को ब्लाक प्रमुख मजहरुन्निशां एवं प्रतिनिधि मुमताज अहमद ने जिला मुख्यालय स्थित एक निजी होटल में पत्रकारों से वार्ता करके सदर विधायक के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित अन्य पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त होने का आरोप लगाया है।

उन्होंने कहा कि मैं एक मुसलमान हूं और भारतीय जनता पार्टी एवं संघ परिवार से वर्षों से इस बात के लिए प्रयत्न कर रहा था कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मन्दिर का निर्माण हो। इसके लिए मैंने भी राम मंदिर निर्माण हेतु 01 लाख 11 हजार ₹ संघ के प्रांत प्रचारक के माध्यम से दिनांक 23.01.2021 को समर्पित किया था। भारतीय जनता पार्टी का सच्चा सिपाही कौन है और कौन मूल विचारधारा से ताल्लुक रखता है। जनप्रतिनिधि द्वारा मुझे भाजपा से निष्कासित कराने की बात कही जा रही है। मुमताज ने आरोप लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी के विरुद्ध काम करने का आरोप लगाया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से अपील किया है कि उक्त जन प्रतिनिधि के कार्यों की समीक्षा करवाकर उन्हें ही निष्कासित करे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में उक्त जनप्रतिनिधि द्वारा मेरे विरुद्ध कुछ न्यूज पेपर की कटिंग दिखाकर मुझे अपराधी बताया गया है। हां ये सच है कि मेरे ऊपर कुछ मुकदमे दर्ज हैं लेकिन किसी मामले में न्यायालय से दोष सिद्ध नहीं हुआ हूं। विधायक के ऊपर बीडीसी का अपहरण का आरोप भी लगा है जिसकी खबर भी समाचार पत्रों में में प्रकाशित हुई है और अन्य मामले भी हैं जिसकी कटिंग मेरे पास भी है। उन्होंने कहा कि यदि मेरे एवं मेरे परिवार तथा किसी सहयोगी के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके जिम्मेदार उक्त विधायक होंगे।



पत्रकारों से वार्ता करतीं ब्लाक प्रमुख मजहरुन्निशां एवं प्रतिनिधि मुमताज अहमद। फोटो : एसएनबी

# अभियुक्त को एक वर्ष तक जिला कारागार में निरुद्ध रखने का आदेश

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले में नशीले पदार्थ के सेवन व विक्री जैसी घटनाओं के रोकथाम के क्रम द प्रिवेंशन आफ इलिसिट ट्रैफिक इन नारकोटिक्स ड्रग्स एण्ड साइकोट्रापिक सब्सटेन्सेज एक्ट-1988 के अवैध व्यापार की रोकथाम की धारा-9(एफ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा 11 के तहत राकेश मिश्रा उर्फ पिंकू मिश्रा उर्फ बाबा को 19.06.2024 से 01 वर्ष की अवधि तक जिला कारागार में निरुद्ध रखने का आदेश दिया गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने दी है।

**अपराध नियंत्रण की दिशा में चलाए जा रहे अभियान के तहत संतकबीरनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

उन्होंने बताया कि अभियुक्त राकेश मिश्रा उर्फ पिंकू मिश्रा उर्फ बाबा पुत्र स्व. विश्वंभर नाथ मिश्रा निवासी ग्राम रक्सा थाना मेंहदावल संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। जिसके विरुद्ध निरुद्धी राकेश मिश्रा उर्फ पिंकू मिश्रा उर्फ बाबा द्वारा प्रत्यावेदन उ.प्र. सलाहकार परिषद (निरुद्धिया), उच्च न्यायालय, लखनऊ खण्डपीठ परिसर, लखनऊ को दिनांक 05.07.2024 को प्रेषित किया गया था जिसे उ.प्र. सलाहकार परिषद (निरुद्धिया) की राय पर पूरी तरह से विचार करने के बाद दिनांक 25.07.2024 को अस्वीकार किया जा चुका है। एसपी ने बताया कि पूर्व में थाना कोतवाली खलीलाबाद द्वारा कार्रवाई करते हुए दिनांक 25.11.2023 को नशीला पाउडर (स्मैक) 250 ग्राम, 181 पुड़िया में 29.09 ग्राम स्मैक, गांजा 680 ग्राम, अफीम 29.50 ग्राम बरामी व विभिन्न कंपनियों के 08 मोबाइल फोन, चार पहिया वाहन व 5,52,564 ₹ नकद तथा नेपाल व ओमान की करेंसी की बरामदगी करते हुए अभियुक्तगण राकेश मिश्रा उर्फ पिंकू मिश्रा उर्फ बाबा पुत्र स्व. विश्वम्भरनाथ मिश्रा निवासी रक्शा थाना मेंहदावल, हा.मु. मोहल्ला भिटवा टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद, बबलू उर्फ ओमकार विश्वकर्मा पुत्र रामशंकर निवासी मोहल्ला भिटवा टोला थाना कोतवाली खलीलाबाद तथा रीता मिश्रा पत्नी राकेश मिश्रा उर्फ पिंकू मिश्रा उर्फ बाबा पुत्र स्व. विश्वम्भर नाथ मिश्रा निवासी रक्शा थाना मेंहदावल को बरदहिया सब्जी मण्डी मोहल्ले से गिरफ्तार कर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त उपरोक्त व उनकी पत्नी द्वारा अवैध रूप आपराधिक गतिविधियों का संचालन करते हुए अपने तथा अपने रिश्तेदारों के नाम से अर्जित की गई लगभग 2,68,73,210 ₹ की सम्पत्ति को दिनांक 27.05.2024 को जब्त किया गया था।

## एडीजे द्वितीय ने दुष्कर्म व अन्य मामले के आरोपी को किया दोषमुक्त

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले में मेंहदावल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में चल रहे मुकदमे में आरोपी के बचाव पक्ष तथा अभियोजन पक्ष की बहसे सुनने के बाद आज अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय की अदालत ने आरोपी को दोषमुक्त कर दिया। मामला मेंहदावल थाना क्षेत्र के एक गांव का वर्ष 2012 का है।

थाना क्षेत्र मेंहदावल एक गांव निवासिनी ने बीते 14 अगस्त 2012 को थाना मेंहदावल पर प्रार्थना पत्र दिया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को अच्छेलाल पुत्र जयराम निवासी ग्राम पड़री थाना बखिरा द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। उसके इस कार्य में उसकी बहन रानी व दो भाई दीपक व राजू ने सहयोग किया है। उक्त प्रार्थना पत्र पर मेंहदावल पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया तथा विवेचना के बाद विवेचक द्वारा अभियुक्त अच्छेलाल के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। अदालत द्वारा यह पाया गया कि आरोपी अच्छेलाल व पीड़िता के बीच आपसी प्रेम संबंध था और उन्होंने शादी भी कर लिया है तथा उसके तीन बच्चे हैं। पीड़िता ने अपने बयान में यह भी कहा है कि वह आरोपी के साथ अपनी इच्छा से गयी थी और उसके साथ कोई जोर जबरदस्ती भी नहीं की गई है तथा दुष्कर्म भी नहीं किया गया है। उक्त मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय देवेन्द्र नाथ गोस्वामी ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता विवेक कुमार श्रीवास्तव तथा अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अच्युतानंद शुक्ल की बहस सुनने के उपरांत आज आरोपी अच्छे लाल को धारा 363, 366, 376 भारतीय दंड संहिता के आरोप से दोषमुक्त कर दिया है। आरोपी पूर्व से ही जमानत पर हैं।

# अभिलेखों के रखरखाव के दिए निर्देश

संतकबीरनगर। एएसपी सुशील कुमार सिंह ने शुक्रवार को थाना धनघटा का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर की साफ सफाई, बैरक, भोजनालय, थाना कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, महिला आदि की जांच की। एएसपी ने अभिलेखों रख-रखाव के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके अलावा कार्यालय में रखे विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हत्या व बलवा से संबंधित रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर आदि का बारीकी से जांच की। शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित साफ-सफाई करने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित लावारिस एवं जब्त वाहनों का विधिक निस्तारण जल्द से जल्द कराए जाने के आदेश दिए। वहीं आरक्षी बैरक निर्माण में प्रयुक्त हो रही निर्माण सामग्री के गुणवत्ता की जांचकर निर्माण कार्य जल्द पूर्ण कराने के लिए कार्यदाई संस्था को बताया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार समेत अन्य मौजूद रहे। संवाद

# एसपी के आदेश पर तीन के विरूद्ध दुष्कर्म का केस दर्ज

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के प्रार्थनापत्र पर धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को तीन लोगों के विरूद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया है।

मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया पुलिस ने एसपी के आदेश पर पूरी की है। पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थनापत्र में धनघटा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि गोरखपुर जिले के उरूवा थानान्तर्गत नकौझा गांव निवासी भरथ पुत्र रामजी का उसके घर आना-जाना था। बीते 15 जुलाई 2024 को दिन में करीब 2 बजे उक्त भरथ अपने साथ मोहम्मद पुत्र खान मोहम्मद व एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उसके घर आया। वह पानी लेने के लिए कमरे में गई तो उक्त भरथ कमरे में घुस गया और पीछे से पकड़कर उसे पटक दिया। विरोध करते हुए जब वह शोर मचाने का प्रयास की तो उक्त भरथ ने उसका गला दबाकर उसे डरा-धमका दिया। उसके बाद उक्त तीनों ने मिलकर उसके साथ जबरजस्ती दुष्कर्म किया और अब आरोपी उसे ब्लैकमेल कर रहे हैं। घटना के बाद वह काफी डरी-सहमी हुई है। घटना के बाद बीते 17 अगस्त को उसने धनघटा थाने पहुंचकर आरोपियों के विरूद्ध पुलिस को लिखित प्रार्थनापत्र दिया किन्तु स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़िता के प्रार्थनापत्र पर संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने उक्त आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश धनघटा पुलिस को दिया था जिसके अनुपालन में पुलिस ने उक्त तीनों आरोपियों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 70 (1), 351 (2), 333 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा अनिल कुमार ने बताया कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# जिला जज ने प्रचार वाहन को किया रवाना

**संतकबीरनगर (एसएनबी)**। जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने कल दिनांक 14 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त प्रचार वाहन जनपद के तीनों तहसीलों में समस्त सार्वजनिक स्थलों पर 14 सितंबर 2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में लोगों को जागरूक एवं प्रचार-प्रसार करेगा।

प्रचार वाहन के साथ आम जनमानस में पंपलेट वितरित करने हेतु दो पराविधिक स्वयंसेवकों की ड्यूटी भी लगाई गई है। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि 14 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा जिसमें वादकारी स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपने लंबित मामलों का समाधान सुलह-समझौते के माध्यम से करवा सकते हैं। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारी, कर्मचारीगण एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण उपस्थित रहे।

-राष्ट्रीय लोक अदालत आज : जिला जज अनिल कुमार वर्मा-प्रथम ने बताया कि 14 सितंबर 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है। लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी मामले, दीवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर अधिनियम वाद, स्टांप वाद/पंजीयन वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, किराएदारी वाद, बैंक लोन मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी से संबंधित शमनीय वाद, वन अधिनियम के मामले, पुलिस अधिनियम के अंतर्गत समनीय वाद, स्थाई लोक अदालत के मामले, गृह कर, जल कर, बाट-माप अधिनियम के मामले, नगर पालिका-नगर निगम संबंधी मामले एवं स्थानीय विधियों के अंतर्गत सुलह योग्य वाद निस्तारित कराए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया जा सकता है।

# कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं के दो गुटों में मारपीट, एक चोटिल

लोहरौली, हिन्दुस्तान संवाद। सेमरियावां स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में गुरुवार को बीएसए व एसडीएम जांच करने आए थे। जांच के दौरान छात्रों के एक गुट ने खाने व शिक्षा को लेकर शिकायत किया था। शिकायत के बाद गुरुवार की रात में छात्राओं के दो गुट में मारपीट हुई। मारपीट व धक्का मुक्की के दौरान एक बालिका के सिर में छोटे आईं।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के छात्रों ने खाने व शिक्षा की गुणवत्ता की शिकायत किया। जिलाधिकारी ने जांच के लिए जांच टीम गठित की । जांच करने पहुचे बीएसए अमित कुमार सिंह व एसडीएम सदर शैलेश कुमार दूबे ने एक-एक छात्राओं को बुलाकर जानकारी ली। एक गुट की 12 छात्राओं ने खाने व शिक्षा की गुणवत्ता की शिकायत किया। शिकायत से नराज दूसरे गुट की शिक्षिका व 45 छात्राओं के बीच हॉस्टल में मारपीट हुई । मारपीट व धक्का मुक्की में एक छात्रा के सिर में चोटे आईं। इस घटना से छात्राओं में दहशत का माहौल है। शिक्षिकाओं की ओर एक गुट को स्कूल से भगाने की भी धमकी दी जा रही है।

- एक गुट की छात्राओं ने जांच टीम से की थी शिकायत
- छात्राओं व शिक्षकों के दोनों गुट से हुई मारपीट

## बीएसए ने किया तलब

घटना की जानकारी होने के बाद जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने अमित कुमार सिंह ने वार्डेन को कार्यालय में तलब किया। पूरे मामले की जानकारी लेकर टीचर से स्पष्टीकरण तलब किया है। दोनों शिक्षिकाओं पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

**छात्राओ व शिक्षकों का हुआ दो गुट:** फुल टाइम शिक्षिकाओं के वर्चस्व के चलते नामांकित 57 छात्राओं में दो गुट चल रहा है। एक गुट दूसरे गुट को नीचे दिखाने के चक्कर में एक दूसरे की शिकायत करते हैं। नामांकित छात्राओं व शिक्षिकाओं में गुट होने से भोजन के साथ शिक्षा भी प्रभावित हो रही है।

# लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन रवाना

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने शुक्रवार को प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जनपद के तीनों तहसीलों खलीलाबाद, मेंहदावल व धनघटा के परिसर में जाने के साथ ही साथ जिले के प्रमुख बाजारों, कस्बों समेत नगर पंचायत में भ्रमण कर लोगों को लोक अदालत में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित करेगा। लोक अदालत 14 सितंबर को आयोजित होगी।

जनपद एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने कहा कि लोक अदालत में वादकारी स्वंय उपस्थित होकर अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुलह समझौते के आधार पर लम्बित वादों का निस्तारण करा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज महेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रचार वाहन में पैराविधिक स्वंय सेवक की ड्यूटी लगाई गई है। स्वंय सेवक पम्पलेट व पर्चे का वितरण करके लोगों को लोक अदालत के बारे में जागरूक करेंगे। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय संजय वीर सिंह, एडीजे रमेश दूबे, एडीजे एवं विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट भूपेन्द्र राय आदि उपस्थित रहे।



शुक्रवार को लोक अदालत के सफलता के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज।

## आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

दीवानी न्यायालय परिसर में 14 सितम्बर दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके लोक अदालत का शुभारम्भ किया जाएगा। जिला जज ने कहा कि लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी, पारिवारिक विवाद के मामलों समेत अन्य विवादों का निस्तारण कराया जा सकता है। लोक अदालत में निस्तारित मामलों का निर्णय सिविल न्यायालय की डिग्री के समान होता है।

# तीन दिन से कार्रवाई के लिए भटक रहे मृतका के परिजन

- अस्पताल संचालक पर केस दर्ज करने से कतरा रही पुलिस
- धनघटा थाना क्षेत्र के सुरैना का मामला, पीड़ित कर रहे कार्रवाई की मांग

धनघटा, हिन्दुस्तान संवाद। पिछले दिनों सुरैना स्थित एक अस्पताल संचालक के यहां उपचार के दौरान प्रसूता की हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई । इसके बाद मृतक के परिजनों ने मुख्य चिकित्साधिकारी के अलावा थाने पर प्रार्थना पत्र का देकर कार्रवाई की मांग की। लेकिन 13 दिन का समय बीत जाने के बाद भी अस्पताल संचालक के ऊपर कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके कारण परिजन दर-दर भटक रहे हैं ।

धनघटा थाना क्षेत्र के हरेवा निवासी संदीप मौर्य पुत्र लालमन मौर्य का आरोप है कि उनकी पत्नी मनीष मौर्य को 31 अगस्त 2024 को प्रसव पीड़ा शुरू हुई तो उसे लेकर सुरैना स्थित एक अस्पताल पर पहुंचे। वहां मौजूद डॉक्टर, अस्पताल संचालक और स्वास्थ्य कर्मी उनकी पत्नी को उपचार के लिए रोक लिए और नार्मल डिलेवरी करवाने का उन लोगों ने आश्वासन दिया। रात लगभग दो बजे चिकित्सक जवाब दे दिए कि उसकी हालत बिगड़ रही है। 2:30 बजे रात में आनन - फानन में वह अपनी पत्नी को लेकर एंबुलेंस से जिले पर जा रहे थे रास्ते में ही जच्चा - बच्चा दोनों की मौत हो गई। उसके बाद अस्पताल संचालक को जब जानकारी हुई तो वह अस्पताल में ताला लगाकर फरार हो गए । पत्नी का दाह संस्कार करने के बाद वह सीएमओ तथा थानाध्यक्ष को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की ।

# बच्चों के विवाद में मारपीट

संतकबीरनगर। बड़ेला गांव की रहने वाली सूरसती देवी ने कोतवाली में बताया बीते गुरुवार को शाम चार बजे के करीब पुराने विवाद के चलते उनके पटिदारी के रहने वाले प्रकाश व उनकी पत्नी शोभा ,सुनील तथा उनकी पत्नी सुनीता उनके लड़के के बेटे राज को अपने घर उठा ले गए। बाद में जब वह उक्त लोगों के घर बच्चा लेने गई तो उक्त लोग उन्हें गाली तथा जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी डंडे से मारने –पीटने लगे। कोतवाली प्रभारी सतीश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

# महीनों से आधार नामांकन ठप, भटक रहे लोग

सेमरियावां। उपडाकघर दुधारा में महीनों से आधार नामांकन और संशोधन का काम ठप पड़ा हुआ है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। दुधारा स्थित उपडाकघर में विगत डेढ़ महीने से आधार नामांकन और संशोधन का काम पूरी तरह ठप पड़ा हुआ है। जिसके कारण लोग भटकने को मजबूर हैं। वर्षों पहले शासन ने स्थानीय स्तर पर आधार नामांकन और संशोधन को सुगम और बेहतर बनाने के उद्देश्य से सुविधा प्रदान की, जिससे लोगों में आस जगी थी कि अब इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। लेकिन विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता के कारण शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

# 62 वाहनों का किया गया चालान

संतकबीरनगर। जिले में यातायात नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने के लिए जिले में अभियान चला। इस अभियान में 62 वाहनों का चालान किया गया। 68 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया।

# शांति भंग में छह गिरफ्तार

संतकबीरनगर। जनपद में अशांति फैलाने वालो के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई किया। इस अभियान में छह अभियुक्त गिरफ्तार हुए '। बखिरा पुलिस ने एक धनघटा ने तीन और बेलहर पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया।

# एक वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

संतकबीरनगर। वारंटियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को एक वारंटी गिरफ्तार हुआ। मेंहदावल पुलिस ने वारंटी रामदत्त पुत्र दुर्बली निवासी मदरहवा थाना मेहदावल को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया ।

# तीन दिन पूर्व मारपीट के मामले में चार आरोपितों पर मुकदमा

जासं, बखिरा : बखिरा पुलिस ने तीन दिन पूर्व मारपीट के मामले में चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाने में दी गई तहरीर में डिहुलिया गांव निवासी यशोमती ने उल्लेख किया है कि बीते 10 सितंबर को शाम के करीब पांच बजे उनका 12 वर्षीय नाती अमन बकरी चरा रहा था। इस दौरान खेत में बकरी चल जाने के कारण उनके गांव की इसरावती, सतई, लाला व सीमा उनके नाती को अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर पीटा। इससे उसके दाएं हाथ में अधिक चोट लगी है। थानाध्यक्ष श्याम मोहन ने बताया कि चार आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# दिन में ली शपथ... शाम को हाईकोर्ट के आदेश पर छिन गई प्रधानी

## एसडीएम के पुनर्मतगणना के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक, पौली ब्लॉक के गागरगाड़ में 11 सितंबर को हुई थी दोबारा गिनती

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। पौली ब्लॉक के गागरगाड़ के प्रधान पद पर पुनर्मतगणना के एसडीएम के आदेश पर शुक्रवार को हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। हालांकि, मतगणना 11 सितंबर को हो चुकी थी और रामजियावन दो मतों से प्रधान चुने गए थे। शुक्रवार को दिन में उन्हें शपथ भी दिला दी गई थी। शाम को हाईकोर्ट का आदेश आने के बाद रामजियावन के समर्थकों में निराशा छा गई।



पौली ब्लॉक गागरगाड़ में शुक्रवार रामजियावन यादव को शपथ दिलाते एडीओ पंचायत दलसिंगार यादव। स्रोत- ब्लॉक कर्मी

हाईकोर्ट ने एसडीएम के आदेश पर रोक लगाते हुए सूर्यनाथ शर्मा की प्रधानी बरकरार रखी है। प्रकरण की अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी। वर्ष 2021 में ग्राम पंचायत के हुए आम चुनाव के दौरान पौली ब्लॉक के गागरगाड़ गांव के प्रधान पद के चुनाव में सूर्यनाथ शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी राम जियावन यादव को एक मत से हराया था। उस समय हुई मतगणना पर आपत्ति जाहिर करते हुए राम जियावन यादव ने एसडीएम न्यायालय में वाद दाखिल कर पुनर्मतगणना कराए जाने की मांग की थी। दोनों पक्ष के अधिवक्ता अपना-अपना तर्क रखते रहे।

### अगले आदेश तक सूर्यनाथ बने रहेंगे प्रधान

शुक्रवार को रामजियावन यादव को प्रधान पद की शपथ भी दिला दी गई। इसी बीच देर शाम हाईकोर्ट का आदेश आ गया। सूर्यनाथ पक्ष के मुताबिक हाईकोर्ट ने उनकी याचिका स्वीकार करते हुए एसडीएम न्यायालय के 31 अगस्त 2024 के पुनर्मतगणना के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही रामजियावन की प्रधानी शपथ ग्रहण के 24 घंटे के भीतर ही छिन गई। याचिकाकर्ता सूर्यनाथ शर्मा के अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 18 सितंबर को होगी, तब तक सूर्यनाथ शर्मा प्रधान पद पर बने रहेंगे।

राम जियावन यादव के अधिवक्ता ने बताया कि लंबी बहस के बाद एसडीएम कोर्ट ने ग्राम पंचायत गागरगाड़ के प्रधान पद के लिए पड़े मतों की गिनती पुनः किए जाने का आदेश दिया। एसडीएम के आदेश पर 11 सितंबर को मतगणना हुई जिसमें रामजियावन को 300 मत और सूर्यनाथ शर्मा को 298 मत मिले।

इसके बाद रामजियावन को दो मतों से विजयी घोषित कर दिया गया। एसडीएम के आदेश पर हुई पुनर्मतगणना से असंतुष्ट सूर्यनाथ शर्मा हाईकोर्ट चले गए और एसडीएम न्यायालय के विरुद्ध याचिका दाखिल की थी।

# 20 दिन बाद भी दंपती व बच्चों का सुराग नहीं

**बेलहर।** क्षेत्र के लोहरसन में 19 अगस्त को दंपती बच्चों के साथ घर से चले गए। खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला तो पिता ने शिकायत पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की। जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर लिया, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। जिससे परिजन ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, आईजी, एसपी, पुलिस महानिदेशक से करके कार्रवाई की मांग की है। अशोक कुमार गुप्ता पुत्र रामदुलारे निवासी लोहरसन का कहना है कि वह लोहरसन में किराना और गल्ला भंडार का कारोबार करता है। जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुत्र आशीष को दी थी। दुकान पर लाखों का लोन भी है। 18 अगस्त को पत्नी के साथ अयोध्या दर्शन करने के लिए चले गए। 19 अगस्त से वापस आए तो घर बंद था। आशीष को फोन किए तो पता चला की परसिया ससुराल गया है। वहां से भी अगले दिन वहां से भी कहीं चला गया। उसके बाद से दोनों का मोबाइल बंद है। संवाद

# कबड्डी और जिम्नास्टिक में देवरिया चैंपियन

## गोरखपुर जोन की प्रथम अंतरजनपदीय कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता का समापन

संवाद न्यूज एजेंसी



पुलिस लाइंस में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में फाइनल मैच खेलती संतकबीरनगर और देवरिया की टीम। संवाद

संतकबीरनगर। पुलिस लाइन्स में चल रहे गोरखपुर जोन की प्रथम अंतरजनपदीय कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में कबड्डी में महिला व पुरुष वर्ग में देवरिया जनपद चैंपियन बना। वहीं संतकबीरनगर की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी महिला वर्ग में देवरिया की टीम ने 46 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा श्रावस्ती जिले की टीम ने 21 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में देवरिया की टीम ने 6.30 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान और गोरखपुर की टीम ने 5.55 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया।

वहीं खो-खो प्रतियोगिता पुरुष वर्ग में श्रावस्ती की टीम ने 09 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा जनपद देवरिया की टीम ने 09 (टाई) अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। खो-खो प्रतियोगिता महिला वर्ग में कुशीनगर की टीम ने 09 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा जनपद देवरिया की टीम ने 02 अंक प्राप्त किया।

इसके अलावा द्वितीय स्थान तथा पेंटिंग प्रतियोगिता में जनपद कुशीनगर प्रथम स्थान व जनपद संतकबीरनगर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इससे पूर्व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में गोरखपुर, कुशीनगर, महराजगंज, देवरिया, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, गोण्डा, बहराईच, श्रावस्ती, बलरामपुर से कुल 310 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर एएसपी सुशील कुमार सिंह, सीओ लेशनलाल, प्रतिसार निरीक्षक रजनीकांत ओझा, एसआई सुभाष चंद, एसआई सरिता नागवंशी, शिवपती यादव, लाल बिहारी यादव, एन्द्रेश कुमार पांडेय, रमेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# 62 वाहन चालकों से भरवाया जुर्माना

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वाहन जांच के दौरान यातायात नियम तोड़ने वाले 62 वाहन चालकों से जुर्माना भरवाया। जइस दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए वाहन चालकों से 68,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। संवाद

# पुलिस लाइंस : नलकूप व शूटिंग रेंज का होगा निर्माण

**संतकबीरनगर।** रिजर्व पुलिस लाइन में 38.28 लाख रुपये से नलकूप तो लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से आउट डोर शूटिंग रेंज का निर्माण होगा। नलकूप के लिए धन की स्वीकृति मिल गई है। शूटिंग रेंज के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन मिलने और धन स्वीकृत होने के बाद जल्द ही इसका निर्माण शुरू हो जाएगा। वहीं पुलिस लाइंस परिसर में रहने वाले लगभग 1400 पुलिस कर्मियों के परिवार को नलकूप लगने की वजह से स्वच्छ पानी की सुविधा मिलेगी। पुलिस कर्मियों के परिवार को पहले से ही एक पंप से पानी की सप्लाई दी जा रही है। इससे सभी को समय से पानी नहीं मिल पाता है और अपने निर्धारित समय पर ड्यूटी के लिए पहुंचने में पुलिस कर्मियों को तैयार होने में काफी समय लग जाता है। पुलिस कर्मियों की समस्या को देखते हुए स्थानीय अधिकारियों ने शासन से पत्राचार किया। अब जाकर शासन ने पुलिस लाइंस के लिए 38.28 लाख रुपये से नलकूप लगाए जाने की स्वीकृति दे दी है। इसके अलावा डीएम ने पुलिस कर्मियों की समस्या को देखते हुए एक करोड़ रुपये की लागत से आउट डोर शूटिंग रेंज की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए प्रशासन की तरफ से जमीन की तलाश शुरू हो गई है। नलकूप व आउट डोर शूटिंग रेंज की स्थापना के बाद पुलिस कर्मियों व उनके परिवार को सहूलियत मिलेगी। एसपी सत्यजीत गुप्त ने बताया कि पुलिस लाइंस में नलकूप का निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा। डीएम महेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि आउट डोर शूटिंग रेंज के लिए जमीन की तलाश की जा रही है, कांटे के पास जमीन देखी गई है। संवाद



**पुलिस लाइंस।** संवाद

---

जा सकेंगी। दूसरी तरफ रोडवेज की बसों के लिए नेदुला के पास जमीन चिह्नित की गई है। पूर्व में हाईवे पर नेदुला चौराहे के पास यात्री स्टैंड बनाया गया है, जिसे चौड़ा कर यहां पर बसों का ठहराव कराया जाएगा। ऐसे में गोरखपुर व बस्ती की ओर से आने-जाने वाली बसें रुकेंगी।

# संदिग्ध हालात में दिव्यांग का मिला शव

**संतकबीरनगर।** धनघटा क्षेत्र के घोरांग गांव निवासी दिव्यांग की संदिग्ध हालात में गांव के बाहर खेत में शव मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी भेज दिया।

पुलिस के अनुसार मृतक के बेटे सुनील ने बताया कि 12 सितंबर को रात 11:30 बजे पिता ट्राई साइकिल से घर से काली मंदिर घोरांग जा रहे थे। सुबह करीब छह बजे ग्रामीणों ने देखा तो धान के खेत में ट्राई साइकिल पलटा था और पिता मृत अवस्था में पड़े थे।

ग्रामीणों ने इसकी सूचना परिजनों को देने के साथ ही धनघटा पुलिस को घटना की जानकारी दी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों की मानें तो मृतक के एक बेटा और तीन बेटी हैं। करीब 20 वर्ष पूर्व उसका एक्सीडेंट हुआ था, जिसमें बायां पैर टूट गया था। संवाद

# अलग-अलग मामले में सात आरोपी गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में सात आरोपियों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायालय पेश कर दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम ने दबिश दी।

थाना मेंहदावल पुलिस ने वारंटी रामदत्त पुत्र दुर्बली निवासी मदरहवा को गिरफ्तार किया। साथ ही थाना बखिरा पुलिस ने एक, धनघटा तीन और थाना बेलहरकला पुलिस ने दो आरोपी को पकड़ कर कानूनी कार्रवाई पूरी करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर दिया। संवाद

# लोक अदालत का आयोजन आज सुलह-समझौते पर कराएं निस्तारण

## जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने लोगों को किया जागरुक

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया जाएगा। इसमें किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों का सुलह- समझौता के आधार पर निस्तारण कराया जा सकता है।

जिला जज अनिल कुमार वर्मा प्रथम ने बताया कि लोक अदालत में पक्षकार स्वयं उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र दे सकता है। लोक अदालत में सुलह योग्य फौजदारी मामले, दीवानी वाद, भरण पोषण वाद, मोटर अधिनियम वाद, स्टांप वाद एवं पंजीयन वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, किराएदारी वाद, चेक बाउंस से संबंधित मामले, बैंक लोन मामले, उत्तराधिकार प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी से संबंधित शमनीय वाद आदि सुलह योग्य वाद निस्तारित कराए जा सकते हैं।

इसके अलावा वैवाहिक एवं पारिवारिक मामलों का भी निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। ऐसे पारिवारिक मामलों जो किसी न्यायालय में लंबित नहीं है वो प्री-लिटिगेशन स्तर पर पक्षकार द्वारा प्रार्थना पत्र देकर सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित कराया जा सकता है। लोगों से अपील है किया कि लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेकर वादों का निस्तारण कराते हुए सफल बनाएं। संवाद

# जिला जज ने प्रचार वाहन को रवाना किया



दीवानी न्यायालय परिसर से जागरुकता वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते जिला जज। स्रोत- सूचना

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा ने शनिवार को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जनपद के तीनों तहसीलों में सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को जागरूक करेगा। साथ ही आम जनमानस में पंपलेट वितरित करने के लिए दो पराविधिक स्वयंसेवक की ड्यूटी भी लगाई गई है। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वादकारी स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपने लंबित मामलों का समाधान सुलह समझौते के माध्यम से करवा सकते हैं। इस अवसर पर जनपद न्यायालय के न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी एवं पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहें। संवाद

b

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# ससुरालीजनों पर केस दर्ज

तरबगंज। थानाक्षेत्र में दहेज उत्पीड़न के अलग-अलग दो मामलों में पुलिस ने पीड़िताओं की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। रोशनी सिंह पुत्री विनोद सिंह निवासी चिवरहा वाजपुरवा ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी शादी 27 फरवरी 2023 को अंश सिंह निवासी शंकर पुरवा भोरहा मोतीगंज के साथ हुई थी। इसके बाद उसका ससुराल कई बार आना-जाना हुआ। आरोप है कि करीब एक वर्ष से पति अंश सिंह, ससुर शिवकुमार, सास नन्दा देवी व देवर कृष्णा आए दिन दहेज न देने का ताना मारते हुए नगदी मांगते हैं। बीते चार अप्रैल को पीड़िता को मार-पीटकर जान से मारने की धमकी भी दी है।

# दहेज हत्या में पति को 10 साल की कैद

गोंडा, विधि। अपर सत्र न्यायाधीश/एफटीसी नवीन नम्रता अग्रवाल की अदालत ने दहेज हत्या के जुर्म में आरोपी पति को दस वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सज़ा भुगतनी होगी।

अधिवक्ता अभिनव चतुर्वेदी के मुताबिक थाना मनकापुर में वादिनी मीरा पत्नी राम जियावन निवासी परास पट्टी पुरवार नई बस्ती थाना उमरी बेगमगंज ने सूचना दी गई कि आठ नवंबर 2020 को उसकी पुत्री की ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर हत्या कर दी। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी पति ब्यास मुनी निषाद ग्राम अवधूपुर लिदेहना ग्रण्ट को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

# दहेज हत्या में दोषी पति को दस वर्ष का कारावास

संसू, जागरण • गोंडा : दहेज मांगने और मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित कर फंदे से लटकाकर हत्या के मामले में न्यायालय ने दोषित पति को सजा सुनाई है। एफटीसी प्रथम/अपर सत्र न्यायाधीश नम्रता अग्रवाल ने ग्राम अवधूपुर लिदेहनाग्रंट कोतवाली मनकापुर निवासी व्यासमुनि निषाद को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही दोषित को 25 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि थाना उमरी बेगमगंज के ग्राम नई बस्ती, परासपट्टी पुरवार निवासी मीना देवी ने अपनी पुत्री गीता का विवाह वर्ष 2019 में दोषित के साथ किया था। विवाह के बाद से ही दोषित दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को प्रताड़ित कर रहता था। सात/आठ जुलाई 2020 की रात दोषित ने अपनी पत्नी गीता की हत्या कर दी थी और शव को फंदे से लटका दिया था। जानकारी होने पर पहुंचे मृतका के स्वजन ने दोषित व उसके माता-पिता के विरुद्ध हत्या का मुकदमा कोतवाली मनकापुर में कराया था। न्यायालय में विचारण के दौरान दोषित के पिता राम अवध की मौत हो गई थी, वहीं न्यायालय ने दोषित की मां हुमेला देवी को दोषमुक्त किया है।

# पत्नी को 15.37 लाख गुजारा भत्ता न देने पर पति को एक माह की जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। न्यायालय के आदेश के बावजूद पत्नी को भरण पोषण की बकाया धनराशि 15 लाख 37 हजार 500 रुपये न देने पर शुक्रवार को सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने पति को एक माह के लिए जेल भेज दिया है।

जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र की निवासी अन्नू देवी ने उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चंगेरी शुक्लपुरवा निवासी अपने पति अंजनी कुमार शुक्ला के विरुद्ध 16 फरवरी 2010 को परिवार न्यायालय में केस दायर कर भरण पोषण के लिए धनराशि दिलाने की याचना की थी।

**तरबगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को अदालत में पेश किया था**

सुनवाई के बाद न्यायालय ने 20 जनवरी 2022 को निर्णय सुनाया और पति अंजनी कुमार शुक्ला को भरण पोषण के लिए प्रतिमाह 10 हजार रुपये देने का आदेश दिया। लेकिन न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए अंजनी कुमार शुक्ला ने पत्नी को भरण पोषण की रकम अदा नहीं की, जिससे 16 फरवरी 2010 से 31 दिसंबर 2022 तक उस पर 15 लाख 37 हजार 500 रुपये बकाया हो गया।

**अदालत से**

बकाया धनराशि की वसूली के लिए न्यायालय ने रिकवरी वारंट जारी किया। तरबगंज पुलिस ने अंजनी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को अदालत में पेश किया, लेकिन वह भरण पोषण की बकाया धनराशि अदा करने में असफल रहा। परिवार न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीश-प्रथम हरेंद्र कुमार ओझा ने अंजनी को एक माह (13 सितंबर 2024 से 12 अक्तूबर 2024 तक) की अवधि के लिए जेल भेज दिया। अदालत ने जेल अधीक्षक को आदेश देते हुए कहा है कि आरोपी बकाया धनराशि अदा करता है तो उसे अविलंब रिहा कर दिया जाए।

## फर्जी बैनामा कराने में दो आरोपियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

गोंडा। अपहरण कर मनोरोगी व्यक्ति की जमीन का फर्जी बैनामा कराने के मामले में आरोपी दो अभियुक्तों का अदालत ने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बदननगर मौजा मेहनवन निवासी विद्दा देवी ने थाने में दर्ज कराए केस में कहा कि उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। उसका लड़का मंटू मनोरोगी है और उसके नाम मेहनवन से पूरे पंडित वृंदावन जाने वाली प्रधानमंत्री सड़क पर जमीन है। गांव के डीएम उर्फ संक्रांति उसे बहला-फुसलाकर 22 जुलाई 2019 को भगा ले गए। कई दिनों तक गायब रखने के बाद डीएम ने इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम निरंजन नगर मौजा बेलभरिया के रहने वाले विंदेश्वरी प्रसाद को मिलाकर मंटू के नाम दर्ज भूमि का कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर एक अगस्त 2019 को बैनामा पंजीकृत करा लिया। इस जालसाजी और धोखाधड़ी में विंदेश्वरी के भाई दिलीप कुमार व इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम हरदैया भटपुरवा के रहने वाले सोनेलाल भी शामिल हैं।

विवेचना में अपराध का पुख्ता सबूत मिलने पर पुलिस ने 15 अक्तूबर 2020 को आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। लेकिन आरोपी दिलीप कुमार व सोनेलाल हाजिर नहीं हुए तो अदालत ने गिरफ्तारी के लिए गैरजमानतीय वारंट जारी किया। बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान मुकदमे के साक्ष्य, तथ्य, परिस्थितियों व अपराध की गंभीरता को देखते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-पंचम राजबहादुर रामदेव यादव ने आरोपी दिलीप कुमार व सोनेलाल का अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर दिया। (संवाद)

# दहेज हत्या में दोषी पति को 10 साल की कैद

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। प्रताड़ना और दहेज हत्या के मामले में दोषी पति को अदालत ने 10 साल कारावास और 25 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। इसी मामले में साक्ष्य के अभाव में अदालत ने आरोपी सास को दोषमुक्त कर दिया है।

**अदालत से**

अभियोजन पक्ष के अनुसार उमरीबेगमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम परासपट्टी पुरवार नई बस्ती निवासी मीना ने कोतवाली मनकापुर में केस दर्ज कराया कि उसने अपनी बेटी रीता की शादी क्षेत्र के ग्राम अवधूपुर लिदेहना ग्रंट के रहने वाले व्यासमुनि निपाद के साथ की थी। लेकिन व्यासमुनि निपाद व उसके परिजन मोटर साइकिल मांगकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। छह नवंबर 2020 को पता चला कि बेटी के पति व ससुराल वालों ने उसे मार डाला है और फांसी का फंदा बनाकर लटका दिया है।

**साक्ष्य के अभाव में सास को कोर्ट ने किया दोषमुक्त**

विवेचना में अपराध का पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपी पति व्यासमुनि निपाद, सास हुमेला देवी व ससुर राम अवध के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। मुकदमे के दौरान आरोपी राम अवध की मृत्यु हो गई। विचारण के दौरान अपराध का संदेह से परे साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने अभियुक्त व्यासमुनि निपाद को दोषी करार दिया। जबकि साक्ष्य के अभाव में आरोपी हुमेला देवी को दोषमुक्त कर दिया।

शुक्रवार को इस मामले में निर्णय सुनाते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एफटीसी नवीन) नम्रता अग्रवाल ने दोषी अभियुक्त व्यासमुनि निपाद को दहेज प्रताड़ना व दहेज हत्या के अपराध में 10 साल सश्रम कारावास व 25 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# नाला किनारे मिला लकड़बग्घे का शव

## वन विभाग टीम ने शव को कब्जे में लिया, शिवपुरा पशु चिकित्सालय में कराया जाएगा पोस्टमार्टम

हर्रैया सतघरवा, संवाददाता। स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत फकीरीडीह गांव निकट स्थित खैरहनिया पहाड़ी नाला किनारे शुक्रवार सुबह दस बजे लकड़बग्घे का शव पड़ा मिला है। लकड़बग्घे के सिर में चोट के निशान पाए गए हैं। मरने के बाद भी उसके सिर से रक्तस्राव हो रहा था। बनकटवा वन विभाग टीम ने शव को कब्जे में लिया है। शनिवार को शिवपुरा पशु चिकित्सालय में शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। गैसड़ी के हलौरा गांव में लगाए गए पिंजरे तक तेंदुआ पहुंचा लेकिन उसके अंदर नहीं घुसा। हलौरा में तेंदुए का खौफ बरकरार है। थाना महराजगंज तराई-महादेव गोंसाई मार्ग स्थित खरझार नाला पुल के निकट गुरुवार देर शाम तेंदुए ने निराश्रित मवेशी पर हमला कर दिया। राहगीरों के शोर मचाने पर तेंदुआ मवेशी को छोड़ भाग निकला।

खैरहनिया नाला में इस समय बाढ़ आई है। पहाड़ का पानी नाला के रास्ते राप्ती नदी तक पहुंच रहा है। शुक्रवार सुबह कुछ लोग शौच के लिए गए थे। उन्होंने नाला किनारे किसी वन्यजीव का शव पड़ा देखा। लोगों को लगा कि शव तेंदुए का है। तेंदुए की तस्वीर जहन में उतरते ही ग्रामीण भाग खड़े हुए। यह बात गांव वालों को पता चली तो भारी संख्या में लोग नाला किनारे पहुंचे। कुछ लोग वन्यजीव को भेड़िये तो कुछ लोग तेंदुए का शव बता रहे थे। नाला किनारे वन्यजीव का शव पड़ा होने की जानकारी बनकटवा रेंजर अन्वेश कुमार वर्मा को दी गई। वन विभाग की टीम ने वहां पहुंचकर उसकी जांच की तो पता चला कि यह शव लकड़बग्घे का है। शव को कब्जे में लेकर बनकटवा रेंज ले जाया गया। डीएफओ डॉ एम सेम्मारन ने बताया कि लकड़बग्घा शेड्यूल वन का वन्यजीव है। इसलिए शव का पोस्टमार्टम कराया जाना आवश्यक है। उसकी मौत चोट से अथवा डूबकर हुई है, इस बात की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही हो सकेगी। मृत लकड़बग्घा मादा है, जिसकी उम्र लगभग तीन वर्ष है।



फकीरीडीह के निकट खैरहनिया नाला किनारे पड़ा लकड़बग्घे को शव कब्जे में लेने पहुंचे वन कर्मी

### लोगों ने पिंजरे के पास तेंदुए के दहाड़ने की सुनी आवाज

गौरा चौराहा थाना क्षेत्र के हलौरा गांव में तेंदुए का आतंक है। ग्रामीणों की मांग पर तेंदुआ पकड़ने को यहां पिंजरा लगाया गया है। तेंदुए को आकर्षित करने के लिए पिंजड़े में बकरी बांधी गई है। ग्रामीणों की मानें तो शुक्रवार देर रात उन्होंने तेंदुए के दहाड़ने की आवाज सुनी। यह आवाज पिंजरा लगाए गए स्थल की ओर से ही आ रही थी। पास में ही सीसीटीवी कैमरा भी लगा है। तेंदुआ पिंजरे तक पहुंचा तो उसमें बंधी बकरी चिल्लाने लगी। उसके बाद वह गन्ना खेत की ओर चला गया। डीएफओ ने बताया कि तेंदुआ शीघ्र ही पिंजरे में फंस जाएगा। घबराने की जरूरत नहीं है।

### शोर मचाने पर निराश्रित मवेशी छोड़ भागा तेंदुआ

थाना महराजगंज तराई अन्तर्गत बल्दीडीह मोतीपुर निवासी तेज प्रताप सिंह, रमेश्वर प्रसाद, अवधेश सिंह आदि ने बताया कि वे गुरुवार देर शाम बरदही बाजार से घर लौट रहे थे। उन्होंने देखा कि तेंदुआ एक निराश्रित मवेशी से लिपटा हुआ है। वह उसकी गर्दन को काटने का प्रयास कर रहा है। लोगों ने शोर मचाया तो तेंदुआ मवेशी को छोड़ घनी झाड़ियों की ओर भाग निकला। बछड़े के गले में जख्म हो गए थे। पैर में भी तेंदुए के दांत के निशान देखे गए। तेंदुआ दादव, बल्दीडीह, मोतीपुर, खैरहनिया, बरगदही, महदेइया, महादेव गोंसाई, मघनगर, मिर्जापुर, सुगानगर व लहेरी गांव के आस पास अक्सर दिख जाता है। गत दिनों तेंदुए ने महदेइया गांव में सियार को अपना निवाला बनाया था।

### जंगली जानवर के हमले में किशोरी हुई घायल

थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुर में बुधवार रात 11 वर्षीय रोशनी पुत्र श्याम लाल को किसी जंगली जानवर ने पंजा मार दिया था। उसी गांव में रात डेढ़ बजे राम सागर को भी आंशिक रूप से जीव ने घायल कर दिया था। उप प्रभागीय वनाधिकारी तुलसीपुर एवं स्थानीय क्षेत्रीय वनाधिकारी की टीम ने गांव के आस पास के क्षेत्र का भ्रमण किया। उन्होंने ग्रमीणों व पीड़ितों से वार्ता की।

# नाबालिग से दुष्कर्म, दो पर केस दर्ज

तुलसीपुर (बलरामपुर)। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दिया है। कहा है कि उसकी नाबालिग बेटी 31 अगस्त को गांव में हो रहे धार्मिक कार्यक्रम में गई थी। वहां से प्रसाद लेकर घर आते समय रास्ते में उसी गांव के दो युवक उसे जबरन गन्ने के खेत में लेकर चले गए। आरोप है कि वहां पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। (संवाद)

# हंसिए से हमला कर काटी अंगुली

बलरामपुर। रेहरा बाजार थाने में बढ़या गांव निवासी दिनेश सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। कहा है कि 11 सितंबर को उसका भतीजा शिवम सिंह को खेत से वापस आते समय रास्ते में कुछ लोगों ने पिटाई शुरू कर दी। किसी तरह से भागकर वह घर आया। विपक्षियों ने घर पर पहुंचकर दोबारा से मारपीट शुरू कर दिए। इसी में हंसिए से किए गए वार से दिनेश सिंह की एक अंगुली कटकर अलग हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (संवाद)

# सतर्क रहने के निर्देश

बलरामपुर : बैंकों, डाकघरों व जन सेवा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था चाक–चौबंद बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने चेकिंग कराई। सभी कोतवाली व थानों में गठित टीमों ने सीसी कैमरा व फायर अलार्म की जांच की। संदिग्ध लोगों से पूछताछ की व अन्य को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। (संसू)

## हलौरा में पिंजरे तक नहीं आया तेंदुआ, नाले में मिला लकड़बग्घे का शव

संवादसूत्र, जागरण • गैसड़ी (बलरामपुर): सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग तुलसीपुर रेंज के हलौरा गांव में पिंजरा में तेंदुए को कैद करने के लिए वन विभाग की कवायद रंग नहीं ला पा रही है। तेंदुए को लेकर ग्रामीणों में दहशत है। शाम होते ही लोग घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चों को बाहर खेलने भी नहीं देते हैं।

गांव में लगाए गए पिंजरे में बकरी बांधी गई है लेकिन, तेंदुआ वहां तक आया नहीं। बारिश होने के कारण तेंदुआ के गुरुवार को न आने से ग्रामीणों ने थोड़ी राहत की सांस ली है। वन कर्मियों के साथ ग्रामीण रात जागकर गश्त कर रहे हैं।

• शाम होते ही घरों में कैद हो जाते ग्रामीण, दहशत के चलते वन कर्मियों के साथ रात में जागकर करते गश्त



गैसड़ी के हलौरा गांव में लगा पिंजरा • जागरण

प्रधान इंद्रजीत साहू, अब्दुल हमीद, अजीज, काशीराम, रिजवान, मास्टर इसरार, राम दुलारे, जय राम वर्मा, नव्वाब, हीरा लाल, परिक्रमा मौर्या ने बताया कि गांव के पश्चिम दिशा में स्थित ईदगाह के पास तीन शावक के साथ तेंदुआ देखा जाता है। इससे लोगों में दहशत है। इसका पकड़ा जाना बहुत जरूरी है।

उप प्रभागीय वनाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी अमरजीत प्रसाद, वन दारोगा शशिकांत शुक्ल, वनरक्षक चंद्रभान, बागेश, शकील के साथ हलौरा व पड़ोसी गांव चैनपुर, कुड़ौसा में ग्रामीणों को तेंदुआ से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। बताया कि पिंजरे में तेंदुआ के शिकार के लिए बकरी बांधी गई है। तेंदुआ पिंजरे तक नहीं आया है। तेंदुआ पकड़े जाने तक ग्रामीणों सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### आज करेंगे पोस्टमार्टम

हरैया सतघरवा: वनकटवा रेंज के खैरहनिया गांव के पास पहाड़ी नाला खरझार में तीन वर्षीय मादा लकड़बग्घा का शव मिला है। ग्रामीणों की सूचना पर वन दारोगा जीवरखन प्रसाद ने टीम के साथ पहुंच कर लकड़बग्घे के शव को पोस्टमार्टम के वनकटवा रेंज कार्यालय ले आए। वन क्षेत्राधिकारी एमबी सिंह ने बताया कि लकड़बग्घा जानवर पानी में कम तैर पाते हैं। पानी का बहाव तेज होने के कारण उसकी मौत हुई है। पशु चिकित्सकों की टीम से लकड़बग्घा के शव का शनिवार को पीएम कराया जाएगा।

# बंद बोरी में मिली नीलगाय की खाल, आठ पर मुकदमा

हरैया सतघरवा (बलरामपुर): संरक्षित वन क्षेत्र रमहतीपुरवा ठठरहिया के पास से एक बंद बोरी में नीलगाय की खाल बरामद हुई है। पुलिस ने छह नामजद व दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक गोविंद कुमार ने बताया कि वन दारोगा दूधनाथ की तहरीर पर लखाही गांव के इस्लाम, कोहला निवासी मोईद, हज्जीपुरवा गांव के हाकिम, राजू साईं एवं गुगौली कला गांव के जाहिर व ननके एवं दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है। आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी आरोपित पुलिस की गिरफ्त में होंगे। (संसू)

# राष्ट्रीय लोक अदालत आज, तैयारियां पूरी

गोंडा/बलरामपुर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला जज प्रमोद कुमार श्रीवास्तव के निर्देशानुसार शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में निस्तारण के लिए अब तक 85 हजार मामले चिह्नित किए जा चुके हैं, जिनके निस्तारण के लिए तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और जिला मुख्यालय के साथ जिले की चारों तहसीलों में भी लोक अदालत का आयोजन होगा।

यह जानकारी अपर जिला जज व विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दानिश हसनैन ने दी। वहीं, बलरामपुर में भी शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। प्राधिकरण सचिव अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विमल प्रकाश आर्य ने बताया कि लोक अदालत की अध्यक्षता जिला जज अनिल कुमार झा करेंगे। (संवाद)

# आज फिर पिंजरे में बांधी जाएगी बकरी

**जरवा(बलरामपुर)।** तेंदुए को पकड़ने के लिए हलौरा गांव में लगाए गए पिंजरे में शनिवार को दोबारा बकरी बांधी जाएगी। बारिश के कारण बकरे को पिंजरे से हटा लिया गया था। वहीं, वन विभाग की टीम ने निगरानी तेज कर दी है। इंद्रजीत साहू, विजय, सलमान, इरसाद, अहद, सिराज आदि ने बताया कि तेंदुआ दो दिन से गांव में नही आया है। दो दिन से बारिश के कारण बकरी को हटा लिया गया था। शनिवार को दोबारा बकरी बांधी जाएगी। एसडीओ मनोज कुमार ने बताया कि गांव में जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं, गोविंदपुर गांव में सियार के हमले से घायल दो लोगों का वन विभाग की टीम ने पहुंचकर जानकारी ली है। संवाद

# बारह रबी-उल-अव्वल पर दुरुस्त होगी व्यवस्था

**बलरामपुर।** बारह रबी-उल-अव्वल त्योहार को लेकर नगर के सभी इबादतगाहों व कब्रिस्तान जाने वाले मार्गों की साफ-सफाई व चूने का छिड़काव कराया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि 15 सितंबर की शाम व 16 सितंबर की सुबह नगर में निकलने वाले जुलूस-ए-मोहम्मदी के पूर्व मार्गों की विशेष साफ-सफाई के लिए कर्मियों को निर्देश दिया गया है। (संवाद)

# महिलाओं को किया गया जागरूक

**बलरामपुर।** गैसड़ी के मानकोट गांव में मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एएसपी योगेश कुमार ने महिलाओं को कानून की जानकारी देते हुए घरेलू हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। कहा कि घरेलू हिंसा व यौन उत्पीड़न की शिकायत कोतवाली में गोपनीय तरीके से कर सकती हैं। (संवाद)

# जुलूस ए मोहम्मदी में उत्तेजक नारे न लगाएं

संवाद न्यूज एजेंसी

## बैठक में बनी रणनीति, मुस्लिम धर्म गुरुओं ने की अपील

बलरामपुर। मोहम्मद साहब की पैदाइश के मौके पर नगर में दो दिनों तक निकलने वाले जुलूस ए मोहम्मदी को लेकर मुस्लिम धर्म गुरुओं ने बैठक की है। लोगों से अपील किया है कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार के उत्तेजक और भड़काऊ नारे न लगाए जाएं। अगर कोई ऐसा करता मिला तो उसे तत्काल जुलूस से बाहर निकाल दिया जाएगा।

मोहल्ला पुरैनिया तालाब के पास शुक्रवार को जुलूस की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते में शहर मुफ्ती मौलाना मसीह अहमद कादरी ने कहा कि बारह रबी उल अव्वल को हम ऐसे नबी की पैदाइश का जश्न मनाने जा रहे हैं, जो पूरी दुनिया के लिए रहमत बन कर आये। मुस्लिम धर्मगुरु सैयद अहमद रजा कादरी ने नगर में 15 सितंबर की शाम और 16 सितंबर की सुबह निकलने वाले जुलूस ए मोहम्मदी में डीजे के साथ और पैदल चलने वालों से अपील किया है कि जुलूस मैं शामिल होने वाले लोग इस्लामी लिबास पहनकर व सिर पर टोपी लगाकर जुलूस शामिल हों। इस दौरान भड़काऊ और उत्तेजक नारे नहीं लगाए जाएंगे। मौलाना मोहम्मद उमर व मास्टर मोहम्मद हसन कुरैशी ने कहा कि जुलूस के आगे सिर्फ उलेमा ही चलेंगे और अकीदतमंद उलेमा के पीछे रहेंगे।

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

हिन्दुस्तान

# तीन चोरियों का खुलासा दो लोग गिरफ्तार हुए

बहराइच, संवाददाता। फखरपुर थाने की पुलिस ने तीन चोरियों का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को धर दबोचा। उनके पास से चोरी की नकदी व जेवर बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार चोरों को दर्ज केसों में चोरी व बरामदगी की धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया है।

एसएचओ अभिनव प्रताप सिंह ने बताया कि थाने में तैनात दरोगा शैलेन्द्र शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, मानिक राज यादव, मुख्य सिपाही विकास मिश्रा, रमेश यादव, सिपाही गौरव श्रीवास्तव, राहुल सिंह ने फखरपुर इलाके में दो संदिग्धों को पकड़ा। तलाशी में उनके पास 2550 रुपये, चांदी की एक जोड़ी पायल, एक रेडमी मोबाइल बरामद किया। गिरफ्तार युवकों से कड़ाई से की गई पूछताछ में उन्होंने कबूल किया कि अखनापुर फिलिंग स्टेशन पर 24 जुलाई की रात, भकला के मजरे प्रधानपुरवा में 6 सितम्बर की रात तीन घरों में चोरी की वारदात की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कैसरगंज थाने के अलहियापुर निवासी जसीम व मांगेलाल उर्फ परियाद के रूप में हुई। आरोपियों को चोरी व बरामदगी की धाराओं के तहत जेल भेज दिया गया है।

## बाइक के साथ वाहन चोर गिरफ्तार

बहराइच । देहात कोतवाली के दरोगा नेपाल सिंह, मुख्य सिपाही मनोज कुमार यादव, भगत सिंह ने शहर में एक बाइक चालक युवक को रोका। कागजात मांगने पर वह नहीं दे सका। कड़ाई से पूछताछ में पता चला है कि बाइक चोरी की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नगर कोतवाली के काजीपुरा निवासी अर्चित सिंह के रूप में हुई।

## 50 वाहनों का चालान

बहराइच : सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ओपी सिंह ने बताया कि डीएम के निर्देश पर शुक्रवार को 50 वाहनों का चालान किया गया है। अभियान में पुलिस की टीम भी शामिल रही। (संसू)

## बालिका के साथ छेड़छाड़

खुटेहना : पयागपुर थाना के आठ वर्षीय बालिका से युवक ने छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। पुलिस ने आरोपित बड़कागांव के समय प्रसाद को हिरासत में ले लिया है। वह छप्पर के घर में घुसकर बालिका के साथ छेड़छाड़ शुरू कर रहा था, शोर मचाने पर भाग निकला। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। (संसू)

# गैर इरादतन हत्या के दोषियों को दस-दस वर्ष की सजा

जासं • बहराइच : अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय सुनील प्रसाद गैर इरादतन हत्या के मामले में दो आरोपितों को दस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषियों पर साढ़े बारह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अदा न करने पर तीस दिन की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता अपराध प्रमोद कुमार सिंह ने मामले की पैरवी की। बताया कि एक फरवरी 2010 को खैरीघाट थाना क्षेत्र के दलजीतपुरवा निवासी जगसेन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि पिता मंगेसर सिंह को आरोपित त्रिभुवन सिंह, ओंकार सिंह व दलबीर सिंह ने लाठी-डंडे से मारापीटा था, जिससे वह बेहोश हो गए। मौके पर उनके बेटे आए तो उन्हें भी धमकाया। इलाज के दौरान पिता की मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मामले के विचारण के दौरान आरोपित दलबीर सिंह की मौत हो गई।

# सिपाही से अभद्रता करने में देहात कोतवाल लाइन हाजिर

**जासं • बहराइच**: पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने देहात कोतवाल बृजेंद्र कुमार मिश्र को गुरुवार की देर रात लाइन हाजिर कर दिया। कोतवाल पर सिपाही से अभद्रता करने का आरोप है। गुरुवार की शाम देहात कोतवाल की सिपाही से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कोतवाल का पारा इतना बढ़ गया कि उन्होंने सिपाही पर हाथ उठा दिया। मामला एसपी तक पहुंच गया। सिपाही से अभद्रता की बात एसपी को नागवार गुजरी। एसपी ने देहात कोतवाल को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। राज्य कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने भी तीन दिन पूर्व एसपी से देहात कोतवाल के अभद्र व्यवहार की शिकायत की थी।

**• एसपी की इस कार्रवाई से मची खलबली**

# जाम की समस्या को लेकर बुलाई बैठक

बहराइच। शहर में भीषण जाम व अतिक्रमण की समस्या को लेकर सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने शुक्रवार को डीएम को पत्र भेजकर कहा कि शहर की जनता जाम की समस्या से जूझ रही है। इसके समाधान के लिए व्यापारियों, समाजसेवियों, शहर के सम्मानित लोगों, परिवहन व ट्रैफिक विभाग अधिकारियों के साथ अगले सप्ताह में किसी तिथि को निर्धारित कर सभी के साथ बैठक की जाए। (संवाद)

# सिपाही को थप्पड़ मारने का आरोप, देहात कोतवाल लाइन हाजिर

**बहराइच।** एसपी ने देहात कोतवाल को सिपाही से अभद्रता करने के मामले में बृहस्पतिवार की रात लाइन हाजिर कर दिया। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में चर्चा का माहौल है।

## एसपी ने शिकायत मिलने पर की कार्रवाई

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों देहात कोतवाल बृजेंद्र मिश्रा ने देहात कोतवाली में तैनात एक सिपाही को सरेआम थप्पड़ मार दिया था और उससे अभद्रता की थी। सिपाही ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी एसपी को देते हुए शिकायत की थी। आरोप लगाते हुए बताया था कि सार्वजनिक रूप से कोतवाल ने उनको थप्पड़ मारा और काफी गलत बोला। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से कोतवाल बृजेंद्र मिश्रा को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं मोतीपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक अश्विनी पांडेय को बौंडी और देहात कोतवाली में तैनात हरेंद्रनाथ राय को बौंडी भेजा गया है। इसी तरह से एसपी ने लगभग 68 आरक्षियों को थानों की तैनाती में फेरबदल करते हुए इधर से उधर किया है। (संवाद)

# सिपाही को थप्पड़ मारने का आरोप, देहात कोतवाल लाइन हाजिर

**बहराइच।** एसपी ने देहात कोतवाल को सिपाही से अभद्रता करने के मामले में बृहस्पतिवार की रात लाइन हाजिर कर दिया। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में चर्चा का माहौल है।

## एसपी ने शिकायत मिलने पर की कार्रवाई

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों देहात कोतवाल बृजेंद्र मिश्रा ने देहात कोतवाली में तैनात एक सिपाही को सरेआम थप्पड़ मार दिया था और उससे अभद्रता की थी। सिपाही ने अपने साथ हुई घटना की जानकारी एसपी को देते हुए शिकायत की थी। आरोप लगाते हुए बताया था कि सार्वजनिक रूप से कोतवाल ने उनको थप्पड़ मारा और काफी गलत बोला। एसपी ने मामले का संज्ञान लेते हुए तत्काल प्रभाव से कोतवाल बृजेंद्र मिश्रा को लाइन हाजिर कर दिया है। वहीं मोतीपुर थाने में तैनात उपनिरीक्षक अश्विनी पांडेय को बौंडी और देहात कोतवाली में तैनात हरेंद्रनाथ राय को बौंडी भेजा गया है। इसी तरह से एसपी ने लगभग 68 आरक्षियों को थानों की तैनाती में फेरबदल करते हुए इधर से उधर किया है। (संवाद)

# महंगी बीयर बेचने पर दुकान विक्रेता पर केस

**खैरीघाट(बहराइच)।** बीयर की दुकान पर खुदरा मूल्य से अधिक पर बीयर बेचने की शिकायतें मिलने पर आबकारी टीम ने खैरीघाट के इमामगंज स्थित दुकान पर छापा मारा। शिकायत सही मिलने पर टीम ने दुकान पर मौजूद अभिलेखों आदि का मिलान करने के बाद विक्रेता पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कराया।

आबकारी निरीक्षक नानपारा विमल मोहन वर्मा ने खैरीघाट थाने में तहरीर देकर बताया कि उन्हें लगातार सूचना मिल रही थी कि बीयर की दुकान इमामगंज के विक्रेता एमआरपी से अधिक मूल्य पर बिक्री कर रहा है। जब वह दुकान पर पहुंचे और शिवपुर बौंडी निवासी विक्रेता अंकुर जायसवाल से पूछताछ की तो उसने दुकान के अनुज्ञापी टीकाराम और संदीप जायसवाल को उक्त राशि देने की बात बताई। आबकारी निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने विक्रेता पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। (संवाद)

# मारपीट मामले में कार्रवाई की मांग

**बहराइच।** लोधेश्वर सेना के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश लोधी ने अपने पुत्र अतुल कुमार लोधी पर एक समुदाय विशेष के छह लोगों पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में जिलाध्यक्ष ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर कहा कि घटना की सूचना रामगांव थाने पर देने के बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिलाध्यक्ष का आरोप है कि हमलावर लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से घटना में मुकदमा दर्ज कराकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने मामले में डीएम, एसपी समेत अन्य हिंदू संगठनों को भी पत्र भेजकर मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई की मांग की है। (संवाद)

# ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न का केस

**हुजूरपुर((बहराइच)।** गुलहरिया आदिलपुर निवासी गुड़िया ने बताया कि उसकी शादी जून 2022 में रानीपुर हर्राजपुर निवासी इकराम अली से हुई थी। शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में डेढ़ लाख रुपये, बाइक की मांग करते हुए ससुराली ननकई, मोनू, सायदा, रहीस पेट्रोल डालकर जलाने और इकराम की दूसरी शादी करने की धमकी देकर प्रताड़ित करते थे। सितंबर 2023 में मारपीट करते हुए जेवर छीनकर जान से मारने की धमकी देकर निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों पर दहेज उत्पीड़न, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया। (संवाद)

# छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार

**बौंडी(बहराइच)।** पयागपुर थाना पुलिस ने किशोरी से छेड़खानी के आरोपी बड़कागांव निवासी समय प्रसाद को व बौंडी थाना पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी भौंरी गांव निवासी नदीम उर्फ सुगऊ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

# तस्करों ने चार सागौन के पेड़ काटे

**बाबागंज(बहराइच)।** रुपईडीहा थाना क्षेत्र के चितरहिया में शुक्रवार को लकड़ी तस्करों ने चार सागौन के पेड़ों को काट दिया। वनरक्षक ब्रहदेव चार सागौन के पेड़ों को बरामद कर रेंज कार्यालय ले गए। वन तस्करों पर संबंधित धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। (संवाद)

# तीन वारंटी पकड़े

**बहराइच।** रामगांव थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट के आरोपी सोहरवा निवासी रहीश, नवाबगंज पुलिस ने वारंटी बसाऊगांव उमरिया निवासी फैनु, मिथलेश वर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। (संवाद)

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-14-09-2024

# दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

श्रावस्ती। अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शुक्रवार को सिरसिया थानाध्यक्ष गौरव सिंह वारंटियों को धरपकड़ के लिए पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे।

इस दौरान पुलिस ने दो वारंटियों रामनरेश पुत्र राममूरत निवासी शाहपुर पूरे शिवदीन व टिकोरी पुत्र भगौती निवासी उधौपुरवा थाना सिरसिया को उनके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक अजय कुमार सिंह, आरक्षी दीपेन्द्र कुमार व नीलेश यादव शामिल रहे।

# चोरी का खुलासा, चोरी गए माल के साथ चोर गिरफ्तार

- 24 घंटे में चोरी की घटना का पुलिस ने अनावरण कर चोरों को जेल भेजा
- गिरफ्तार आरोपी पर कई अपराधिक मुकदमें अलग-अलग थानों में दर्ज हैं

श्रावस्ती, संवाददाता। 24 घण्टे में चोरी की घटना का अनावरण करते हुए पुलिस चोर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चोरी का माल भी बरामद किया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया गया।

थाना नवीन मॉडर्न श्रावस्ती क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लखाही में गुरुवार की रात को बड़ी चोरी की वारदात हुई। विद्यालय के रसोई घर का ताला तोड़कर चोरों ने बर्तन, गैस सिलेन्डर, गैस चूल्हा, भगोना के साथ ही सारा सामान पार कर दिया। सुबह जब प्रधानाचार्य विद्यालय पहुंचे तो रसोईघर का ताला टूटा पाया और सारा सामान गायब था। इस पर प्रधानाचार्य ने श्रावस्ती थाना पहुंच कर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साथ ही मामले का अनावरण करने के लिए पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर मरवटिया पुल के पास ई-रिक्शा पर लदे चोरी गये माल के साथ चोर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पहचान संजय बाजपेई के रूप में हुई। आरोपी को जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी का लंबा आपराधिक इतिहास है जिसके विरुद्ध श्रावस्ती जिले के इकौना और श्रावस्ती थाने में आठ मामले व कोतवाली देहात बलरामपुर में एक मामला दर्ज है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद, उपनिरीक्षक सुरेन्द्र यादव, आरक्षी राजकपूर व रणजीत यादव शामिल रहे।

# 42 वाहनों का चालान किया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक की ओर से दिए गए निर्देश के तहत ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की ओर से विभिन्न स्थानों पर बैरियर व चेक पोस्ट लगाकर चेकिंग गई।

जिसके तहत विभिन्न चेक पोस्टों पर वाहनों की चेकिंग की दौरान 42 वाहनों का मोटर अधिनियम में ई-चालान कर एक लाख चार हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

# एसपी ने ली परेड की सलामी लाइन का निरीक्षण किया

- खामियों को दुरुस्त करने के निर्देश
- स्टोर में पहुंच अभिलेखों की भी जांच की

श्रावस्ती, संवाददाता। पुलिस लाइन में शुक्रवार सुबह साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया जिसमें एसपी ने परेड की सलामी ली। साथ ही पुलिस लाइन का निरीक्षण कर मिली खामियों को दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

सुबह पुलिस लाइन पहुंचे पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने सबसे पहले रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी लेने के साथ ही परेड की दौड़ लगवाई। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन भ्रमण के दौरान क्वार्टर गार्ड में पहुंचकर सलामी ली तथा डीसीआर, परिवहन शाखा का निरीक्षण किया। स्टोर में पहुंचकर अभिलेखों की जांच की। आरक्षी भोजनालय में भोजन बना रहे कर्मचारियों से उनका कुशलक्षेम जाना तथा भोजन की गुणवत्ता की जांचकर मानक के अनुसार पौष्टिक भोजन बनवाए जाने का निर्देश दिया। जिला आरक्षी बैरक, पुलिस क्लब में साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने व पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट की व्यवस्था करने को निर्देशित किया। आदेश कक्ष में पहुंचकर गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द ड्यूटी में लगे गार्द कमाण्डरों को जरूरी निर्देश दिया।

# नाबालिग को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। कोतवाली भिनगा के भलुहिया किशुनपुर चोरवाभारी निवासी सुखराज यादव पुत्र रामछवि यादव पर नाबालिग को भगाने का मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को धर्मपुर चौराहा ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को पुलिस ने न्यायाल में पेश करके जेल भेज दिया है।

# विभिन्न मामलों के दो वारण्टी गिरफ्तार

श्रावस्ती। सिरसिया थानाध्यक्ष गौरव सिंह ने रामनरेश पुत्र राममूरत निवासी शाहपुर पूरे शिवदीन थाना सिरसिया व टिकोरी पुत्र भगौती निवासी उधौपुरवा थाना सिरसिया को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर न्यायालय की ओर से अलग अलग मामलों में वारंट जारी किया गया था।

# आबकारी एक्ट में 500 रुपए जुर्माना

श्रावस्ती। न्यायालय एसीजेएम ने आबकारी अधिनियम के आरोपी वंशराज पुत्र छोटेलाल निवासी उत्तमापुर थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को जेल में बिताई गई अवधि की सजा और 500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। आरोपी के पास पांच लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद करके जेल भेज दिया था।

# जंगली जानवर के हमले में बालक घायल

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। माता-पिता के साथ बृहस्पतिवार रात चारपाई पर सो रहे मोहनपुर भरथा निवासी बालक पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया। बालक की चीख सुनकर जगे माता-पिता को देख जानवर मौके से भाग निकला। गंभीर रूप से घायल बालक को सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया गया।



जंगली जानवर के हमले में घायल बालक। -संवाद

मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर भरथा निवासी गुड्डू बृहस्पतिवार रात घर के बरामदे में परिवार के साथ सोया हुआ था। रात करीब दो बजे स्वामीनाथ (7) पर किसी अज्ञात जानवर ने हमला कर दिया। बच्चे की चीख सुनकर जगे दंपती के शोर मचाने पर जानवर भाग गया।

वहीं शोर सुनकर मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण भी जुट गए। गंभीर रूप से घायल स्वामीनाथ को एंबुलेंस से सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया गया। इस बारे में डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सीएचसी मल्हीपुर के चिकित्सक से जानकारी ली गई है। उन्होंने बताया है कि यह किसी बिल्ली जैसे छोटे जानवर द्वारा खरोंच मारा गया है। किसी बड़े जानवर के हमले की चोट नहीं है।

# चोरी के सामान के साथ एक गिरफ्तार

**कटरा (श्रावस्ती)।** पुलिस ने बुधवार को प्राथमिक विद्यालय लखाही में हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। मामले में केस दर्ज कर बृहस्पतिवार देर रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर की सूचना पर मरवटिया पुल के पास ई रिक्शे पर लदे चोरी के सामान के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान मिश्रौलिया निवासी संजय बाजपेयी के रूप में हुई। थानाध्यक्ष कटरा गणनाथ प्रसाद ने बताया कि संजय के विरुद्ध पहले से ही आठ मामले दर्ज हैं। उसे न्यायालय में पेश किया गया। (संवाद)

# आरोपियों को देना होगा जुर्माना

**श्रावस्ती।** कोतवाली पुलिस भिनगा ने 29 वर्ष पूर्व मल्हीपुर के लक्ष्मनपुर गंगापुर निवासी गोली उर्फ मझले को चाकू के साथ गिरफ्तार किया था। विचारण के बाद शुक्रवार को एसीजेएम ने आरोपी को दोषी मानते हुए जेल में बिताई अवधि की कैद व 500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। वहीं सोनवा पुलिस ने उत्तमापुर नवासी बंसराज को 29 साल पूर्व पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया था। उसे शुक्रवार को एसीजेएम ने दोषी मानते हुए जेल में बिताई अवधि की कैद व 500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। (संवाद)

# वांछित गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा के किशुनपुर चोरवा भारी के मजरा भलुहिया निवासी सुखराज यादव पर किशोरी के अपहरण का मामला दर्ज कराया गया था। उसे शुक्रवार को निरीक्षक लाल साहब सिंह ने धर्मपुर चौराहे से गिरफ्तार कर लिया और न्यायालय में पेश किया। (संवाद)

# शस्त्र अधिनियम में एक पर जुर्माना

**श्रावस्ती।** पुलिस ने गिलौला थाना क्षेत्र में मोहरना निवासी राजेंद्र को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले का निस्तारण करते हुए सिविल जज प्रवर खंड विश्वजीत सिंह ने आरोपी को जेल में बिताई अवधि की कैद व एक हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। (संवाद)

# शांतिभंग की आशंका में आठ गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने बृहस्पतिवार रात अभियान चलाकर आठ लोगों को गिरफ्तार किया। बाद में सभी के विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया। (संवाद)